खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 31° C
न्यूनतम : 25° C

हल्द्वानी, सोमवार 21 जुलाई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 330 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 25 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



रोजगार मेले में उमड़ी भीड़ पर राहुल गांधी का सरकार पर हमला पेज 2



शुभमन गिल के निशाने पर 19 साल पुराना रिकॉर्ड खेल टाइम्स



संसद में प्राइवेट मेंबर बिल: गंभीरता की गिरती रेखा व लोकतंत्र की अनदेखी सम्पादकीय



20 साल से सऊदी के 'सोते हुए राजकुमार' का निधन पेज 12

## डॉन फिल्म के निर्देशक चंद्रा बारोट का निधन



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन अभिनीत सुपरहिट फिल्म डॉन के निर्देशक चंद्रा बारोट का रविवार को निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। चंद्रा बारोट कई सालों से अपने फेफड़ों का इलाज करा रहे थे। वह मुंबई के बांद्रा स्थित एक अस्पताल में भर्ती थे, जहां रविवार को उन्होंने आखिरी सांस ली। चंद्रा बारोट को वर्ष 1978 में प्रदर्शित अमिताभ बच्चन की सुपरहिट फिल्म 'डॉन' का निर्देशन करने के लिए जाना जाता है। चंद्रा बारोट का जन्म और पालन-पोषण तंजानिया में हुआ था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक बैंक में नौकरी से की थी, लेकिन उनका दिल फिल्मों की ओर चला गया, जिसके बाद वे भारत आकर फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ गए।

## राजस्थान के नागौर में सड़क पर मछलियां तैरीं, काशी में बाढ़

**नई दिल्ली।** राजस्थान में हो रही भारी बारिश आफत बन गई है। नागौर में तालाब भर गए हैं और पानी बाहर आ गया है, सड़क पर सैकड़ों मछलियां तैर रही हैं। वहीं, पिछले 24 घंटों में बारिश के कारण अलग-अलग हादसों में 7 लोगों की मौत हो गई। यूपी में लगातार बारिश से गंगा, यमुना और मंदाकिनी जैसी नदियां उफान पर हैं। काशी में 84 घाट डूबने के बाद अब गंगा का पानी अस्सी घाट की सड़क तक पहुंच गया है। गंगा के साथ वरुणा नदी में बाढ़ आ गई है। उधर बिहार की कई नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। पटना में गंगा नदी उफान पर है। पटना डीएम ने जिले के 78 स्कूलों को 21 जुलाई तक बंद रखने का आदेश दिया है।

## विदेशी मीडिया के झूठे कवरेज पर बरसे उड्डयन मंत्री

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में बीते 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे को लेकर एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर चर्चा जारी है। इसी बीच केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने रविवार को एयर इंडिया 171 विमान हादसे को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि एएआईबी पूरी जिम्मेदारी से और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत जांच कर रही है। मंत्री नायडू ने एएआईबी रिपोर्ट को लेकर विदेशी मीडिया के दावों पर भी निशाना साधा। उन्होंने खासकर पश्चिमी मीडिया को आगाह किया कि वे अफवाहें फैलाने और बिना पुष्टि वाली खबरें छापने से बचें। नायडू ने कहा कि हमें एएआईबी पर पूरा भरोसा है। उन्होंने ब्लैक बॉक्स को भारत में ही डिकोड कर एक बेहतरीन काम किया है। जब तक अंतिम रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक कोई भी निष्कर्ष निकालना सही नहीं है।

# फ्लाइट की जल्दबाजी में पत्नी को भूले शिवराज सिंह

जूनागढ़, वार्ता



■ काफिले के साथ जूनागढ़ से राजकोट निकले, एक किमी के बाद वापस लौटे फिर साथ गए केंद्रीय मंत्री

**केंद्रीय कृषि मंत्री** शिवराज सिंह चौहान जूनागढ़ में एक दिलचस्प जल्दबाजी कर बैठे। वे पत्नी साधना सिंह को छोड़कर 22 गाड़ियों के काफिले के साथ जूनागढ़ से राजकोट की ओर रवाना हो गए।

एक किलोमीटर दूर पहुंचे ही थे कि ख्याल आया पत्नी तो साथ में हैं ही नहीं। इसके बाद काफिला तुरंत यू-टर्न लेकर मूंगफली शोध केंद्र लौटा, जहां साधना सिंह वेटिंग रूम में बैठी थीं। दरअसल, शिवराज पत्नी के साथ गुजरात के धार्मिक व सरकारी दौरे पर थे। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग और गिर के सिंहदर्शन के बाद मूंगफली शोध केंद्र में किसानों व 'लखपति दीदी' योजना से जुड़ी महिलाओं से संवाद कार्यक्रम था। उन्हें रात 8 बजे राजकोट से फ्लाइट पकड़नी थी और रास्ता खराब होने के कारण वे हड़बड़ी में थे। कार्यक्रम के मंच पर बार-बार घड़ी देखते रहे। खुद माइक से कहा कि राजकोट का रास्ता खराब है, अगली बार फुर्सत से आऊंगा। उन्होंने भाषण छोटा किया और तेजी से काफिले के साथ निकल गए। उधर, साधना गिरनार दर्शन के बाद लौट चुकी थीं और प्रतीक्षालय में बैठी थीं। शिवराज को ख्याल आया कि पत्नी, तो साथ में हैं नहीं। फिर फोन पर संपर्क साधा। इसके बाद काफिले संग लौटे और पत्नी को लेकर राजकोट निकले। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्नी साधना सिंह के साथ सासन-देवलिया सफारी पार्क घूमा था। उन्होंने कहा था कि सासन में हमने प्रकृति के राज को देखा। गिर की प्राकृतिक सुंदरता वाकई अद्भुत है। उन्होंने कहा था कि सफारी की पूरी अवधारणा और योजना अद्भुत है। यह सफारी अनुभव के अलग-अलग रंग प्रदान करती है।

# थरूर के तीखे बोल: पहली वफादारी देश के लिए

■ कहा: दूसरे दलों के साथ मिलकर काम करना चाहिए, इसे गद्दारी समझ लिया जाता है

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने कहा कि किसी भी नेता की पहली वफादारी देश के प्रति होनी चाहिए, पार्टी के प्रति नहीं।

थरूर कोच्चि में शांति, सद्भाव और राष्ट्रीय विकास पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। पार्टियां सिर्फ एक रास्ता हैं, देश को बेहतर बनाने का जरिया हैं। अगर देश ही नहीं बचेगा, तो पार्टियों का क्या फायदा? इसलिए जब देश की सुरक्षा का सवाल हो, तब सभी दलों को मिलकर काम करना चाहिए। जब हम कहते हैं कि देश के लिए दूसरे दलों से मिलकर काम करना चाहिए, तो कुछ लोग इसे पार्टी से गद्दारी समझ लेते हैं। राजनीति में मुश्किल वक्त में सभी को एकजुट होना चाहिए।

### प्रधानमंत्री से अपना नैतिक कर्तव्य निभाने की उम्मीद जताई

# विपक्ष एकसुर: पहलगाम और ट्रम्प की हकीकत बताएं मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सर्वदलीय बैठक के दौरान विपक्षी दलों के नेताओं ने एक स्वर में उठाई मांग, एकजुट हुआ विपक्ष



**नई दिल्ली।** सरकार की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों के नेताओं ने रविवार को एक स्वर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ऑपरेशन सिंदूर पर संसद से देश को संबोधित करना चाहिए और बिहार में मतदाता सूची तथा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आरोपों पर जवाब देना चाहिए।

सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि इस सत्र में हम पहलगाम पर बात करेंगे। सीमा पर संघर्ष, प्रत्येक नागरिक के मतदान के अधिकार और बिहार में मतदाता पुनरीक्षण से संबंधित मुद्दे पर प्रधानमंत्री को संसद से राष्ट्र को संबोधित करना चाहिए। उम्मीद है प्रधानमंत्री अपना नैतिक कर्तव्य निभाएंगे। समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने कहा कि उन्होंने बैठक में पहलगाम आतंकी हमला और इसमें खुफिया विफलता, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के सैन्य कारवाई रोकने वाले बयान के साथ ही पांच जेट गिराए जाने संबंधी बयान, देश की विदेश नीति की विफलता का मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि विदेश नीति की विफलता के कारण ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया के किसी देश ने हमारा साथ नहीं दिया। अन्नाद्रमुक के एम. थंबीदुरई ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में लगभग सभी दलों के नेताओं ने -शेष पृष्ठ दो पर

## संसद सुचारू रूप से चलाना सबकी जिम्मेदारी: रिजिजू



**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि संसद को सुचारू रूप से चलाना राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है और वैविचारिक विविधता के बावजूद सभी दलों को इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले सरकार की तरफ से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि सर्वदलीय बैठक में आज विभिन्न दलों के 54 सदस्यों ने भाग लिया। यह बैठक बहुत सकारात्मक रही और सदस्यों ने सकारात्मक रूप से ही अपने विचार प्रस्तुत किए। सभी दलों के नेताओं ने सुझाव दिए और सरकार ने उन सभी की सुझाव को नोट कर लिया है।

# कांवड़ यात्रा में उपद्रव करने वालों के लगेंगे पोस्टर: योगी

### उप्र के मुख्यमंत्री ने की कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुख्यमंत्री ने लोगों को भी कराया उनकी जिम्मेदारी का अहसास

**लखनऊ।** कांवड़ यात्रा में तोड़फोड़ और उपद्रव करने वालों के योगी सरकार ने पोस्टर चस्पा करने की चेतावनी दी है और यात्रा सम्पन्न होने के बाद उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। ये बातें खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा के बाद हुई प्रेस ब्रीफिंग में कही।

सीएम योगी इन घटनाओं को लेकर बेहद सख्त नजर आए और कहा कि सभी घटनाओं के सीसीटीवी हैं, जिन्होंने भी कांवड़ यात्रा को बदनाम करने का प्रयास किया है, जो भी उपद्रवियों के भेष में छिपे हैं वो सब बेनकाब होंगे। मुख्यमंत्री योगी ने आगाह करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा में उत्साह और उमंग है। श्रद्धा और भक्ति है। वहीं इस उत्साह और श्रद्धा को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। सोशल मीडिया के साथ अन्य माध्यमों से इस धार्मिक यात्रा को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे लोगों को अपने बीच में न घुसने दें। कांवड़ को खंडित करने और श्रद्धा से जो खिलवाड़ करता है। खुद कानून हाथ में न लें बल्कि उनके बारे में प्रशासन को सूचना दें। मुख्यमंत्री योगी ने कांवड़ यात्रा के दौरान जहां कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की। वहीं लोगों को उनकी जिम्मेदारी का भी अहसास कराया। सीएम योगी ने कहा कि शिव लोकमंगल के देवता हैं। वो आदिदेव महादेव हैं। पुलिस प्रशासन ने तो बेहतर व्यवस्थाएं की हैं, लेकिन हमें भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। हमें दूसरों की परेशानी समझनी होगी। सफाई कर्मचारी तो अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, लेकिन हमें भी अपना दायित्व समझना होगा।

## जांच एजेंसियों के वकीलों को तलब करने पर SC ने लिया स्वतः संज्ञान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों के वकीलों को तलब करने के मामले का स्वतः संज्ञान लिया है।

शीर्ष अदालत इस मामले में सोमवार को सुनवाई करेगी। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ करेगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में वरिष्ठ वकील अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किया था। इसे लेकर ईडी ने कहा कि उसने अपने जांच अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने मुवक्किलों के खिलाफ चल रही जांच में किसी भी वकील को समन जारी न करें।

## विधेयक मंजूरी मामले में संविधान पीठ कल करेगी विचार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ 22 जुलाई को राष्ट्रपति के संदर्भ पर विचार करेगी कि क्या राज्य विधानसभाओं से पारित विधेयकों पर विचार करते वक्त राष्ट्रपति की ओर से विवेकाधिकार का प्रयोग करने के लिए न्यायिक आदेशों से समय-सीमाएं निर्धारित की जा सकती हैं।

## सिर्फ आर्य समाज मंदिर का प्रमाणपत्र विवाह का वैध सबूत नहीं: इलाहाबाद हाईकोर्ट

■ कहा: महज स्टांप पेपर पर पति-पत्नी के बीच तलाक नहीं हो सकता

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक महिला के अनुकंपा नियुक्ति के मामले में दिए अहम फैसले में कहा कि सिर्फ आर्य समाज मंदिर का प्रमाणपत्र विवाह का वैध सबूत नहीं माना जाएगा।

अदालत ने यह भी कहा कि महज स्टांप पेपर पर पति-पत्नी के बीच तलाक नहीं हो सकता है। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने महिला की अनुकंपा नियुक्ति पाने की याचिका खारिज कर दी। न्यायाधीश मनीष माथुर की एकल पीठ ने यह फैसला महिला की याचिका पर दिया। महिला ने अपने कथित पति की मृत्यु के बाद उसकी जगह खुद को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का दावा किया था, जिसे कृषि विभाग ने बीते 5 अप्रैल को खारिज कर दिया था। दावे को खारिज करने के इसी आदेश को महिला ने याचिका में चुनौती दी थी।

## एनआईए अदालत ने शमील की जमानत याचिका खारिज की

**मुंबई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की यहां की एक विशेष अदालत ने प्रतिबंधित संगठन सिमी के कार्यकर्ता साकिब नाचन के पुत्र और आतंकवाद के आरोपी शमील नाचन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। शमील ने अपने पिता की मृत्यु के बाद विभिन्न क्रियाकलापों के लिए अदालत से अनुमति मांगी थी। उसके पिता की हाल ही में दिल्ली की तिहाड़ जेल में मृत्यु हो गई थी। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि नमाज कहीं से भी अदा की जा सकती है और कब्रिस्तान में व्यक्तिगत उपस्थिति आवश्यक नहीं है। शमील ने अपने पिता की मौत के बाद विभिन्न क्रियाकलापों के लिए 20 दिनों की अंतरिम जमानत दिए जाने का आग्रह किया था। शमील के वकीलों, मोबिन सोलकर और ताहिरा कुरैशी ने तर्क दिया था कि मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार, कुरान ख्वानी की व्यवस्था की जानी चाहिए। मृत्यु के बाद 20 दिनों की अवधि के दौरान, नमाज अदा करने के लिए कब्रिस्तान में दिन में दो बार जाना होता है।

# नैनीताल से विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम जुड़ेगा रोपवे से

अफज़ल हुसैन 'फौजी'







■ अब 20 मिनट में होंगे बाबा के दर्शन, जाम से मिलेगी मुक्ति
■ जिला पर्यटन विभाग ने तैयार किया प्रस्ताव
■ श्रद्धालुओं-पर्यटकों को मिलेगी बड़ी राहत

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों और बाबा नीम करौली महाराज के अनन्य भक्तों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है।

नैनीताल से विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम तक की यात्रा अब न केवल बेहद सुगम होगी, बल्कि समय भी कम लगेगा। दरअसल, जिला पर्यटन विभाग ने नैनीताल के स्नो व्यू से कैंची धाम तक एक अत्याधुनिक रोपवे (केबल कार) परियोजना का विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भेज दिया है। इस पहल से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भीषण जाम और लंबी दूरी की थकावट से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। फिलहाल, नैनीताल से कैंची धाम तक सड़क मार्ग से करीब 17 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। गर्मियों की छुट्टियों, पीक पर्यटन सीजन और विशेषकर हर वर्ष आयोजित होने वाले कैंची धाम मेले के दौरान इस मार्ग पर अक्सर घंटों का भीषण जाम लग जाता है, जिससे यात्रा बेहद असहज और थका देने वाली हो जाती है।

### स्नो व्यू से सीधे कैंची धाम तक उड़ान

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस रोपवे की मांग लंबे समय से की जा रही थी, खासकर स्थानीय होटल व्यवसायियों और पर्यटन कारोबारियों की ओर से। यह रोपवे नैनीताल के प्रसिद्ध स्नो व्यू प्वॉइंट से शुरू होकर सीधे कैंची धाम तक पहुंचेगा। उन्होंने आगे बताया कि सड़क मार्ग से यह दूरी 17 किमी है, जबकि रोपवे से यह महज 5-6 किलोमीटर रह जाएगी, जिसे लगभग 20 मिनट में तय किया जा -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीनिवासन व सुदर्शन वेणु से मिलकर खुशी हुई: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि टीवीएस मोटर कंपनी के श्री वेणु श्रीनिवासन और श्री सुदर्शन वेणु से मिलकर उन्हें अपार खुशी हुई। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर आज एक पोस्ट में कहा कि मैं कच्छ की सुंदरता को दर्शाने और मोटरसाइकिल सवारों को वहां जाने के लिए प्रोत्साहित करने के उनके प्रयास की सराहना करता हूं। दरअसल टीवीएस मोटर कंपनी के अध्यक्ष वेणु श्रीनिवासन और उनके पुत्र सुदर्शन वेणु ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री 'रण उत्सव 2025' कॉफी टेबल बुक भेंट की।

### जनता ने 2017 में ही बूथ का भूत उतारा

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता एसएन सिंह ने रविवार को यहां समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव का बिना नाम लिए कहा कि प्रदेश की जनता ने 2017 में ही बूथ का भूत उतार दिया था और बची कसर 2027 जनता पूरी कर देगी। सिंह ने रविवार को यहां कहा कि सनातन को गाली, धर्मान्तरण और जेहाद का समर्थन के कारण ही उत्तर प्रदेश की जनता ने कई लोगों का बूथ का भूत उतार दिया है और बची खुची कसर जनता 2027 के विधान सभा चुनाव मे पूरा कर देगी। उन्होंने सपा मुखिया का नाम लिए बिना कहा कि इसलिए भूत की चिंता छोड़ दीजिए और इस बात की चिंता करिए कि यह देश रघुपति राघव राजा राम को मानते वाला है। ऐसी विचार धारा वाले देश में सनातन और हिन्दू संतों के खिलाफ जहर उगलने वाले लोगों को देश की जनता जवाब देना जानती है।

# यूपीपीसीबी को क्षतिपूर्ति वसूलने का अधिकार नहीं: हाईकोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा है कि औद्योगिक इकाइयों पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) को पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाने का कोई अधिकार नहीं है।

न्यायालय ने कहा कि यह क्षतिपूर्ति अधिरोपित करने की शक्ति सिर्फ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने यूपीपीसीबी द्वारा औद्योगिक इकाइयों पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाने के आदेशों को रद्द करके याचिकाएं मंजूर कर लीं। प्रदेश के आद्योगिक इकाइयों ने पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाने के आदेशों को चुनौती दी थी। न्यायाधीश एआर मसूदी और न्यायाधीश सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यह फैसला 177 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करके दिया है। यह सभी याचिकाएं प्रदेश की अलग-अलग औद्योगिक इकाइयों की ओर से दाखिल की गई थीं। याचिकाओं में पर्यावरण को हानि पहुंचाने के आरोप में इन औद्योगिक इकाइयों पर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लगाई गई क्षतिपूर्ति के आदेश को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने फैसले में कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल अधिनियम के तहत सिर्फ ट्रिब्यूनल को ही पर्यावरण क्षतिपूर्ति लगाने करने की शक्ति है। वहीं न्यायालय ने यह भी कहा कि जल प्रदूषण के सम्बंध में राज्य सरकार भी कानून बना सकती है, लेकिन प्रदेश में ऐसा कोई विधान लागू नहीं किया गया है। जबकि असम, बिहार, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान त्रिपुरा व पश्चिम बंगाल राज्यों में जल प्रदूषण को लेकर कानून बने हुए हैं।

# एएमयू में तिलक लगाकर ऑफिस आने पर आपत्ति

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में एक बार फिर धार्मिक भेदभाव का मामला सामने आया है। जेएन मेडिकल कॉलेज में कार्यरत कर्मचारी नेता पंडित आशीष शर्मा ने असिस्टेंट फाइनेंस ऑफिसर समीर मुर्सिल खान पर तिलक लगाने को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। आशीष शर्मा ने फाइनेंस ऑफिसर को तत्काल निलंबित करने की मांग की है और चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। पंडित आशीष शर्मा पिछले सात वर्षों से एएमयू में कार्यरत हैं। इनका आरोप है कि फाइनेंस ऑफिसर समीर मुर्सिल खान द्वारा तिलक लगाने पर लगातार कमेंट किए जा रहे हैं। आशीष शर्मा ने बताया कि वे कहते हैं तुम तो नेता हो, काम कौन करेगा? तिलक लगाकर ऑफिस क्यों आते हो? यह मेरे आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने दावा किया कि धार्मिक प्रतीकों को लेकर उन्हें निशाना बनाया जा रहा है, साथ ही वेतनवृद्धि और पदोन्नति में भी भेदभाव हो रहा है। शर्मा ने कहा कि उनके विभाग में बाहरी व्यापारियों से मिलने पर पाबंदी लगा दी गई।

# आगरा धर्मांतरण केस: मुक्त हुई सगी बहनों के पिता ने खोले चौंकाने वाले राज

आगरा, वार्ता

धर्मांतरण गिरोह से मुक्त हुई सगी बहनों के पिता रविवार को मीडिया के सामने आए। उन्होंने कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और यूपी पुलिस का धन्यवाद जताया। साथ ही धर्मांतरण गैंग के तरीकों पर भी चौंकाने वाले खुलासे किए।

पिता ने बताया कि मामले की शुरुआत वर्ष 2021 से हुई। बड़ी बेटी पीएचडी की कोचिंग ले रही थी। वहां उसके साथ जम्मू-कश्मीर की युवतियां भी पढ़ने आती थीं। इनमें से एक युवती ने बेटी को धर्मांतरण के लिए प्रेरित किया। उस युवती ने बेटी की मां से भी फोन पर बात की। पिता ने बताया कि इस दौरान युवती की मंशा थी कि ब्रेनवॉश कर पूरे परिवार का ही धर्मांतरण करा दिया जाए। पिता

**■ ब्रेन वॉश कर शुरू करते हैं धर्मांतरण की कोशिश**

ने बताया कि धर्मांतरण गिरोह के लोग टारगेट चुनते हैं। इसके बाद इंतजार करते हैं। नाबालिग की जगह बालिग को निशाने पर रखते हैं। इसके लिए गैंग को एक-दो साल का इंतजार करना पड़े तो करते हैं। जैसे ही 18 वर्ष की उम्र पूरी करते हैं, उस टारगेट पर गिरोह के सदस्य काम करना शुरू कर देते हैं। ब्रेन वॉश कर धर्मांतरण की कोशिश शुरू कर देते हैं। पिता ने कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने समय रहते बेटियों को मुक्त कराने के लिए यूपी पुलिस की भी प्रशंसा की। पुलिस के अनुसार सदर बाजार स्थित पंजाबी परिवार की बड़ी बेटी एमफिल पास है। वर्ष 2020 में उसकी पहचान जम्मू-कश्मीर के उधमपुर निवासी साइमा उर्फ खुशबू से हुई थी। दोनों में दोस्ती हो गई। साइमा आगरा के लाइफ साइंस से पढ़ाई कर रही थी। वर्ष 2021 में साइमा अपने साथ बड़ी बहन को जम्मू कश्मीर ले गई थी। अचानक लैंड स्लाइड हो गया था। उनकी गाड़ी फंस गई। किसी तरह उन्हें निकाला गया। तब साइमा ने खुद को रिटायर इंस्पेक्टर की बेटी बताया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस की सूचना पर परिजन बेटी को वापस लेकर आए थे। बेटी के घर पहुंचने पर परिवार के लोगों को पता चला कि वह पूजा-पाठ करने से इन्कार कर रही है। वह इस्लाम को मानने लगी थी। वह कई लोगों से फोन पर बातचीत किया करती थी। डाक से उसके पास इस्लाम से संबंधित किताबें आया करती थीं।

## पहलगाम से लेकर एसआईआर तक पीएम से मांगेंगे जवाब: गोगोई

# संसद में पीएम मोदी को घेरेगी कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



मानसून सत्र शुरू होने से पहले विपक्षी नेताओं ने बताया कि वह किन मुद्दों को उठाकर सदन में सरकार को घेरेंगे। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सरकार का मुखिया होने के नाते पीएम सदन में उठे सभी सवालों के जवाब देंगे। लोकसभा का मानसूत्र सत्र सोमवार को शुरू होने जा रहा है। इसी को लेकर विपक्षी दल के सभी नेताओं ने सदन में उठाए जाने वाले सवालों की लिस्ट बना ली है।

सर्वदलीय बैठक से पहले कई नेताओं ने मीडिया के सामने उनके द्वारा उठाए जाने वाले सवालों पर चर्चा की। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने मीडिया से कहा

**■ आज से संसद का मानसून सत्र, सर्वदलीय बैठक में बोली कांग्रेस**

कि पिछले कुछ महीनों के महत्वपूर्ण और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के बाद संसद का सत्र शुरू हो रहा है। हमें उम्मीद है कि पीएम मोदी सदन में जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि जैसा कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने बताया कि पहलगाम हमला सुरक्षा चूक थी, तो सरकार को अपनी चूक पर बात रखनी होगी। गोगोई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के समय हमने अपनी सेना को समर्थन दिया, यह जरूरी है कि संसद में हम सेना के साथ एकजुट रहें।

गोगोई ने कहा जो बयान अमेरिका के राष्ट्रपति की ओर बार-बार आ रहे हैं कि भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर उन्होंने करवाया, वह भारत की गरिमा और सेना के शौर्य पर सवाल उठाता है। चुनाव आयोग को घेरते हुए उन्होंने कहा कि वोट देने का अधिकार हर नागरिक होता है, आज चुनाव आयोग राजनीतिक दलों से ठीक से बात करने में भी हिचकिचा रहे हैं। चुनाव आयोग की तरफ से किसी भी पार्टी को कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया रहा है।

### रोजगार मेले में उमड़ी भीड़ पर राहुल का सरकार पर हमला



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार में एक रोजगार मेले में उमड़ी बेरोजगार युवकों की भारी भीड़ को लेकर राजग सरकार पर हमला करते हुए कहा कि बिहार के युवा अब लच्छेदार बातों की फेर में आने वाले नहीं है, बल्कि उन्हें रोजगार की गारंटी चाहिए और यह काम कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन ही कर सकता है। गांधी ने कहा कि बेरोजगार युवकों यह भीड़ बताती है कि बिहार के काबिल युवाओं के लिए सरकार रोजगार मुहैया नहीं कराई पा रही है। बिहार का युवा भाषण नहीं रोजगार चाहता है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार उन्हें रोजगार देने में विफल रही है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि महारोज़गार मेला में उमड़ा यह जनसैलाब सिर्फ़ एक भीड़ नहीं, एक संदेश है कि बिहार का युवा अब भाषणों पर नहीं, रोज़गार से अपना भविष्य चाहता है। भाजपा और नीतीश सरकार ने बिहार को जिस तरह बेरोज़गारी की आग में झोंका, वहां से लाखों युवाओं को रोज़ी-रोटी के लिए पलायन करना पड़ता है।

# एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ छेड़ना होगा युद्ध

## जम्मू-कश्मीर के एलजी ने किया आह्वान

श्रीनगर, वार्ता



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि एकजुट होकर आतंकवाद, उसके पारिस्थितिकी तंत्र और नशे की लत के खिलाफ युद्ध छेड़ना होगा।

सिन्हा ने कहा कि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करना तथा युवाओं को कट्टरपंथी बनाने, हथियारों की आपूर्ति करने, धन उपलब्ध कराने और आतंकवादियों की सहायता करने के लिए जिम्मेदार पूरे नेटवर्क को नष्ट करना उनका दृढ़ संकल्प है। वह श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा आयोजित 'पेडल थ्रू पैराडाइज' साइकिल रेस-2025 के सम्मान समारोह में शामिल होने के दौरान एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उपराज्यपाल ने विजेताओं को सम्मानित किया तथा प्रतिभागियों के उत्साह तथा एकता की भावना की सराहना की। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से 5500 से अधिक साइकिल चालकों ने हिस्सा लिया। सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में शांति एवं प्रगति सुनिश्चित करने में जम्मू-कश्मीर के बहादुर पुलिस कर्मियों के बलिदान, समर्पण और वीरता को सलाम किया।

## अर्थ व्यापार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81757.73 |
| निफ्टी | 2496840 |
| सोना रु. 98243 | प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) |
| चांदी रु. 112700 | प्रति किलो |

# वैश्विक कारकों से तय होगी बाजार की चाल

मुंबई, वार्ता



लगातार तीन सप्ताह की गिरावट के बाद अगले सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने में घरेलू स्तर पर कंपनियों के तिमाही परिणाम और वैश्विक स्तर पर अमेरिका में स्टेबलकॉइन को लेकर बने नए कानून की अहम भूमिका होगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को गाइडिंग एंड इस्टेब्लिशिंग नेशनल इनोवेशन फॉर यू.एस. स्टेबलकॉइन्स' (जीनियस) एक्ट पर हस्ताक्षर कर दिए जिसका असर सोमवार को बाजार खुलते ही दिखेगा। खासकर स्टेबलकॉइन जारी करने वालों के लिए शत-प्रतिशत रिजर्व रखने के प्रावधान से डॉलर और अल्पावधि अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड की मांग बढ़ेगी और ये मजबूत होंगे। इससे विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल सकते हैं।

अमेरिका द्वारा नए टैरिफ को लेकर अंतिम समझौते से पहले निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं और उनका यह रुख आगे भी जारी रहने की संभावना है। सप्ताह के दौरान 21 जुलाई को इटरनल, 23 जुलाई को इंफोसिस और 25 जुलाई को बजाज फाइनेंशियल सर्विसेज के परिणाम जारी होने हैं। आईडीबीआई, यूको बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और कोटक महिंद्रा बैंक समेत कई बैंकों के परिणाम भी सप्ताह के दौरान जारी होने हैं। निवेशकों की नजर सोमवार को जारी होने वाले आठ प्रमुख उद्योगों के आंकड़ों पर भी रहेगी। बीते सप्ताह प्रमुख सूचकांकों में जहां लगातार तीसरी साप्ताहिक गिरावट रही, वहीं मझौली और छोटी कंपनियों के निवेशक लाभ में रहे। बीएसई का संसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 मंगलवार और बुधवार को छोड़कर शेष तीन दिन लाल निशान में बंद हुआ। संसेक्स 0.90 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट के साथ शुक्रवार को 81,757.73 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 0.72 प्रतिशत लुढ़ककर 24,968.40 अंक पर आ गया। यह दोनों का एक महीने का निचला स्तर है। निफ्टी.100 में 0.53 फीसदी की गिरावट रही। दूसरी तरफ, मिडकैप और स्मॉलकैप में साप्ताहिक तेजी रही। निफ्टी मिडकैप.50 में 0.99 प्रतिशत का उछाल देखा गया और यह शुक्रवार को 16,645.40 अंक पर रहा। निफ्टी स्मॉलकैप.100 भी 1.04 प्रतिशत की बढ़त में 18,959.65 अंक पर बंद हुआ।

### विदेशी संस्थागत निवेशकों ने किया 5,939 करोड़ रुपये का निवेश

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों ने जुलाई में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में 69.6 करोड़ डॉलर (5,939 करोड़ रुपए) का शुद्ध निवेश किया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार महीने के दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शेयरों में बिकवाली कर डेट खरीदे। इक्विटी में उन्होंने 64.3 करोड़ डॉलर की बिकवाली की जबकि 134.4 करोड़ डॉलर के डेट की लिवाली की। इसके अलावा म्यूचुअल फंड में उन्होंने 4.6 करोड़ डॉलर लगाए जबकि हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट से पांच करोड़ डॉलर निकाले। इस महीने की शुरुआत में निवेशकों का रुख सकारात्मक था, हालांकि बाद में वे बिकवाल हो गए, खासकर पिछले सप्ताह। इससे पहले जून में एफपीआई निवेशक बिकवाल रहे थे। उन्होंने शुद्ध रूप से बाजार से 90.4 करोड़ डॉलर निकाले थे। पूरे कैलेंडर वर्ष के दौरान उन्होंने भारतीय पूंजी बाजार से 682.2 करोड़ डॉलर की शुद्ध निकासी की है।

# सोनभद्र के जंगल में यूरेनियम का भंडार?

**सोनभद्र।** भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग ने उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जनपद में यूरेनियम खनिज की खोज शुरू कर दी है। म्योरपुर ब्लॉक के पूर्वी देव हार इलाके के घने चितपहरी जंगल में विभाग की एक टीम द्वारा गुपचुप तरीके से 1100 फीट गहरी खुदाई की जा रही है।

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस खुदाई का उद्देश्य क्षेत्र में यूरेनियम की उपलब्धता की जांच करना है। भारत सरकार के अंतर्गत कार्यरत परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय की वैज्ञानिक टीम काफी समय से सोनभद्र के इस क्षेत्र में भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण कर रही थी। भू-गर्भीय संकेतों और रॉक सैंपल के परीक्षण में संभावनाएं मिलने के बाद यहां खुदाई का कार्य शुरू किया गया है। चितपहरी गांव के जंगलों में की

**■ परमाणु ऊर्जा विभाग की टीम ने शुरू की खुदाई**

जा रही यह खुदाई पूरी तरह वैज्ञानिक प्रक्रिया के तहत की जा रही है। टीम के पास अत्याधुनिक ड्रिलिंग मशीनें और संसर लगे यंत्र हैं, जिनकी सहायता से गहराई में मौजूद खनिज तत्वों की पहचान की जा रही है। खुदाई के शुरुआती स्तर पर वैज्ञानिकों को कुछ रेडियोधर्मी तत्वों के संकेत मिले हैं, लेकिन फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं की गई है कि वह शुद्ध यूरेनियम है या उससे जुड़ा कोई अन्य खनिज है। चूंकि खुदाई वन क्षेत्र के अंदर हो रही है, इसलिए वन्यजीवों और पर्यावरण पर असर को लेकर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। खुदाई स्थल के चारों ओर बैरिकेडिंग कर दी गई है और आम लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है।

### क्या है यूरेनियम और इसका महत्व?

यूरेनियम एक अत्यधिक महत्वपूर्ण रेडियोधर्मी खनिज है, जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से परमाणु ऊर्जा उत्पादन और सैन्य हथियारों में किया जाता है। भारत में यूरेनियम के सीमित भंडार हैं और इसकी खोज की प्रक्रिया लगातार जारी है। अगर सोनभद्र में इसकी पुष्टि होती है, तो यह न केवल राज्य बल्कि पूरे देश के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। सोनभद्र जिला पहले से ही अपनी खनिज संपदा के लिए प्रसिद्ध है। यहां बाक्साइट, मैग्नीज, आयरन, सिलिका आदि जैसे खनिज पहले से खनन किए जा रहे हैं। अगर यूरेनियम की पुष्टि होती है, तो यह इस जिले के खनन मानचित्र को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिला सकता है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**विपक्ष एकसुर..** कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सवालों का जवाब देने के लिए संसद से देश को संबोधित करना चाहिए। उनका कहना था कि सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची का मामला भी उठाया। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने कहा कि उन्हें कहीं अन्यत्र जाना था इसलिए और बैठक बीच में छोड़कर के आए, लेकिन उन्होंने बैठक में पार्टी की तरफ से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड के उन आरोपों पर सरकार का स्पष्टीकरण मांगा जिनमें पांच जेट विमानों को गिराने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि मैंने बिहार में मतदाता पर बुलडोज़र कार्रवाई और अहमदाबाद विमान दुर्घटना में हमारे पायलटों को दोषी ठहराए जाने का मुद्दा उठाया। बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा ने कहा कि ओडिशा में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है और राज्य की भाजपा सरकार असहाय और विफल नजर आ रही है। उनका कहना था कि संसद सत्र के दौरान पार्टी इस मुद्दे को मजबूती से उठाएगी। तेलुगु देशम पार्टी के लावु श्रीकृष्ण देवरायलु ने कहा कि संसद के 21 दिन के दौरान सभी दलों को संसद का कामकाज सुचारू रूप से चलाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए और संसद में कामकाजी घंटों का सही तरीके से उपयोग होना चाहिए।

**नैनीताल से...** सकेगा। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, इस रूट को भौगोलिक और पर्यावरणीय दोनों दृष्टियों से उपयुक्त पाया गया है। प्रशासन जल्द ही तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम के साथ विस्तृत भू-सर्वेक्षण और साइट निरीक्षण शुरू करेगा, ताकि प्रस्ताव को और अधिक मजबूती मिल सके। पर्यटन उद्योग को मिलेगी नई ऊर्जा- यह परियोजना न केवल श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए यात्रा को सुगम बनाएगी, बल्कि नैनीताल के समूचे पर्यटन उद्योग को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगी। होटल, टैक्सी, खानपान, हस्तशिल्प और स्थानीय बाजारों से जुड़े व्यवसायों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने इस परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी पर्वतमाला योजना के तहत देशभर में रोपवे निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है और नैनीताल-कैंची धाम रोपवे इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

उन्होंने आगे कहा कि यह सरकार का एक अत्यंत सराहनीय निर्णय है, जो धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा और हर साल कैंची धाम में लगने वाले भीषण जाम से लाखों श्रद्धालुओं को मुक्ति दिलाएगा।प्रतिवर्ष देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा नीम करौली महाराज के पावन दर्शनों के लिए कैंची धाम पहुंचते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में विदेशी भक्त भी शामिल होते हैं। रोपवे उनके लिए न केवल एक सुविधाजनक माध्यम होगा, बल्कि यह उनके आध्यात्मिक अनुभव को भी और अधिक समृद्ध करेगा। स्थानीय लोगों, व्यापारियों और बाबा के भक्तों के बीच इस खबर को लेकर जबरदस्त उत्साह व्याप्त है। यदि यह परियोजना धरातल पर उतरती है, तो यह उत्तराखंड के धार्मिक पर्यटन के लिए एक ऐतिहासिक पहल साबित होगी। नैनीताल से कैंची धाम तक की यह रोपवे यात्रा निश्चित रूप से लोगों के लिए अध्यात्म और रोमांच का एक अविस्मरणीय संगम बन जाएगी।

# बनारस में बरेका ने 2500वें विद्युत रेल इंजन का किया निर्माण

बनारस, वार्ता

बनारस रेल इंजन कारखाने ने 2017 में दो विद्युत इंजन के निर्माण के साथ अपना सफर शुरू किया था और अब इसने 2500वें इंजन बनाने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। कंपनी तकनीकी उत्कृष्टता और नवाचार की रोज नई ऊंचाइयों को छू रही है।

बरेका ने अब तक 10,822 लोकोमोटिव बनाए हैं, जिनमें 7498 डीज़ल इंजन और 2500 विद्युत इंजन शामिल है। इनमें से 641 गैर-रेलवे ग्राहकों के लिए, 174 निर्यातित डीज़ल इंजन, 01 ड्यूल ट्रैक्शन इंजन, 08 कन्वर्जन इंजन शामिल हैं। बरेका ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य में योगदान देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 472 इलेक्ट्रिक लोको का निर्माण किया है। यह बरेका की उत्पादन क्षमता, दृढ़ इच्छाशक्ति और तकनीकी सामर्थ्य को दर्शाता है। बरेका द्वारा निर्मित 2500वां विद्युत इंजन आधुनिक तकनीक से लैस डब्ल्यूएपी-7 श्रेणी का है, जिसमें 6000 एचपी क्षमता, वातानुकूलित कैब, रीजेनेरेटिव ब्रेकिंग और 140 किलोमीटर/घंटा की रफ्तार की क्षमता है। यह इंजन दक्षिण- पश्चिम रेलवे के कृष्णराजपुरम शेड को भेजा जा रहा है। बरेका के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने 2500 वें लोकोमोटिव का लोकार्पण मीडिया की टीम की मौजूदगी में किया। कार्यक्रम की शुरुआत 'हॉल ऑफ फेम' में एक विस्तृत प्रस्तुतिकरण से हुई, जिसमें बरेका के निर्माण इतिहास, निर्यात उपलब्धियों, स्वदेशीकरण, हरित ऊर्जा प्रयासों एवं तकनीकी नवाचारों को रेखांकित किया गया। इसके बाद रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने मीडिया टीम के साथ बरेका का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी परिषद् सदस्य और काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। शेष आठ इंजनों की आपूर्ति दिसंबर 2025 तक की जाएगी। बरेका मोज़ाम्बिक, तंजानिया, वियतनाम, म्यांमार, माली, अंगोला, बंगलादेश, श्रीलंका, मलेशिया, नेपाल और सूडान डीजल इंजन की आपूर्ति करता है। गौरतलब है कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद ने अप्रैल 1956 में इस कारखाने का शिलान्यास किया था।

**■ छह हजार एचपी क्षमता है, 140 किमी प्रति घंटा की रफ्तार**

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# उत्तराखंड में 1 लाख करोड़ की ग्राउंडिंग से पहाड़ों पर समृद्धि का सूर्योदय

**एम. फहीम 'तन्हा'**

**देहरादून।** उत्तराखंड के रुद्रपुर में 19 जुलाई को आयोजित श्उत्तराखंड निवेश उत्सवश राज्य के विकास की नई तस्वीर गढ़ने की दिशा में एक ऐतिहा. सिक कदम साबित हुआ है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य ने 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारकर यह सिद्ध कर दिया है कि उत्तराखंड अब सिर्फ एक पर्यटन प्रदेश ही नहीं, बल्कि एक प्रमुख औद्योगिक और निवेश गंतव्य के रूप में भी उभर रहा है।



यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि दिसंबर 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के साथ कुल 3.56 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित हुए थे। शनिवेश की ग्राउंडिंगश का अर्थ केवल एमओयू पर हस्ताक्षर करना नहीं, बल्कि उस निवेश को परियोजना स्थल पर लाकर निर्माण, रोजगार सृजन और उत्पादन तक पहुंचाना है। राज्य सरकार के अनुसार, इस 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश में से अधिकांश परियोजनाओं पर निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, कई को आवश्यक स्वीकृतियाँ मिल चुकी हैं, और कुछ में तो उत्पादन भी आरंभ हो गया है।

इस निवेश से राज्य में बहुआयामी विकास की संभावनाएं बढ़ी हैं। अनुमान है कि इससे लगभग 2 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह निवेश 20 से अधिक क्षेत्रों में हो रहा है, जिनमें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), बायोटेक, फार्मा, एग्रो-प्रोसेसिंग, ऊर्जा, पर्यटन और ऑटोमोबाइल प्रमुख हैं। विशेष रूप से, पर्वतीय क्षेत्रों में होमस्टे, इको-टूरिज्म और हर्बल फार्मिंग जैसे नए व्यवसायों को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे पलायन रोकने में भी मदद मिलेगी। राज्य को हरित ऊर्जा और पर्यावरण-संतुलित औद्योगिक नीति के तहत विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है।

राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में निवेश आकर्षित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इनमें सिंगल विंडो सिस्टम और ऑनलाइन अनुमतियों की प्रक्रिया से उद्योगपतियों को समयबद्ध सुविधा प्रदान की जा रही है। नई औद्योगिक नीति, पर्यटन नीति, स्टार्टअप नीति और ईवी नीति जैसी नीतियाँ लागू की गई हैं, जो निवेशकों को विशेष प्रोत्साहन देती हैं। राज्य की लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी में भी उल्लेखनीय सुधार किया गया है; ऑल वेदर रोड, रेलवे विस्तार और ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

## विशेषज्ञों की राय

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह निवेश पूरी तरह से स्थायी होकर धरातल पर उतरता है, तो अगले 5 वर्षों में उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था को 10-12 फीसदी तक की जीडीपी वृद्धि मिल सकती है। हालांकि, पर्यावरणीय संवेदनशीलता, भूमि अधिग्रहण और स्थानीय हितों के बीच संतुलन बनाना सरकार के लिए एक चुनौती होगी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार इस निवेश को स्थायित्व, पारदर्शिता और लो. कहित की कसौटी पर कितना खरा उतार पाती है।

# गंगोत्री हाईवे पर कांवड़ियों से भरा ट्रक पलटा, पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री गंगा जल आ रहे कांवड़ियों के साथ हादसा हो गया। ट्रक में सवार होकर करीब 13 कांवड़ यात्री ट्रक सड़क पर पलट गया। हादसा गंगोत्री हाईवे पर सोनगाड़ से करीब 50 मीटर आगे हुआ। ट्रक पलटने से उसमें सवार सभी 13 कांवड़ श्रद्धालुओं में से 5 कांवड़ियों को चोट आई है।

घटना रविवार की है गंगोत्री हाईवे पर सोनगाड़ष पर कांवड़िएयों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर लपट गया जिसमें चालक सहित 13 लोग बताए जा रहे जिनमे से 5 लोगो को अंदरूनी चोटे आई। घटना पर पुलिस, 108 एम्बुलेन्स के माध्यम से जिला अस्पताल उत्तरकाशी लाये जा रहे हैं अन्य लोग सुरक्षित हैं। हाई पर ट्रक पलटने से कुछ समय के लिये हाईवे बाधित रहा बाद में उक्त ट्रक को मार्ग से किनारा करवा कर यातायात सुचारू किया गया हैं। इधर आपदा प्रबंधन परिचालन केंद्र उत्तरकाशी से मिली जानकारी के मुताबिक वाहन हादसे में 5 लोग घायल हुए हैं सभी घायलों को 108 के मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।



### अपडेट उत्तरकाशी सड़क हादसा

**घायल कावड़ियों की सूची**

1- आशीष 19 वर्षीय पुरुष
2. जतिन 19 वर्ष पुरुष
3. धीरज 26 वर्ष पुरुष
4. जग्गनाथ 24 वर्ष पुरुष
5. साहिल 20 वर्ष पुरुष साहिल 20 वर्ष पुरुष

निवासी- दिल्ली।

# कैलाश यात्रा में घोड़े से गिरीं पूर्व मंत्री लेखी, घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** पूर्व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी कैलाश मानसरोवर यात्रा के दूसरे जत्थे के दौरान तिब्बत के दारचीन में घोड़े से गिरने के बाद गंभीर रूप से पीठ में चोट लगने से घायल हो गईं। उन्हें बचाकर भारत के गुंजी लाया गया है। यात्रा के दूसरे समूह का हिस्सा रहीं सुश्री लेखी तिब्बत में यात्रा के दौरान गिरीं, जिससे उनके लिए आगे बढ़ना असंभव हो गया। लिपुलेख दर्रे पर 7वीं बटालियन आईटीबीपी (भारत-तिब्बत सीमा पुलिस) के अधिकारियों और जवानों द्वारा उन्हें तत्काल बचाया गया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, षगुंजी और आसपास के इलाकों में लगातार बारिश और खराब दृश्यता के कारण हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका।वह इस समय गुंजी में आईटीबीपी के डॉक्टरों की देखरेख में हैं। आईटीबीपी डॉक्टरों के हवाले से प्रशासनिक सूत्रों ने बताया, षमीनाक्षी लेखी ठीक हैं और सोमवार को मौसम अनुकूल रहने पर सीधे दिल्ली के लिए उड़ान भरने की उम्मीद है।ष हालांकि, नाभिढांग से उन्हें देहरादून एयरलिफ्ट करने की प्रारंभिक योजना थी, सुश्री लेखी ने सीधे दिल्ली उड़ान भरने की प्राथमिकता व्यक्त की है। पिथौरागढ़ प्रशासन द्वारा उनकी दिल्ली की उड़ान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। किंतु, प्रतिकूल मौसम की स्थिति, जिसमें निरंतर वर्षा और खराब दृश्यता शामिल है, ने उनकी हेलीकॉप्टर से निकासी में देरी की है। अधिकारियों ने बताया कि आज मौसम साफ होने के कोई तत्काल संकेत नहीं हैं। आईटीबीपी टीम मौसम अनुकूल होने पर उनके सुरक्षित परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है।



# कई जिलों में अगले दो दिन के लिए भारी बारिश का अलर्ट

## मौसम विभाग के अलर्ट पर आपदा प्रबंधन विभाग ने जिलों को किया सतर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मौसम विभाग ने नैनीताल, चंपावत, ऊधम सिंह नगर और पौड़ी गढ़वाल, देहरादून जिलों में अगले 48-72 घंटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान भारी से बहुत भारी बारिश, भूस्खलन, जलभराव और सड़क बाधाओं की आशंका बनी हुई है। प्रशासन और ग्रामीण इलाकों के लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने का निर्देश दिया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने इन जिलों में 20ख्21 जुलाई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विशेषतौर पर नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिलों में तो रेड अलर्ट भी जारी कर दिया गया है, यानी यहाँ बहुत भारी बारिश की स्थिति बन सकती है।

अलर्ट वाले क्षेत्रों में भारी से अत्यंत भारी बारिश, तीव्र आकाशीय बिजली चमकने, भूस्खलन, मलबा गिरना, सड़क अवरुद्ध, नदियाँ उफान पर आने तथा 50घकिमी प्रति घंटा तक की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना बनी रहेगीं। मौसम विभाग के अनुसार जनपद नैनीताल, चम्पावत, ऊधमसिंह नगर में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। पौड़ी गढ़वाल में 20-21 जुलाई को भारी बारिश, अन्य पहाड़ी जिलों जैसे देहरादून, टिहरी, बागेश्वर, पिथौरागढ़ आदि में 20 से 22 जुलाई तक अलर्ट रहेगा। कल देहरादून के स्कूलों की छूट्टी घोषित कर दी गई।

### प्रशासन की तैयारियां और निर्देश




पूर्वानुमान को देखते हुए शासन एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से सभी जिला प्रमुखों, पुलिस, एसडीआरएफ, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गये हैं। एनएचएआई, लोनिवि, पीएमजीएसवाई, सीपीडब्ल्यूडी को कह दिया गया है कि मलबा आने पर तुरंत सफाई करें। ग्राम विकास अधिकारी, राजस्व अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि अपने मोबाइल फोन सक्रिय रहें और सतर्क रहें।

### आम जनता के लिए सलाह

भारी बारिश की संभावना को देखते हुए आम जनता से अपेक्षा की गई है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें, विशेषकर पहाड़ी, नदी किनारे इलाकों में। साथ ही मौसम अपडेट नियमित देखें और अलर्ट पर ध्यान दें। आपदा जनित परिस्थिति (भूस्खलन, फ्लैश फ्लड) की स्थिति में निकटतम बचाव तंत्र (एसडीआरएफ, पुलिस) को तुरंत सूचित करें।

# दून पुलिस कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** कावड़ यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाने के एसएसपी देहरादून द्वारा अधिनस्त अधिकारियों को दिए है निर्देश दिए हैं। निर्देशों पर काम करते हुए देहरादून की पुलिस कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा को लेकर मुस्तैद है।

रविवार को थाना रानीपोखरी सात मोड पर एक यूटिलिटी वाहन पलट जाने के कारण वाहन सवार एक महिला घायल हो गयी थी, घायल महिला को ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस कर्मियों द्वारा तत्काल उपचार हेतु राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश भिजवाया गया। वाहन के पलटने के कारण उसमें भरा तेल सडक पर फैल गया, जिससे दो पहिया वाहनो के सड़क पर फिसलने की संभावना को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल फायर सर्विस को सूचित कर दमकल के वाहन को मौके पर बुलवाया गया तथा थोड़ी देर के लिए ट्रैफिक को रो. ककर सडक पर गिरे तेल को पानी की सहायता से साफ करवाया गया।



# भ्रमजाल नहीं, उत्तराखंड को सच्चाई चाहिएः कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** रुद्रपुर में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव को भाजपा सरकार ने एक और प्रचारमूलक आयोजन में बदल दिया है। मंच से किए गए दावे सुनने में भले ही आकर्षक लगें हों, लेकिन जमीनी सच्चाई इससे कोसों दूर है। यह कहना है उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी का।



■ **एक लाख करोड़ की ग्राउंडिंग पर श्वेत पत्र जारी करे सरकार: दसौनी**

गरिमा ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की और से विकास और निवेश के जो आँकड़े गिनाए गए हैं, वे महज कागजी आंकड़ों और घोषणाओं की लिस्ट हैं, जिनका धरातल पर कोई प्रभाव नहीं दिखता। गरिमा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने दावा किया कि 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश धरातल पर उतर चुके हैं। प्रश्न उठता है कहाँ हैं वो निवेश? कितने उद्योग शुरू हुए? कितने युवाओं को वास्तविक रोजगार मिला? दसौनी ने कहा कि वास्तविकता यह है कि राज्य के अधिकांश औद्योगिक क्षेत्र आज भी अव्यवस्था, अधूरी सुविधाओं और बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं।

दसौनी ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का खोखले दावों की भी पोल खोली। दसौनी ने कहा कि सीएम धामी दावा करते हैं कि 2000 भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई हुई है, जबकि प्रदेश की जनता जानती है कि भाजपा शासन में भ्रष्टाचार संस्थागत रूप ले चुका है। गरिमा ने गृहमंत्री के बयानों को बेतुका बताया। गरिमा ने कहा कि कांग्रेस पर हमला करते हुए अमित शाह ने कहा कि हवन में हड्डी डालने का काम न करें। क्या लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका को खत्म करना भाजपा की नई नीति है?क्या विपक्ष का प्रश्न उठाना अपराध है? क्या सच्चाई सामने लाना नकारात्मक राजनीति या हड्डी डालना है? क्या गृह मंत्री को ऐसी भाषा शोभा देती है? राज्य का युवा नौकरी के लिए दर-दर भटक रहा है, महंगाई और बेरोजगारी अपने चरम पर है, औद्योगिक विकास केवल पोस्टरों में नजर आता है, ग्रामीण अंचलों से लगातार बड़ी संख्या में पलायन हो रहा है, जंगली जानवरों ने आतंक मचाया हुआ है, महिला अपराध में उत्तराखंड ने 9 हिमालयी राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।

## धर्म, अस्मिता और 'उत्तराखंड के गौरव' के रक्षक : धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड की पहचान संस्कृति, परंपरा, और आध्यात्मिकता से है। श्देवभूमिश कहलाने वाले इस पावन राज्य में हर कण में आस्था है और हर नागरिक के जीवन में शांति, सहिष्णुता और सद्भाव बसता है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में कुछ असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों ने इसकी मर्यादा को भंग करने में कोई कमी नहीं छोड़ी, जिसे सीएम धामी के धाकड़ प्रहार ने ध्वस्त कर दिया। प्रदेश के 13 जिलों में चलाए जा रहे इस ऑपरेशन के तहत अब तक कुल 2448 लोगों की पहचान की गई, 377 संदिग्धों को चिह्नित किया गया और भगवा चोले की आड़ में पहचान छिपा कर लोगों को ठगने पर 222 अभियुक्तों पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है जबकि 140 गिरफ्तारियां सुनिश्चित की गईं।इस अभियान के तहत संवेदनशील इलाकों में पहचान पत्र, निवास प्रमाण, और दस्तावेजों की भी गहन जांच की जा रही है ताकि कोई ढोंगी बच न पाए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह प्रमाणित किया है कि जब नेतृत्व संकल्पित हो, तो अस्मिता पर उठे हर हाथ को रोका जा सकता है। धर्म की रक्षा, अस्मिता की सुरक्षा, और प्रदेश की आत्मा- उत्तराखंडीयत की पहचान बनाए रखना ही धामी सरकार का मूल मंत्र है।

### छात्रवृत्ति के नाम पर हो रहा छल

# फर्जी कॉलेज व नकली छात्रों ने छीना हक




■ **उत्तराखंड में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाले की परतें खुलने लगीं, दूसरे चरण की जांच शुरू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिस धन से किसी गरीब मुस्लिम, सिख, ईसाई या जैन छात्र की जिंदगी संवर सकती थी, वही छात्रवृत्ति आज भ्रष्टाचारियों की जेबें भरने का जरिया बन गई। उत्तराखंड में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाले की परतें अब तेजी से खुल रही हैं। जांच में सामने आया है कि कुछ संस्थानों ने बाहरी राज्यों के छात्रों का नाम इस्तेमाल कर फर्जी रजिस्ट्रेशन कर लाखों की स्कॉलरशिप डकार ली। अब इस मामले की दूसरे दौर की जांच शुरू हो चुकी है, जिसमें 72 कॉलेजों के छात्रों का जमीनी स्तर पर वेरिफिकेशन किया जाएगा। इससे पहले 17 कॉलेजों में फर्जीवाड़ा सामने आया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आद. ेश दिए हैं।

### कैसे खेला गया स्कॉलरशिप का खेल?

राज्य के कुछ संस्थानों ने उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के छात्रों को उत्तराखंड के कॉलेजों में दाखिल दिखाया। नतीजा, जो छात्र यहां थे ही नहीं, उनके नाम पर पैसे उठा लिए गए। खास बात यह है कि कुछ मामलों में तो संघ से जुड़े विद्यालयों के नाम तक गड़बड़ी के लिए इस्तेमाल किए गए। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग अब छात्रों के आधार कार्ड, प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों की गहन जांच करेगा। हर कॉलेज में यह देखा जाएगा कि क्या जिन छात्रों के नाम पर स्कॉलरशिप ली गई, वे वास्तव में वहां पढ़ भी रहे थे या नहीं। विशेष सचिव पराग मधुकर धकाते के अनुसार इस बार सत्यापन और सख्त होगा।

### फर्जीवाड़ा पहाड़ों तक पहुंचा

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि रुद्रप्रयाग जैसे पर्वतीय जिले तक में बंगाल के छात्रों का फर्जी रजिस्ट्रेशन हुआ पाया गया। संस्कृत महाविद्यालय के नाम पर यह खेल खेला गया, जो पूरे सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह घोटाला सिर्फ एक सरकारी चूक नहीं, बल्कि हजारों जरूरतमंद छात्रों के सपनों से किया गया खिलवाड़ है। जो बच्चे इस स्कॉलरशिप के असली हकदार थे, उनके हिस्से की रोशनी को कागजी आंकड़ों की कालिख ने निगल लिया।

### अब सवाल ये है

क्या दोषियों को सजा मिलेगी?
क्या असली छात्रों को उनका हक लौटाया जाएगा?
या यह भी एक और फाइल बनकर किसी अलमारी में बंद हो जाएगा?

# हरियाणा के मुख्यमंत्री ने सीएम धामी से की मुलाकात



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें चार धाम का प्रसाद एवं देवभूमि उत्तराखंड के अंब्रेला ब्रांड ष्हाउस ऑफ हिमालयाष के स्थानीय उत्पाद भी भेंट किए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री के मध्य दोनों राज्यों के हितों से संबंधित विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई।

# डॉ. नरेश बंसल की माता के निधन पर शोक जताने पहुंचे हरियाणा के सीएम

■ **आवास पर पहुंचकर नायाब सैनी ने राज्यसभा सांसद की माता को श्रद्धा सुमन किए अर्पित**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल के आवास पर पहुंचे।

उनके अलावा राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ,उत्तराखंड सरकार में मंत्री सुबोध उनियाल ,सांसद अजय भट्ट ,पूर्व सांसद कांता कर्दम भी डा. नरेश बंसल के आवास शोक व्यक्त करने पहुंचे।

डा. नरेश बंसल की माता श्रीमती पानो देवी का निधन कुछ दिन पूर्व हो गया था। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सैनी व सभी नेताओं ने डा. नरेश बंसल की माता के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री नायाब सैनी व अन्य नेताओं ने डा. नरेश बंसल की माता पानो देवी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की व परिजनों से मुलाकात कर उन्होंने ढांढस भी बंधाया। साथ ही आश्वस्त किया कि वह हमेशा परिवार के साथ खड़े हैं। इस अवसर पर भारी संख्या मे स्थानीय नेतागण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल रेंज से प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

■ **कुछ असामाजिक तत्व पवित्र यात्रा की आड़ में उपद्रव मचा रहे: किरन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड क्रांति दल के महानगर अध्यक्ष देहरादून विजेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में एक प्रति. निधिमंडल ने पवित्र श्रावण माह में हो रही कावड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों की और से सार्वजनिक स्थानों पर उत्पात मचाने, ध्वनि प्रदूषण, ट्रैफिक बाधा व शांति व्यवस्था भंग करने के संबंध में पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल रेंज से मुलाकात की।

कार्यालय प्रभारी देवचंद उत्तराखंडी ने कहा कि उत्तराखड, देवभूमि, तीर्थ और पर्यटन की भूमि है जो शांति, आस्था और सहयोग का प्रतीक है। कांवड़ यात्रा एक धार्मिक परंपरा है, जिसका उद्देश्य आत्मशुद्धि और भगवान शिव के प्रति आस्था प्रकट करना है। कुछ असामाजिक तत्व इस पवित्र यात्रा की आड़ में उपद्रव व सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान, ध्वनि प्रदूषण, और स्थानीय लोगों को परेशान करने जैसे कुकृत्य कर रहे है।



केंद्रीय महामंत्री किरन रावत ने कहा कि कांवडियों की और से बेवजह सड़क जाम व दुर्घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। सड़कों पर मोटरसाइकिल रैली के नाम पर ट्रैफिक बाधित किया जा रहा है। जबरदस्ती लाउडस्पीकर बजाए जा रहे हैं जिससे ध्वनि प्रदूषण हो रहा है। राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय जनता के साथ अभद्रता और मारपीट की जा रही है। उपद्रवियों को कानून का भय नही है। यूकेडी मांग करती है कि कांवड़ यात्रा में शामिल लोगों की स्पष्ट पहचान व पंजीकरण अनिवार्य किया जाए। इसके आभाव में उत्तराखण्ड सीमा में प्रवेष वर्जित किया जाए। ध्वनि यंत्रों के उपयोग पर समय व स्थान की सीमा निर्धारित हो।

कांवडियों की और से घटित सड़क दुर्घटनाओं/उतपाद में जान-माल की नुकसान की भरपाई कांवडियों तथा सरकार की और से शीर्घ मौके पर करने की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन देने वालों में सह कार्यालय प्रभारी अशोक सिंह नेगी, महानगर कोषाध्यक्ष पंडित बिहारी लाल जगूड़ी व महिला महानगर उपाध्यक्ष ऋषिकेश मंजू कलूड़ा आदि उपस्थित रहे।

# दो लोगों पर युवक की हत्या करने के आरोप में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** कुंडा क्षेत्र में चुनावी रंजिश में दो लोगों पर एक युवक की हत्या करने का आरोप लगा है। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम करनपुर कालोनी, थाना कुण्डा निवासी रवीना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति राहुल पुत्र सूरजपाल बीडीसी पद के प्रत्याशी गुरताज सिंह भुल्लर का चुनाव में समर्थन कर रहे थे और उनका प्रचार कर रहे थे। गुरताज सिंह भुल्लर के विरुद्ध चुनाव चड़ रहे परगट सिंह पन्नू व उसके पिता कश्मीर सिंह पन्नू निवासीगण पन्नूफार्म, भरतपुर इस बात से नाराज थे और उसके पति को कहते थे कि चुनाव में हमारा समर्थन कर नहीं तो तेरे साथ अच्छा नहीं होगा। रवीना ने बताया कि 19 जुलाई को सुबह लगभग 7:30 बजे उसका पति चुनाव की कन्वेसिंग करने निकला तो उसके बाद उसके पति ने अपने भाई संजय को कॉल करके बताया कि परगट सिंह पन्नू एवं कश्मीर सिंह पन्नू उसे अपने निवास स्थान पर बातचीत करने हेतु बुला रहे हैं। उसके कुछ देर बाद ही उसके घर हरकेवल सिंह पुत्र बलकार सिंह निवासी केलामोड़, भरतपुर आया और उन्हें बताया कि राहुल को कश्मीर सिंह पन्नू के घर पर अटैक आ गया है और वह वहां बेहोश हो गया है, उसे जाकर ले आओ। रवीना ने बताया कि मृतक राहुल का भाई संजय वहां पहुंचा तो उसने देखा कि उनके घर की बैठक के बाहर सोफे पर राहुल बेहोश पड़ा हुआ है, उसके मुंह से खून निकल रहा था। रवीना ने बताया कि राहुल को गढ़ीनेगी में डॉक्टर सौरभ शर्मा के पास लेकर गये। इसके बाद परगट सिंह पन्नू व संजय राहुल को केवीआर अस्पताल, काशीपुर में ले गये जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिर परगट सिंह पन्नू ने संजय व मृतक राहुल को ग्राम करनपुर कॉलोनी में छोड़ा और तुरन्त वहां से चला गया। उसे पूर्ण विश्वास है कि कश्मीर सिंह पन्नू व उसके पुत्र परगट सिंह पन्नू ने हमसाज होकर उसके पति की हत्या कर दी है। रवीना की तहरीर के आधार पर पुलिस ने परगट सिंह पन्नू व कश्मीर सिंह पन्नू के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## भाजपा ने साह दम्पति को पार्टी से निकाला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** सिमगड़ी जिला पंचायत सीट से भाजपा समर्थित प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने पर भाजपा ने साह दंपति को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रत्याशी के पति किसान मोर्चा के जिला महामंत्री तथा पत्नी भाजपा दुग–नाकुरी मंडल में मंत्री पद पर काबिज थीं। पार्टी ने इसे अनुशासन हीनता मानते हुए यह कार्रवाई की है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गड़िया ने बताया कि भाजपा दुग–नाकुरी मंडल की मंडल मंत्री शीला साह सिमगड़ी जिला पंचायत सीट से पार्टी समर्थित प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं, जबकि उनके पति किसान मोर्चा के जिला महामंत्री मनोज साह उन्हें चुनाव लड़वा रहे हैं। दोनों ने पार्टी के अनुशासन व नीतियों के खिलाफ काम किया है। इसे देखते हुए दोनों को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया है। किसी को भी पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाया गया तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# भारत विरोधी देशों की पोल खुली




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** पहलगाम हमले के बाद से भारत विरोधी देशों की पोल खुलकर सामने आई है। यह वहीं देश हैं जिनके उत्पादों को हम हर जगह इस्तेमाल करते हैं। आज हमें इन विरोधी देशों के उत्पादों का पूर्ण बहिष्कार करने की जरूरत हैं। यह बात अल्मोड़ा में प्रेस वार्ता के दौरान अखिल भारतीय समन्वयक स्वदेशी जागरण मंच राजीव कुमार ने कही। रविवार को नगर के एक होटल सभागार में हुई प्रेस वार्ता के दौरान स्वदेशी जागरण मंच राजीव कुमार ने कहा कि आज लोगों को विदेशी उत्पादों के बजाय स्थानीय उत्पादों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का साथ देने वाले अमेरिका, चीन, टर्की से आने वाले उत्पादों को हमें पूर्ण बहिष्कार करने की आवश्यकता है। इससे हमारे उत्पादों को बाजार मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि स्वदेशी उत्पादों की ताकत कोरोना काल में दिखी है। कहा कि जल्द स्वदेशी जागरण मंच अल्मोड़ा सहित हर जिले में स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान शुरू करेगा। बताया कि आगामी 10 अगस्त से घर–घर इसका प्रचार किया जाएगा। यहां प्रेस वार्ता में मेयर अजय वर्मा, सज्जन लाल टम्टा, पदम शर्मा, नितिन जोशी समेत अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### कालेज में सांप का बच्चा निकलने से हड़कंप

**काशीपुर।** राधेहरि डिग्री कॉलेज के रसायन विभाग में अचानक सांप के बच्चे निकलने से हड़कंप मच गया। कॉलेज प्रशासन की सूचना पर पहुंचा व्यक्ति सांप के बच्चों को पकड़कर अपने साथ ले गया। शनिवार दोपहर राधेहरि डिग्री कॉलेज के रसायन विभाग में अचानक सांप का एक बच्चा दिखाई दिया। इस दौरान एक प्राध्यापक बाल–बाल बच गए। इस पर सांप पकड़ने वाले अब्दुल वाहिद नाम के व्यक्ति को बुलाया गया। उसने एक सांप को पकड़कर बोतल में बंद कर दिया। इसके बाद तीन–चार बच्चे और निकल आए। उन्होंने सभी को पकड़कर बोतल में बंद किया। प्राध्यापक डॉ. महीपाल सिंह, डॉ. भानु प्रताप गौतम ने बताया कि 14 जुलाई को ग्रीष्मावकाश के बाद कॉलेज खुला था। उस दिन भी एक बड़ा सांप निकला था। शनिवार को सांप के पांच बच्चे निकले हैं। पकड़ने वाले व्यक्ति ने इन सांपों को रसेल वाइपर बताया है।

### शराब ला रहे चालक को बदमाशों ने पीटा

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा से वाहन में शराब लेकर गनाई जा रहे वाहन चालक को कुछ अज्ञातों ने घेरकर जमकर पिटाई कर दी। घटना में चालक को गंभीर चोटे आई है। चालक की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार धर्मेंद्र सिंह नेगी, निवासी रामगढ़ जिला नैनीताल ने द्वाराहाट थाने में तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि वह बीते शुक्रवार को अल्मोड़ा से शराब लेकर गनाई की ओर निकला था। इतने में द्वाराहाट के पास कुछ अज्ञात युवकों ने उसे रोक लिया। रोकने का कारण पूछने पर आरोपी गाली गलौच पर उतर आए। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी डंडों से उसके उपर एकाएक वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं, आरोपी मौके से फरार हो गए। इधर, पीड़ित चालक ने द्वाराहाट थाने में तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग उठाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नौलों के संरक्षण को आगे आने की अपील

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में नौलों के संरक्षण और संवर्धन को लेकर अभियान जारी है। रविवार को अभियान के तहत नगर के धूणी मंदिर वार्ड में स्थापित नौले की साफ सफाई कर लोगों को जागरूक किया। नगर निगम पार्षद और हिसालू संस्था की ओर से नगर के प्राकृतिक नौलों के संरक्षण को अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत हर रविवार को एक नौले को चिह्नित कर उसकी सफाई की जाती है। सप्ताह भर तक फिर लोगों को उसके संरक्षण के लिए जागरूक किया जाता है। जिससे की विलुप्त हो रहे नौलों को फिर से नवजीवन मिल सके। पार्षद अमित साह मोनू ने बताया कि अब इस मुहिम में स्थानीय लोग भी बढ़चढ़ कर भागीदारी करने लगे हैं। उम्मीद है कि इन नौलों को फिर से नवजीवन मिल सकेगा और भविष्य में यह पेयजल का मुख्य स्रोत बनेंगे। यहां पार्षद मीरा मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, अभिषेक जोशी, जगमोहन बिष्ट, कृष्णा सिंह, आशीष गुरुरानी, नीरज मिश्रा, आयुष गुरुरानी आदि मौजूद रहे।

### अनियंत्रित होकर खाई में गिरी बाइक

**बागेश्वर।** बागेश्वर–कपकोट मार्ग स्थित झटक्वाली गधेरे के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। बाइक में सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल भर्ती किया है। घायल पिथौरागढ़ जिले के पांखू निवासी बताया जा रहा है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार 29 वर्षीय दीपक सिंह पुत्र गणेश सिंह शनिवार की देर रात कपकोट से बागेश्वर की ओर आ रहा था। अचानक उसकी बाइक झटक्वाली के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आस–पास के दुकानदारों ने बाइक को गिरते देखा, तुरंत उन्होंने उसको खाई से बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया।

### नगर पंचायत ने किया पौधारोपण

**बागेश्वर।** नगर पंचायत गरुड़ ने नदी उत्सव और हरेले पर्व के तहत पौध रोपण कार्यक्रम की शुरुआत की। अध्यक्ष भावना वर्मा ने पौध रोपण किया और गोमती नदी के पास 200 पौधे लगाए। कार्यक्रम की शुरुवात नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा ने एक पौध रोपकर शुरू किया। इसके बाद गोमती नदी के आसपास 200 पौधों का रोपण किया। अभियान को विस्तार देते हुए एड्म्स स्कूल में बच्चो के साथ नदी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया। अनुज कुमार आधिशासी अधिकारी, किशन सिंह बिष्ट, कविता पांडे, व प्रधानाचार्य रजिया सिद्दीकी, मैनेजर जावेद सिद्दीकी मौजूद रहे।

### सतर्कता, समन्वय बनाने के निर्देश

**बागेश्वर।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन–2025 के शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संचालन के लिए रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इसमें 15 जोनल मजिस्ट्रेट, 61 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 76 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से अवगत कराया। विशेष रूप से सेक्टर मजिस्ट्रेटों को मतदान प्रक्रिया के दौरान सतर्कता और समन्वय बनाए रखने की निर्देश दिए। मतदान 24 जुलाई 2025 को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा, और मतदान केंद्रों पर मोबाइल फोन का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरसी तिवारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र सिंह सोन और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# घर में काम करने वाली मेड के विरुद्ध परिवाद खारिज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** नई सब्जी मंडी, शक्तिनगर, काशीपुर निवासी सोनल सिंघल पत्नी सन्दीप सिंघल द्वारा अपने घर में काम करने वाली नौकरानी रमाकान्ति उर्फ सुमन पत्नी विनोद कुमार वर्मा, निवासी काली मन्दिर, शर्मा आटा चक्की के पास, काशीपुर के खिलाफ न्यायालय में परिवाद दायर कर कहा कि उसने रमा उर्फ सुमन के बच्चों की उनके स्कूल में 50 हजार रूपये फीस जमा की थी, जिस पर सुमन ने वादा किया कि वह 1200 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से 25 हजार रुपये धीरे–धीरे चुका देगी, परन्तु कुछ समय बाद उसने खाना बनाना बन्द कर दिया, जबकि वह पड़ोस के घर में काम करने आती रही तथा उसने रूपये देने से मना कर दिया। रूपये न देने के कारण सुमन पर सोनल सिंघल ने धारा 316 (1), 318(4), 351 (1) (2) बीएनएस में मुकदमा अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर के यहां दाखिल किया। उक्त मुकदमे के विरोध में अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल द्वारा कहा गया कि यदि खाना बनाने वाली कोई नौकरानी खाना नहीं बना रही है, तो यह अपराध नहीं है, यह व्यक्ति की स्वतन्त्रता का अधिकार है और इनमें कोई आपराधिक मामला नहीं बनता। अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल की बहस व तर्कों से न्यायालय संतुष्ट हुआ।

# मेयर दीपक बाली ने किया गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** रूद्रपुर में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव 2025 के



अवसर पर बीते रोज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में आयोजित भव्य कार्यक्रम में काशीपुर के महापौर दीपक बाली ने भी प्रतिभाग कर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बुके भेटकर उनका स्वागत किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में प्रदेशभर से जनप्रतिनिधि, उद्यमी और प्रशासनिक अधिकारी जुटे। इस दौरान महापौर दीपक बाली ने योगगुरु बाबा रामदेव से भी भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। दोनों के बीच सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई और दीपक बाली ने बाबा रामदेव को काशीपुर आने का निमंत्रण भी दिया। निवेश उत्सव के मंच से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड की धामी सरकार की कार्यशैली की सराहना करते हुए राज्य को औद्योगिक और आर्थिक दृष्टि से सशक्त बनाने की दिशा में चल रहे प्रयासों को उल्लेखनीय बताया। महापौर दीपक बाली ने कहा कि काशीपुर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए वे हर मंच पर सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजनों से उत्तराखंड में निवेश के नए द्वार खुलेंगे और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री धामी को जाता है।

## मारपीट के आरोप में प्रॉपर्टी डीलर पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** जमीन की रजिस्ट्री के बाद दाखिल खारिज न कराने पर खरीददार द्वारा प्रॉपर्टी डीलर पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। मुरादाबाद रोड स्थित आंकाक्षा मार्बल कॉलोनी अंतर्गत भव्य विहार निवासी अखिलेश कुमार ने पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि उसने अपनी पत्नी अंशु चौहान के नाम से 5 सितंबर 2022 में एक प्लॉट ढकिया गुलाबो में प्रॉपर्टी डीलर संजीव निवासी मोहल्ला कविनगर से खरीदा था। उसके द्वारा तीन साल बीत जाने के बावजूद उक्त प्लॉट का दाखिल खारिज नहीं कराया गया। जब भी वह प्रापर्टी डीलर से प्लॉट का दाखिल खारिज कराने के लिए कहता तो वह टाल–मटोल कर देता था। बीती 4 जुलाई की सुबह वह प्रॉपर्टी डीलर के आंकाक्षा गार्डन के पास स्थित कार्यालय पर अपने प्लॉट के दाखिल खारिज की बात करने गया था। आरोप है कि उसने उसके साथ गाली–गलौज कर मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मारपीट की घटना में उसके खुली चोटें आयी हैं और उसके हाथ की एक अंगुली टूट गई है। एसआई अनिल जोशी ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी संजीव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डे–केयर में समस्याओं पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** डे–केयर संस्था की रविवार को मासिक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान बैठक में नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा की गई। वहीं, संस्था ने एक साल बाद भी महिला शौचालय का निर्माण पूरा नहीं होने पर नाराजगी जताई। नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में सदस्यों ने कहा कि शहर में बंदरों का लगातार आतंक बढ़ रहा है। बंदरों के आतंक के चलते बच्चों का एकेले स्कूल जाना भी दूभर हो गया है। सदस्यों ने बंदरों के आतंक से निजात दिलाने, महिला शौचालय का निर्माण जल्द पूरा करने, नगर में सफाई व्यवस्था दुरस्थ करने, मुख्य बाजार में दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने समेत कई समस्याओं के समाधाम ने की मांग उठाई। यहां



बैठक में आनंद सिंह बगडवाल, पीएस सत्याल, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, शांति साह, डा. गोकुल सिंह रावत, सुनयना मेहरा, गजेंद्र सिह नेगी, तारा चंद्र साह, नरेंद्र सिंह नेगी, मनोहर सिह नेगी, मदन सिंह मेर, तारा ऐठानी, मोहन सिंह नयाल, डा. जेसी दुर्गापाल, हेम चंद्र जोशी, एमसी कांडपाल, गिरीश जोशी, ललित मोहन पंत, शंकर दत्त भट्ट, डा. अरूण पंत, पुष्पा कैड़ा, बालादत्त कांडपाल, विपिन जोशी, भगीरथ पांडे, आशा कर्नाटक, आशा पंत, रमेश पंत, देवेंद्र अग्निहोत्री, पुष्पा सती, सोनी जोशी, चंद्रमणी भट्ट आदि रहे।

# क्लस्टर योजना के विरोध में उछास ने खोला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड छात्र संगठन की ओर से बैठक आयोजित की गई।




बैठक में क्लस्टर योजना के तहत 1488 माध्यमिक विद्यालय बंद करने के आदेश की कड़ी निंदा की। सरकार से इस आदेश को वापस लेने की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर छात्र, युवाओं और अभिभावकों के साथ मिलकर विद्यालय बचाने के लिए जन आंदोलन की चेतावनी दी। नगर के मालरोड स्थित उपपा कार्यालय में आयोजित बैठक में उछास नेताओं ने कहा कि आने वाले समय में शिक्षा के बाजारीकरण और विश्व. विद्यालयों में शिक्षा की हालत के विरुद्ध आंदोलन करेगा और छात्र संघ चुनावों में अपनी भागीदारी भी सुनिश्चित करेगा। अध्यक्षता करते हुए भावना पांडे ने कहा कि क्लस्टर विद्यालयों के बनने से बालिकाओं की शिक्षा पर गहरा असर पड़ेगा। हजारों शिक्षकों के पद निरस्त किए जाएंगे और इस तरह सरकार शिक्षा का बाजारीकरण कर रही है। यहां सोनी मेहता, भारतेंदू भाकुनी, हेमा, जया साह समेत आदि रहे।

# स्कूलों की प्रार्थना में धार्मिक श्लोक गलत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** शिल्पकार सभा नैनीताल की मासिक बैठक रविवार को सभा के अध्यक्ष डा. रमेश चंद्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभा के सदस्यता अभियान को बढ़ाने के साथ ही सभा द्वारा किए गए कार्यो की समीक्षा की गई। सभा में वक्ताओं ने कहा कि सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उत्तराखंड सरकार पूर्व सैनिक कल्याण निगम के द्वारा भर्ती किए गए 20 हजार कर्मचारियों को नियमित करने जा रही है जिसमें पूर्व सैनिक कल्याण निगम ने पूर्व जो 20 हजार कर्मियों की भर्ती की है उन भर्तियों में आरक्षण का पालन नहीं किया गया है यदि प्रदेश सरकार उन



सभी कर्मचारियों को नियमित करती है तो आरक्षण नियमावली का उल्लंघन होगा । अत: सभा सरकार मांग करती है कि इन 20 हजार कर्मचारियों को नियमित करने से पूर्व रोस्टर/ आरक्षण का संज्ञान लें और आरक्षित पदों को भरे ताकि आरक्षित वर्ग की बेरोजगारों के साथ कोई अन्याय न हो।

बैठक में सभा परिवार ने न्याय विभाग से भी अपील की कि वह 20 हजार कर्मचारियों के नियमितीकरण करने से पूर्व आरक्षण नियमावली का पूर्ण रूप से पालन करने हेतु सरकार को निर्देशित करें ताकि आरक्षित वर्ग के साथ कोई अन्याय न हो पाए। बैठक में हाल ही में शिक्षा विभाग के द्वारा विद्यालयों में प्रार्थना स्थल पर गीता के श्लोक सुने जाने के आदेश पर भी गहरी चिंता व्यक्त की और कहा है कि यह संविधान के अनुच्छेद 28(1) का उल्लंघन है। संविधान के अनुच्छेद 28(1) में कहा गया है कि राज्य द्वारा पूर्णत: पोषित किसी भी शैक्षणिक संस्थान में कोई धार्मिक शिक्षा नहीं दी जा सकती है। आज शिक्षा विभाग गीता का पाठ प्रार्थना स्थल में सुनाई जाने का आदेश पारित किया है कल को अन्य संप्रदाय के लोग भी अपने धार्मिक पुस्तकों को विद्यालय में पढ़ने के लिए मांग कर सकते हैं क्योंकि विद्यालय में सभी संप्रदाय के छात्र हैं जो वहां अध्ययन करते हैं। इसलिए सभा मांग करती है कि इस आदेश को वापस ले। शिल्पकार सभा पुरजोर मांग करती है कि विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं को संविधान को पढ़ाया जाए जिससे छात्रों को भारत के संविधान की जानकारी हो और वे कल एक आदर्श नागरिक बन सकें तथा अपने अधिकारों और कर्तव्यों को भली भांति समझ सके। बैठक में रमेश चंद्रा, राजेश लाल, राजेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार, इंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार, गिरीश चंद्र आर्य, सुरेश चंद्र व आदि अन्य लोगों ने अपने अपने विचार रखे। संचालन सभा के महामंत्री राजेश लाल ने किया।

# सूखाताल वार्ड में सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद नैनीताल, जिला प्रशासन एवं आपदा



प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में वार्डो में चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत रविवार को सूखाताल वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। बता दें इस अभियान का नेतृत्व पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल एवं वार्ड सभासद गजाला कमाल ने किया। अभियान के दौरान वार्ड की मुखय सड़कों, गलियों व सार्वजनिक स्थलों व बाजार क्षेत्रों की सफाई की गई। नालियों की सफाई व झाड़ियों की कटाई, कूड़ा उठान और कचरा निष्पादन जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी गई। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा, मुख्य सफाई निरीक्षक सुनीत कुमार, सफाई निरीक्षक कमल चौहान, सफाई सुपरवाइजर मधु, राजस्व विभाग से उप राजस्व निरीक्षक विनोद, लोक निर्माण विभाग से कनिष्ठ अभियंता कमलेश कुमार एवं जल संस्थान से अवर अभियंता गोपाल सिंह कार्की समेत अन्य विभागीय अधिकारी तथा पालिका के पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे। इस दौरान सभासद गजाला कमाल ने वार्ड के वाशिदों से अपील की कि वे कूड़ा करकट सड़कों पर न फेकें एवं स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें, वहीं पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्यप्रद बनाना हम सबकी जिममेदारी है। पालिका का लक्ष्य केवल सफाई ही नहीं बल्कि नागरिकों में अनुशासन और स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी विकसित करना है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे कूड़ा केवल निर्धारित स्थलों या कूड़ा वाहनों में ही डालें साथ ही यह चेतावनी भी दी कि यदि किसी क्षेत्र में गंदगी पाई जाती है तो संबंधित प्रतिष्ठान या व्यक्ति के विरुद्ध चलानी कार्रवाई की जाएगी।

# पौधारोपण आंदोलन जारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण आंदोलन रविवार को 380 वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत रविवार को डीडीहाट स्थित अपने



आवास परिसर में माताजी श्रीमती लीलावती गुरुरानी और पिताजी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य तारा दत्त गुरुरानी के आशीर्वाद के साथ पौधारोपण के 380वें दिन पौधा लगाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। तारा दत्त गुरुरानी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करना महान कार्य है और इस कार्य में सभी को बढ़ चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण आंदोलन जारी रहेगा।

# छात्रों की समस्याओं का त्वरित होगा निदान

## कुमाऊं विश्वविद्यालय में लोकपाल के रूप में प्रो. नागेश्वर राव की नियुक्ति

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए प्रो.नागेश्वर राव को लोकपाल के रूप में नियुक्तत किया गया है वहीं दूसरी ओर डा.संतोष कुमार को विवि का प्रभारी क्रीड़ाधिकारी बनाया गया है। दोनों की तैनाती पर कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने खुशी जताई है।



कुमाऊं विवि के रजिस्ट्रार डा. एमएस मन्द्रवाल के हस्ताक्षरों से जारी अधिसूचना के मुताबिक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (छात्रों की शिकायत निवारण) विनियम 2023 के मुताबिक, प्रो. नागेश्वर राव (पूर्व कुलपति, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्तत विश्वविद्यालय नई दिल्ली) को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए तत्काल प्रभाव से तीन वर्ष की अवधि के लिए या 70 वर्ष की आयु पूरी करने पर जो भी पहले हो लोकपाल के रुप में नियुक्त किया गया है। बता दें यह नियुक्ति कुविवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के अनुमोदन के बाद रजिस्ट्रार डा. मन्द्रवाल ने की है। दूसरी ओर कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डा. संतोष कुमार को कुमाऊं विश्वविद्यालय का कार्यकारी स्पोर्ट ऑफिसर बनाया गया है। बता दें कि यह नियुक्ति डा. नागेंद्र प्रसाद शर्मा के अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर की गई है। काबिलैगौर है कि डा. संतोष कुमार वर्तमान में परिसर के केएन फील्ड छात्रावास के वार्डन भी हैं। डा. संतोष कुमार की नियुक्ति पर उन्हें परिसर के डीएसडब्लू ऑफिस में सममानित किया गया तथा उन्हें जागेश्वर धाम का मंदिर का प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। डा. संतोष द्वारा कार्यभार ग्रहण किया जा चुका है। स्वागत कार्यक्रम में डीएसडब्लू प्रो. संजय पंत, विभागाध्यक्ष वनस्पति प्रो. ललित तिवारी, डा. गगन होती, डा. निधि वर्मा, डा. अमित मेलकानी, डा. नवीन पांडे, हेमंत तथा गणेश आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी व महासचिव डा. विजय कुमार ने दोनों की तैनाती पर खुशी जताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# कृष्णापुर वार्ड में पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कोर एसेंस लाइफ रूट फाउंडेशन की टीम द्वारा रविवार को कृष्णापुर वार्ड में पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल और कृष्णापुर वार्ड के सभासद सुरेंद्र कुमार और समेत सभासद रमेश प्रसाद ने ना केवल पौधारोपण में सक्रिय भूमिका निभाई बल्कि लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण हमारे पर्यावरण को संरक्षित करने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। टीम के मुताबिक वन विभाग से डीएफ ओ चंद्रशेखर जोशी और रेंजर आनंद लाल के सहयोग से पौधों का रोपण किया गया जिनमें पईया, पांगड़, तेजपत्ता और ओक के पौधे शामिल थे। यह पौधे न केवल पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद करेंगे बल्कि क्षेत्र की सुंदरता को भी बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में सारिका जोशी श्रीवास्तव, राजेंद्र प्रसाद, ज्योति दुर्गापाल, डा. प्रियंका भट्ट, गोविंद भंडारी, खिला बिष्ट, अमन खान, सोनिया पांडे, गीतांजलि चंद, प्रियांशु प्रसाद, किरण आर्या, शिवानी आर्या, बीना बसेरा, आद्रिका जोशी, पायल जोशी, अंजली बिष्ट और निश्चय टाकुली मौजूद रहे जबकि वन विभाग की टीम से संतोष गिरी, संतोष जोशी, वन दरोगा रजत कुमार, नंदन दानू, मनोज साही, महिपाल सिंह और उपनल श्रमिक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। टीम के मुताबिक इस पौधारोपण अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और समुदाय को इसमें शामिल करना है। फाउंडेशन की टीम ने वन विभाग और नगरपालिका के सहयोग से इस महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया।

# दीवारों पर नहीं, सपनों पर लगे हैं लाल निशान

## आवास विकास पहुंचे शहर विधायक सुमित ने प्रशासन ने लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आवास विकास और सुभाष नगर क्षेत्र में घरों पर लगाए गए लाल निशानों के खिलाफ हल्द्वानी में भारी रोष और असुरक्षा का माहौल बन गया है। स्थानीय विधायक सुमित हृदयेश ने रविवार को प्रभावित इलाकों का दौरा किया और वहां के निवासियों से मुलाकात की। उन्होंने लोगों को यह भरोसा दिलाया कि वह इस कठिन समय में उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा, यह केवल दीवारों पर लगे निशान नहीं हैं, बल्कि हज़ारों परिवारों के आशियानों पर हमला है, जो उन्होंने अपनी मेहनत और खून-पसीने से बनाए हैं। यह कार्यवाही केवल भवनों के खिलाफ नहीं, बल्कि जनजीवन, गरिमा और सुरक्षा के खिलाफ है। उन्होंने



प्रशासन की उस कार्रवाई पर सवाल उठाया, जो 1930 के पुराने नक्शों के आधार पर की जा रही है। विधायक ने कहा उस समय हल्द्वानी का अधिकांश हिस्सा जंगल हुआ करता था। क्या अब सरकार हल्द्वानी को फिर से जंगल में बदलना चाहती है? सुमित हृदयेश ने यह भी बताया कि जिन घरों को आज निशाना बनाया जा रहा है, विधायक ने राज्य सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह असंवेदनशील और साज़िशपूर्ण प्रतीत होती है। उनका कहना था कि सरकार द्वारा प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर आम नागरिकों पर मान. सिक दबाव बनाया जा रहा है, जो लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। सुमित हृदयेश ने यह भी स्पष्ट किया कि वह इस अन्याय को किसी भी हालत में स्वीकार नहीं करेंगे और जल्द ही जनता के साथ एक विशाल जनआंदोलन की शुरुआत करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि 19 अगस्त से शुरू हो रहे उत्तराखंड विधानसभा सत्र में वे इस मुद्दे को पूरी ताकत के साथ उठाएंगे और भाजपा सरकार तथा प्रशासन को कठघरे में खड़ा करेंगे। अंत में उन्होंने हल्द्वानी की जनता से अपील की, यह लड़ाई सिर्फ ज़मीन या मकानों की नहीं, बल्कि हमारी अस्मिता, अधिकार और भविष्य की है। सभी वर्गों, चाहे व्यापारी हों, आम नागरिक हों, या किसी भी धर्म या जाति से हों, हम सभी को एकजुट होकर इस अन्याय के खिलाफ खड़ा होना होगा। इस दौरान स्थानीय पार्षद पंकज त्रिपाठी, गुरुप्रीत प्रिंस, धीरज जोशी, दिलीप कन्याल, जगमोहन सिंह, बब्बू, योगेश बुधनी, गोविंद सिंह बोरा, हर्षित भट्ट, सुरेंद्र मौर्य, बीएन पनेरू सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# बेमियादी आंदोलन की रणनीति

## बागजाला में अखिल भारतीय किसान महासभा की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागजाला गांव में अखिल भारतीय किसान महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें आगामी आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पंचायत चुनाव के बाद अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

महासभा के नेतृत्व में बागजाला गांव के निवासी पेयजल, सड़क, विकास कार्यों और निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, जल जीवन मिशन योजना को लागू करने, मालिकाना अधिकार देने और पंचायत प्रति. निधियों के अधिकार को बहाल करने की मांग कर रहे हैं। पिछले वर्ष नवंबर से इस मुद्दे पर संघर्षरत संगठन ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि वह जानबूझकर समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है, और अब आंदोलन तेज करना ही एकमात्र विकल्प बचा है। भाकपा माले




नैनीताल जिला सचिव डा. कैलाश पांडेय ने भाजपा सरकार की नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गरीबों को बेघर करने के लिए बुलडोजर चला रही है। महासभा की अध्यक्ष उर्मिला रैस्वाल ने कहा कि यह सरकार गरीबों को डराकर उनका शोषण करना चाहती है, लेकिन जनता का एकजुट होना जरूरी है। वेद प्रकाश, महासभा के सचिव, ने कहा कि बागजाला की बेशकीमती ज़मीन पर बड़े पूंजीपतियों की नजरें गड़ी हैं, जबकि दशकों से बसे गरीबों को मालिकाना अधिकार नहीं दिया जा रहा। बैठक में पंकज चौहान, प्रेम सिंह नयाल, रईस अहमद, मीना भट्ट, दीवान सिंह बर्गली, हनीफ, चन्दन सिंह मटियाली, कुंवर राम, जगदीश तिवारी, रमेश चन्द्र, समीर, दौलत सिंह कुंजवाल, किरन प्रजापति, हेमा पलड़िया, प्रकाश राज, दुर्गादेवी भट्ट, दयाकृष्ण, जाकिर अली, विशाल आदि मौजूद रहे।

# पुनर्नवा समिति ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुनर्नवा महिला समिति द्वारा अरणय भवन फॉरेस्ट एरिया रामपुर रोड में रविवार को पौधारोपण




कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीपल, नीम, गुलमो. हर, आंवला, रीठा जैसे 200 विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मेयर गजराज सिंह बिष्ट मौजूद रहे। इस दौरान गो क्लीन गो ग्रीन के अध्यक्ष मनोज नेगी और उनकी पूरी टीम, कोचिंग यूनियन के उपाध्यक्ष केएमएस रावत, मधुकर श्रोत्रिय, सुप्रीत कौर, वंदे मातरम समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद शैलेंद्र दानू और उनकी टीम और सांसद अजय भट्ट के प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह खाती भी उपस्थित रहे। समिति की अध्यक्ष लता बोरा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समिति के सचिव शांति जीना, उपसचिव मंजू बनकोटी, कोषाध्यक्ष जानकी पोखरिया, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, मीडिया प्रभारी कल्पना रावत, रेखा रावत, निर्मला बहुगुणा, कुसुम बोरा, अंजना बोरा, प्रेमा बृजवासी, कमला रौतेला मौजूद रहे।

# सत्य प्रेम और एकत्व के संदेश के साथ जोनल स्तरीय महिला संत समागम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भवाली।** नैनीताल जोन का ज़ोनल लेवल महिला संत समागम संत निरंकारी सत्संग भवन भवाली में संपन्न हुआ। नैनीताल जोन की सभी ब्रांचो से अनेक महिलाओं ने इस अवसर पर वहां पहुंचकर सतगुरु के संदेश को श्रवण किया और संदेश को छोटी-छोटी लघु नाटिकाओं गीत कविताओं के द्वारा आए हुए उपस्थित जनसमूह तक पहुंचाने का प्रयास किया। गढ़वाल से आई संत निरंकारी मिशन की प्रचारक बहन नीलम नेगी के द्वारा समस्त साध संगत को यह संदेश दिया गया कि हम सभी ने सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के



वचनों को मानकर आगे बढ़ते चले जाना है। हर स्तर पर नारी जाति के उत्थान के लिए भले ही वह सिलाई कढ़ाई, सामाजिक सेवा और घरेलू संस्कारों पर आधारित आध्यात्मिक भावों को अपने हृदय में गुरमत के आधार पर बसाना है। इस समागम पर मंच संचालन बहन नीलम जी जसपुर के द्वारा किया गया। ब्रांच काशीपुर से भी बहन रीटा जी की देखरेख में बहनों ने वहां पहुंचकर सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। और निरंकारी राजमाता जी के वचनों पर भी जोर दिया गया कि जिस घर में मां दुखी है उस घर से बीमारी कभी नहीं जाती। जिस घर में बहु दुखी है उस घर से गरीबी नहीं जाती। जिस घर में बेटी दुखी है उसे उधर से कभी क्लेश नहीं जाता। कार्यक्रम के अंत में जोनल इंचार्ज जसविंदर सिंह जी के द्वारा आये हुए सभी संतों का धन्यवाद करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राज पिता जी के द्वारा दी जाने वाली सिखलाईयों पर चलने की प्रेरणा दी। प्रातः 10 बजे से 1 तक इसी प्रकार से विशाल सत्संग का कार्यक्रम चलता रहा। अंत में मिशन की तरु से सत्संग में आये हुए सभी श्रदालु के लिए लंगर प्रसाद की व्यवस्था की गयी थी।

# चिराग ठाकुर निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्वाचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** भीमताल विकास खंड की सबसे बड़ी क्षेत्र पंचायत सीट से



चिराग ठाकुर निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए हैं। यह सीट ओखलढुंगा, पनियामेहता, पनियाबोर और गुमालगांव जैसे चार ग्राम पंचायतों को मिलाकर बनी है। चिराग की यह जीत उन्हें ब्लॉक प्रमुख पद की रेस में एक मजबूत दावेदार बना रही है। चिराग ठाकुर ने अपनी जीत को क्षेत्रवासियों की जीत बताया और कहा कि यह जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और पूरी निष्ठा से सेवा करेंगे। चिराग ने साफ किया कि यदि पार्टी नेतृत्व उन पर भरोसा जताता है, तो वे ब्लॉक प्रमुख पद की सीट जीतकर दिखाएंगे। अब सभी की निगाहें इस पर टिकी हैं कि पार्टी नेतृत्व किसे प्रमुख पद के लिए समर्थन देता है। चिराग ठाकुर के निर्विरोध चुने जाने से उनकी दावेदारी निश्चित रूप से और मजबूत हो गई है।

# बेस अस्पताल से उड़ी दो बाइकें

## सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ वाहन चोर, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के साथ-साथ अब वाहन चोर गिरोह बेस अस्पताल में भी सक्रिय हो चुका है। पिछले दो दिनों में बेस अस्पताल की पार्किंग से दो बाइकें चोरी हो चुकी है। दोनो पीड़ितों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नारायण विहार काठगोदाम निवासी निकेत साह पुत्र नारायण लाल साह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि बीते 18 जुलाई को उन्होंने अपनी बाइक बेस अस्पताल की पार्किंग में खड़ी करके वह अस्पताल से काम निपटाने के बाद जब थोड़ी देर बाद अपनी बाइक के पास पहुंचे तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। जब उन्होंने बेस अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज खेगाले तो उसमे



एक वाहन चोर युवक बाइक ले जाते कैद हुआ है। वहीं दूसरी ओर मलिक का बगीचा बनभूलपुरा निवासी आसिफ पुत्र पुत्तन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती 17 जुलाई को वह बेस अस्पताल किसी काम से गए हुए थे, और उन्होंने अपनी बाइक को बेस अस्पताल परिसर में बनी पार्किंग में खड़ी कर दी। उन्होंने बताया जब वह काम निपटाने के बाद दोपहर करीब 12 बजे लौटे तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। सीसीटीवी फुटेज में जब देखा गया तो वहां भी एक युवक बाइक ले जाते दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा कि दोनों वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला चोर एक ही है। इधर कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। सीसीटीवी फुटेज में दिखे शातिर वाहन चोर की शिनाख्त की जा रही है और उसे जल्द चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नवदुर्गा संस्था द्वारा अतिथि रेस्टोरेंट में हरियाली तीज का पर्व बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था की महिलाओं ने न सिर्फ तीज की खुशियों को साझा किया, बल्कि मेहंदी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। सभी महिलाओं ने एक-दूसरे के हाथों में मेहंदी लगाई और त्यौहार की उमंग को बढ़ाया। कार्यक्रम में सभी को विशेष रूप से सिंगर का सामान भेंट स्वरूप दिया गया। इस अवसर पर नवदुर्गा संस्था की अध्यक्ष, आशा धर्मवल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है, और सभी को इस तरह के आयोजनों में शामिल होना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अलका जीना, गीता दा रमवाल, नीमा गोस्वामी, पूर्णिमा रजवार, प्रिया विभूति जीना और आशा शुक्ला भी उपस्थित थीं। अलका जीना ने इस पर्व के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि हरियाली तीज और हरसोलश का त्यौहार सभी को हर्ष और उल्लास के साथ मनाना चाहिए, क्योंकि यह समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट करने का बेहतरीन अवसर है।

# वार्ड 53 में नई शाखा का गठन

## साथी संगठन का साप्ताहिक कार्यक्रम सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साथी संगठन का साप्ताहिक कार्यक्रम राजेश पंत, पार्षद वार्ड संख्या-53 के कार्यालय पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वार्ड जन जागरूकता फैलाना था, जिसमें आज की बैठक की अध्यक्षता आनंद सिंह भाकुनी ने की। इस दौरान आनंद सिंह भाकुनी ने साथी संगठन के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, व्यसन निषेध और वर्षा काल में वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में लीलाधर पांडे, संगठन के संरक्षक ने हल्द्वानी नगर निगम की सफाई रैंकिंग में पिछड़ने पर कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा



कि शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर एक जन जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए, और संगठन इसके लिए अपनी पूरी ताकत लगाएगा। वार्ड-53 के पार्षद राजेश पंत के नेतृत्व में आज एक नई शाखा का गठन किया गया, जिसके संयोजक के रूप में योगाचार्य मोहन चंद्र जोशी को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में मोहन जोशी, पुष्कर सिंह मेहरा, शंकर दत्त तिवारी, श्री पंतोला, वल्दिया, जगदीश खोलिया, आरएस बोरा, सुरेंद्र बिष्ट, वीरेन्द्र भाकुनी मौजूद रहे।

# पंचायत चुनाव में छलका ग्रामीणों का दर्द

## सड़क, स्वास्थ्य और किसान हितों से वंचित स्यूड़ा गांव, पलायन की कगार पर ग्रामीण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पंचायत चुनावों की हलचल के बीच हल्द्वानी के स्यूड़ा गांव में ग्रामीणों का वर्षों से दबा हुआ गुस्सा उबाल पर आ गया है। विकास के नाम पर किए गए वादे हर बार चुनावी हवा का हिस्सा बनकर उड़ जाते हैं, लेकिन गांव की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। गांव के लोगों के लिए सबसे बड़ी समस्या पक्की सड़क का अभाव है। इस समस्या से सबसे ज्यादा परेशान किसान हैं, जो अपनी फसल को मंडी तक पहुंचाने में अत्यधिक दिक्कतों का सामना करते हैं। किसानों का कहना है कि फसल की बिक्री से मिलने वाली कीमत से ज्यादा तो उन्हें सड़क की खराब स्थिति के कारण ट्रांसपोर्टेशन का किराया चुकाना पड़ता है, जिससे उनकी मेहनत का कोई वास्तविक लाभ नहीं मिलता। गांव के बुजुर्गों और युवाओं का कहना है कि जहां दूसरे गांवों में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता दरबार आयोजित किए जाते हैं और समस्याओं का समाधान किया जाता है, वहीं स्यूड़ा में कभी भी कोई अधिकारी या जनप्रतिनिधि गांव में आकर लोगों की समस्याएं सुनने की जहमत नहीं उठाता। इस कारण जनता का प्रशासन और नेताओं पर से विश्वास कम होता जा रहा है। इसके अलावा, सड़क की कमी का खामियाजा स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में भी भुगतना पड़ता है। गांव के लोग बताते हैं कि एम्बुलेंस की पहुंच ना होने के कारण बीमार और गर्भवती महिलाओं को कंधों पर उठाकर अस्पताल ले जाना पड़ता है। इस स्थिति से गांववासियों की नाराजगी और आक्रोश बढ़ रहा है, और उनका कहना है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उनका गुस्सा और बढ़ेगा।





### गांव में पलायन की समस्या गहराई, ग्रामीणों की पंचायत चुनाव में बदलाव की मांग

**हल्द्वानी।** गांव में विकास के अभाव के कारण पलायन की समस्या तेजी से बढ़ रही है। नौजवानों का एक बड़ा वर्ग रोजगार और बेहतर जीवनसाथी की तलाश में गांव छोड़कर शहरों की ओर रुख कर रहा है। इसके परिणामस्वरूप, गांवों में खालीपन और मंदी का माहौल बनता जा रहा है, जिससे गांवों की रौनक भी समाप्त होती जा रही है। ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव के अवसर पर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए मांग की है कि अब ऐसे प्रतिनिधियों को चुना जाए, जो केवल वादे नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर विकास कार्य करें। ग्रामीणों का कहना है कि राजनीतिक वादों के बजाय कार्यों का परिणाम दिखना चाहिए, ताकि गांव में पलायन की समस्या पर काबू पाया जा सके। गांव के कई हिस्सों में बेरोज़गारी और बुनियादी सुविधाओं की कमी ने युवाओं को शहरों की ओर आकर्षित किया है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि पंचायत स्तर पर उचित विकास योजनाएं लागू की जाएं, तो यह पलायन रुक सकता है और गांवों की स्थिति में सुधार हो सकता है।

### क्या बोले ग्रामीण

अब वक्त है कि चुनाव सिर्फ वादों पर नहीं, काम के आधार पर हो। स्यूड़ा गांव की स्थिति वाकई चिंता. जनक है। आजादी के इतने साल बाद भी यहां सड़क, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंच पाई हैं। महिलाओं को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन आज तक किसी जनप्रति. निधि ने यहां आकर उनकी बात नहीं सुनी। **मंजू भट्ट, समाजसेविका**

बरसात में हमें पीठ पर लादकर अनाज ले जाना पड़ता है। सड़क न होने से खेती का फायदा नहीं मिल रहा। कच्चे रास्तों से फसल मंडी तक पहुंचाना रोज की जद्दोजहद है। सरक. रें आईं और चली गईं, लेकिन हमारी हालत नहीं बदली। **खामीनंद भट्ट, ग्रामीण**

सड़क न होने के कारण एम्बुलेंस नहीं आती, और मरीज को चारपाई या पीठ पर लादकर ले जाना पड़ता है। हम अब ऐसे प्रतिनिधि चुनना चाहते हैं जो हमारी समस्याओं को समझे और समाधान करे। लेकिन उससे पहले मरीज को अस्पताल तक ले जाना सबसे बड़ी चुनौती है। **भोला राम, ग्रामीण**

गांव में रोज़गार के अवसर नहीं है सड़क न होने से किसानी करनी भी अब नहीं कर पा रहे। मजबूरी में हमें शहरों का रुख करना पड़ता है। अगर यही हाल रहा तो आने वाले कुछ वर्षों में गांव पूरी तरह खाली हो जाएगा। पंचायत चुनाव एक मौका है बदलाव लाने का, लेकिन फैसला सोच-समझकर लेना होगा। **रमेश राम, ग्रामीण**

# रिवर वैली कॉलोनी में हुआ भव्य सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को रिवरवैली कॉलोनी स्थित माँ भगवती मंदिर प्रांगण में एक भव्य सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन हनुमान भक्त पंकज खत्री के नेतृत्व में किया गया, जबकि कॉलोनी के अध्यक्ष सेवा. निवृत्त कैप्टन सोबन सिंह भड़ ने इस आयोजन की अध्यक्षता की। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ कर



वातावरण में दिव्यता और भक्ति का आभास कराया। इस धार्मिक अवसर पर मेयर गजराज बिष्ट और जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट विशेष रूप से मौजूद रहे। समस्त कार्यक्रम एक भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में डूबकर इस पुण्य आयोजन का भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर कुंदन गाड़िया, गोविंद रावत, लाल सिंह मेहता, विजय राठौर, गिरधर बिष्ट, मोहन रावत, मंगल बोरा, आनंद बिष्ट, महेंद्र राणा, जगदीश बेलवाल, नंदन सामंत, नंदन बिष्ट, टीएस पोखरिया, करम बिष्ट, गिरीश फुलारा, डीएस कुं. जवाल, दीपा भड़, भावना डांगी, हेमा बोरा, राधिका त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं पर सांसद गंभीर

**हल्द्वानी।** सांसद अजय भट्ट ने स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार को पत्र लिखते हुए बीडी पाण्डे चिकित्सालय नैनीताल में बाल रोग विशेषज्ञ और सर्जन की नियुक्त किए जाने के निर्देश दिए हैं। सांसद भट्ट ने अपने पत्र में लिखते हुए कहा कि जनपद नैनीताल के अंतर्गत बीडी पाण्डे चिकित्सालय में बाल रोग विशेषज्ञ नहीं है। उक्त चिकित्सालय में 2 सर्जन कार्यरत थे, लेकिन उनमें से एक को अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है जिससे अब अस्पताल में केवल एक सर्जन शेष रह गए हैं। एक ही सर्जन के माध्यम से समस्त शल्य क्रियाओं का संचालन करना अत्यंत कठिन हो गया है, जिस कारण नैनीताल शहर और आसपास के क्षेत्रों के बच्चों को उपचार के लिए पर्याप्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। विशेष रूप से छोटे बच्चों के उपचार के लिए हल्द्वानी या अन्य दूरस्थ स्थलों की ओर रुख करना पड़ता है, जिससे समय, धन और स्वास्थ्य तीनों की हानि हो रही है। कहा कि नैनीताल एक प्रमुख पर्यटक स्थल होने के कारण देश एवं दुनिया से पर्यटक आते है। वर्षभर अत्यधिक पर्यटक आगमन के कारण यहां जनसंख्या का दबाव सामान्य से कहीं अधिक रहता है, जिस कारण स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ पर्यटकों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए चिकित्सालय में शल्य चिकित्सा हेतु 2 सर्जन होने अति आवश्यक है ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी समय सेवाएं दी जा सकें। जनहित को मद्देनजर रखते हुए बीडी पाण्डे चिकित्सालय एक बाल रोग विशेषज्ञ और 2 सर्जन की स्थाई व्यवस्था की जाए, जिससे स्थानीय जनता के साथ-साथ पर्यटकों को भी समुचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकें।

# भारत विकास परिषद ने किया तीज उत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत विकास परिषद शाखा द्वारा तीज उत्सव का आयोजन अतिथि रेस्टोरेंट, रामपुर रोड में धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रांतीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, क्षेत्रीय वित्त सचिव राजेंद्र कुमार गुप्ता, प्रांतीय संयोजक रक्तदान भवानी शंकर नीरज, शाखा अध्यक्ष दीपक बख्शी, मुख्य अतिथि असिस्टेंट कमिश्नर उर्मिला पिंचा, विशिष्ट अतिथि अनिता जोशी (प्रधानाचार्य, सेंट लॉरेंस स्कूल) और मंजू जोशी (प्रधानाचार्य, यूनिवर्सल कन्वेंट स्कूल) द्वारा दीप प्रज्वलन से की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में शाखा की महिला सदस्यों ने रंग-बिरंगे कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी और विभिन्न खेलों का



आयोजन किया। इनमें बंदरबार सजाओ में शिखा अग्रवाल और मटकी सजाओ में मोनिका मित्तल ने पहला स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन दीपिंका अग्रवाल और डा. मोनिका मित्तल ने किया। इस अवसर पर बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, और 12वीं कक्षा में विशेष प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। अंत में तीज क्वीन का खिताब पूजा सिंघल के नाम रहा। इस मौके पर डा. निधि अग्रवाल, एकता अग्रवाल, डा. अभिषेक मित्तल, सीमा बख्शी, मीनू गुप्ता, तनु गर्ग, सौम्या अग्रवाल, अमित अग्रवाल, प्रदीप बिष्ट सहित कई लोग मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कार्ययोजना बनाकर गंभीरता से करें काम: बगौली

- सचिव शैलेश बगौली ने पेयजल योजनाओं का किया निरीक्षण
- समयबद्ध कार्ययोजना और जागरूकता बढ़ाने पर दिया जोर



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** सचिव पेयजल शैलेश बगौली ने ऊधम सिंह नगर जिले के भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड रुद्रपुर और गदरपुर की विभिन्न पेयजल योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने योजनाओं की गुणवत्ता, क्रियाशील नल कनेक्शनों (FHTC) की स्थिति और पेयजल आपूर्ति की प्रभावशीलता का गहन आकलन किया।

सचिव बगौली ने दानपुर एकल ग्राम पेयजल योजना में 300 एमएम व्यास, 210 मीटर गहराई, 500 एलपीएम क्षमता के नलकूप तथा 100 केएल, 17 मीटर स्टेजिंग वाले ऊर्ध्व जलाशय के कार्यों की गुणवत्ता परखी, जो उत्तम पाई गई। योजना के अंतर्गत 314 परिवारों को कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। मौके पर 5 घरों का चयन कर जल आपूर्ति समय, दबाव और पानी की गुणवत्ता की जानकारी ली गई, जो संतोषजनक रही। रायपुर एकल ग्राम पेयजल योजना में 300 एमएम व्यास, 200 मीटर गहराई, 700 एलपीएम क्षमता के नलकूप और 150 केएल, 20 मीटर स्टेजिंग वाले ऊर्ध्व जलाशय की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। इस योजना के तहत 532 परिवारों को कनेक्शन दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान रायपुर गांव के कुछ ग्रामवासियों ने पाइपलाइन लीकेज की शिकायत की। इस पर अधिशासी अभियंता को तत्काल निरीक्षण कर लीकेज रो. कने और एक सप्ताह में अनुपालन आख्या मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए गए।

सरोवरनगर बहुल ग्राम पेयजल योजना में 300 एमएम व्यास, 193 मीटर गहराई, 500 एलपीएम क्षमता के नलकूप और 100 केएल, 17 मीटर स्टेजिंग वाले ऊर्ध्व जलाशय की गुणवत्ता भी उच्च स्तर की पाई गई। योजना के तहत 521 परिवारों को FHTC कनेक्शन दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि सरोवरनगर गांव के 25 परिवारों ने नल कनेक्शन लेने से इंकार कर दिया था। सचिव श्री बगौली ने निर्देश दिया कि इन परिवारों को कनेक्शन उपलब्ध कराने हेतु विशेष प्रयास किए जाएं और एक माह के भीतर कार्य पूरा किया जाए।

सचिव श्री बगौली ने योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि दो जोनों में अनेक उपभोक्ताओं द्वारा अभी तक जल कनेक्शन नहीं लिए गए हैं। उन्होंने अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि नगर आयुक्त के साथ समन्वय कर एक विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि लोग पाइप्ड वॉटर सप्लाई के लाभों के प्रति जागरूक होकर कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित हों। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नियमित जल गुणवत्ता परीक्षण किया जाए और आम जनता को हैंडपंप के मुक. ाबले पाइप्ड वॉटर सप्लाई की स्वच्छता, निरंतरता और स्वास्थ्य संबंधी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी जाए। योजना के अंतर्गत कुछ कार्य अभी तक पूर्ण नहीं होने पर सचिव श्री बगौली ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एक स्पष्ट कार्ययोजना बनाकर एक सप्ताह के भीतर समयबद्ध कार्यक्रम मुख्यालय को भेजा जाए।

सचिव बगौली ने रुद्रपुर शहर में निर्मित 25 केएलडी क्षमता वाले Faecal Sludge Treatment Plant (FSTP) का भी निरीक्षण किया। यहां प्रतिदिन 10ख्र12 स्लज टैंकरों का प्रभावी उपचार किया जा रहा है, जिसकी गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। उन्होंने निर्देशित किया कि शहर की जनसंख्या और सेप्टिक टैंकों की औसत खाली करने की आवृत्ति के आधार पर प्रतिदिन अनुमानित फीकल स्लज की गणना की जाए और इसकी तुलना थ्ैज्च पर पहुंच रही वास्तविक मात्रा से की जाए। यदि दोनों में अंतर पाया जाए, तो उसे दूर करने के लिए व्यावहा. रिक कार्ययोजना बनाई जाए। इस अवसर पर अभियंता बिशन कुमार, तरुण शर्मा, सुशील बिष्ट, ललित पांडे, चेतन चौहान, अजय श्रीवास्तव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित किया



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** प्रशासन की संयुक्त टीम ने चोरपानी क्षेत्र में नाले के पास अतिक्रमण करने वाले लोगों को चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया है।

एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि राजस्व विभाग और सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम चोरपानी में बरसाती नाले के समीप जितने लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। उनको चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि अभी तक 17 अतिक्रमण कारियो को चिन्हित कर लिया गया है। बताया कि चिन्हित करने का काम लगातार जारी है। जल्द ही इस क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

## कैलाश यात्रियों को मंदिरों के दर्शन कर गहन आध्यात्मिक अनुभूति हुई प्राप्त

- यात्रियों का परंपराओं के अनुरूप किया गया स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** भारत सरकार एवं उत्तराखंड राज्य सरकार की संयुक्त पहल से कैलाश मानसरोवर यात्रा को मिला नया आयाम यात्रियों ने किए मानसखंड मंदिरमाला में सम्मिलित मंदिरों के दिव्य एवं भव्य दर्शन।

कैलाश मानसरोवर यात्रियों के प्रथम दल ने पवित्र मानसखंड मंदिरमाला में स्थित अनेक प्राचीन, पौराणिक और ऐतिहासिक मंदिरों के दर्शन कर गहन आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। इस यात्रा के दौरान यात्रियों ने पिथौरागढ़ जनपद ने स्थित पाताल भुवनेश्वर गुफा मंदिर, हाट कालिका मंदिर के दर्शन कर क्षेत्र की धार्मिक गरिमा, स्थापत्य कला और सांस्कृतिक समृद्धि का साक्षात अनुभव किया। मानसखंड मंदिरमाला, उत्तराखंड राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से विकसित की जा रही एक व्यापक धार्मिक सर्किट योजना है, जिसमें कुमाऊं मंडल के प्रमुख देवस्थलों को आपस में जोड़कर एक सुव्यवस्थित तीर्थ यात्रा पथ तैयार किया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना, स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देना, और कुमाऊं की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठित करना है। इस पहल के तहत मंदिरों तक बेहतर सड़क संपर्क, मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, सांस्कृतिक स्थलों का संरक्षण, सूचना पटल एवं डिजिटल गाइडेंस जैसी आधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को एक सुविधाजनक एवं समग्र आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हो सके। यात्रियों ने न केवल मंदिरों की अलौकिकता और पवित्रता का अनुभव किया, बल्कि पिथौरागढ़ जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की भूरी-भूरी प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उन्हें हिमालय की गोद में स्थित देवभूमि की दिव्यता, संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने वाली एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक यात्रा सिद्ध हुई है। राज्य सरकार का यह प्रयास धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देने के साथ-साथ क्षेत्रीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और स्थानीय कारीगरों व व्यापारियों के लिए आर्थिक संबल भी सृजित कर रहा है। निश्चित ही, मानसखंड मंदिरमाला परियोजना उत्तराखंड को भारत के प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थलों की सूची में एक प्रमुख स्थान दिलाने की ओर अग्रसर है।

## पुलिस को देख शराब तस्कर हुए फरार

- मौके से 70 लीटर कच्ची शराब और एक बाइक की जब्त



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्धों को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गए। तलाशी लेने पर 70 लीटर कच्ची शराब बरामद कर फरार तस्कर के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक काशीपुर, व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में सूतमिल चौकी इंचार्ज उ.नि. इंद्र सिंह द्वारा मय का. अरुण कुमार द्वारा गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर हाईवे से कलियावाला रोड जसपुर में अपाचे मोटरसाईकल सं. UK18T9399 का पीछा किया। मोटरसाइकिल चालक व उसका साथी ग्राम कलियावाला में खेत किनारे मोटरसाइकिल शराब के कट्टों सहित छोड़कर मोके से फरार हो गया।

मोटरसाइकल से दो प्लास्टिक के कट्टों में 208 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। फरार अभियुक्त कुलदीप सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी कलियावाला, थाना जसपुर के विरुद्ध थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## पार्क गेट की मांग को लेकर ग्रामीणों का अनशन

- कहा- जब तक गेट नहीं लगेगा, धरना प्रदर्शन रहेगा जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के पम्पापुरी क्षेत्र में वन विभाग द्वारा बनाई गई पार्क की सुरक्षा को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है,क्षेत्रवासियों ने पार्क में लगातार हो रही तोड़फोड़ और असामाजिक गतिविधियों से तंग आकर रविवार को धरना प्रदर्शन करते हुए भूख हड़ताल शुरू कर दी। इनकी मांग है कि पार्क के मुख्य प्रवेश द्वार पर तुरंत गेट लगाया जाए, ताकि रात के समय अराजक तत्वों की आवाजाही पर रोक लगाई जा सके।

रामनगर के मोहल्ला पम्पापुरी क्षेत्र के दर्जनों स्थानीय लोग रविवार को पार्क के बाहर धरने पर बैठ गए,इनमें बुजुर्ग महिलाएं और पुरुष शामिल रहे।उनका साफ कहना है कि जब तक पार्क के मुख्य द्वार पर गेट नहीं लगाया जाएगा वे पीछे नहीं हटेंगे। लोगो का कहना है कि यह पार्क स्थानीय जनता के उपयोग के लिए बनाया गया था लेकिन यहां रात के समय असामाजिक तत्वों की आवाजाही लगातार बनी रहती है,नशे में धुत युवक पार्क में घुसकर शराब पीते हैं।तोड़फोड़ करते हैं और गंदगी फैलाते हैं,साथ ही इसी रास्ते से होकर मनचले युवक कोसी नदी की ओर भी जाते हैं जिससे क्षेत्र में डर और असुरक्षा का माहौल बन गया है।इस मुद्दे पर पम्पापुरी क्षेत्र के सभासद नवीन सुनेजा ने भी ग्रामीणों की मांग को जायज बताया है।

उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले जब जिलाधिकारी वंदना सिंह ने क्षेत्र का दौरा किया था तब उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि वन भूमि का स्थानीय जनता के हित में उपयोग करते हुए यहां एक सार्वजनिक पार्क बनाया जाए। उन्होंने कहा कि पार्क तो बना दिया गया लेकिन सुरक्षा के अभाव में पार्क असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है। पार्क में गेट न होना सबसे बड़ी समस्या है, जिसकी वजह से लोगों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। बुजुर्ग महिलाओं ने कहा कि यह पार्क अब डर का केंद्र बन गया है, हम बच्चों को पार्क में भेजने से डरते हैं, रात को यहां अंधेरे में कौन आता है, क्या करता है इसका कोई हिसाब नहीं है। इस मामले में रामनगर वन प्रभाग के डीएफओ दिगंत नायक ने बताया कि इस पार्क के निर्माण कार्य के लिए करीब 20 लाख रुपये का टेंडर हुआ था लेकिन अब तक नगर पालिका ने केवल सात लाख रुपये ही विभाग को दिए हैं,हमने सात लाख के मुकाबले नौ लाख रुपये तक का काम कर लिया है, जैसे ही शेष बजट प्राप्त होगा, गेट सहित अन्य कार्य तुरंत शुरू कर दिए जाएंगे। इस दौरान सभासद नवीन सुनेजा, शीला भंडारी,बसंती देवी,कमला रावत, पुष्पा पंत, हेमा, बीना पांडे, गीता, सरिता, उमा,पीताम्बर सुंदरियाल, जीवेंद्र सिंह बिष्ट, प्रताप रावत, हरि दत्त रिखाड़ी, राजेंद्र प्रसाद भट्ट आदि मौजूद रहे।

## प्रचार की अनुमति लिए बिना गांव में प्रचार कर रही महिला प्रत्याशी

- निर्वाचन के नियम व कानूनों की खुलेआम उड़ाई जा रही हैं धज्जियां
- तीन बच्चों की जानकारी छिपाकर ग्राम देवीपुरा से प्रधान पद पर भरा है महिला ने पर्चा



शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** इस त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चुनाव आयोग पूरी तरह से बौना साबित हो रहा है, कुछ प्रतियाशियों ने अपने तीन बच्चों की जानकारी छिपाकर निर्वाचन के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया हैं वे निर्वाचन के संरक्षण में नियमों की धज्जियां उड़ाकर बिना डर के चुनाव में पूरे दमखम के साथ बिना प्रचार प्रसार की अनुमति लेकर गांव में ट्रैक्टर व टेम्पो से प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

बता दें की विकास खण्ड सितारगंज के ग्राम पंचायत देवीपुरा निवासी एक महिला प्रतियाशी द्वारा भी अपने तीन बच्चों की जानकारी छिपाकर चुनाव निर्वाचन अधिकारी सितारगंज के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया है, जिसके बलबूते पर महिला गांव में जोर शोर से चुनाव लड़ रही हैं, तथा चुनाव अधिकारी से मिले चुनाव चिन्ह पर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने का प्रचार प्रसार कर रही है। चुनाव आयोग की पारदर्शिता यहां तार तार होती दिखाई दे रही है।

बताते चले की तीन बच्चों की जानकारी छिपाकर चुनाव लड़ रही महिला प्रतियाशी के नामांकन पर आपत्ति के बाद भी चुनाव निर्वाचन द्वारा इस ओर अपनी कार्रवाई करने के बजाये अपनी आंखे मूंद लेना मिली भगत की कहानी को दोहरा रहा है।

## सनातन को जीवंत रूप देने में लगे हैं सीएम धामी: आचार्य



शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** देवभूमि उत्तराखंड में संस्कृत,संस्कृति, प्रकृति एवं सनातन की रक्षा के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जो कार्य कर रहे हैं,ऐसे सुनहरे अवसर में हर सनातनी व्यक्ति को अपने को जाति-पाति, ऊंच-निच की भावना से ऊपर उठकर सनातन का ध्वजवाहक बनना होगा।

यह विचार पुराणों के मरमज्ञ एवं प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य प्रकाश कृष्ण शास्त्री ने विद्वानों की गोष्ठी में व्यक्त किए। उन्होंने विद्वानों का आवाहन किया कि आज हम ऐसे दौर से गुजर रहे है। जब सनातन संस्कृति एवं संस्कारो के लिए चौतरफा षड्यंत्र कर सनातन की शक्ति को कमजोर करने का प्रयास किए जा रहे हैं। आचार्य ने कहा हर सनातनी अपने बच्चों को वेद, पुराण, उपनिषदों, गीता के साथ आचार विचार एवं संस्कारों की जानकारी देनी चाहिए। सोलह संस्कारो की और पीठ किए जाने का परिणाम यह निकल रहा है कि धरती के देवता माता पिता जिस बच्चों के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देते हैं, उसी बच्चे का विवाह होने पर वही माता पिता दुश्मन बन जाते हैं। यह सब संस्कारों को महत्व न दिए जाने की वजह से हो रहा है।

आचार्य ने विद्वानों से कहा कि वे सनातन समाज में समरसता लाने के लिए भी कार्य करें।

## धरती माता के आंचल को हरा भरा करने के अभियान का डीएम ने किया शुभारंभ

- आईटीबीपी एवं वन विभाग द्वारा जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने की शुरू की जा रही है सराहनीय पहल

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** मॉडल जिला चंपावत में धरती माता के आंचल को हरा-भरा करने एवं सूखते पेयजल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए जिला प्रशासन, वन विभाग एवं आईटीबीपी की 36वीं वाहिनी ने संयुक्त रूप से ऐसी सोच के साथ नई पहल की है कि यदि हमने यह कार्यक्रम समय से नहीं किया तो तब बहुत देर हो जाएगी, जब हमारी भावी पीढ़ी शुद्ध हवा व पानी के लिए मोहताज हो जाएगी।

जिलाधिकारी मनीष कुमार के अनुसार सोमवार को मानेश्वर धाम में एक ऐसी दूरगामी में सोच के साथ ऐसे कार्य की शुरुआत करने जा रहे हैं जिसमें मॉडल जिले की नंगी पहाड़ियों को पेड़ों से आच्छादित करने के साथ सूखते जल स्रोतों को सदाबहार हो जाएंगे। डीएफओ नवीन चंद्र पंत के अनुसार हम मिलकर एक ऐसे कार्यक्रम की शुरुआत करने जा रहे हैं जो भावी पीढ़ी को नया जीवन देगा। इस कार्यक्रम के पीछे हम सब की मॉडल दूरगामी सोच रही है। आईटीबीपी के कमांडेंट संजय कुमार का कहना है कि हम सब मिलकर एक ऐसा पौधा रोपण का कार्य करना चाहते हैं जो अन्य जिलों के लिए एक मिसाल होगा। इस कार्य में जिलाधिकारी द्वारा नई सोच एवं नए जोश के साथ जो परस्पर संवाद किया जा रहा है, उससे कार्यक्रम से जुड़े लोग काफी उत्साहित है। मानेश्वर धाम के पीठाधीश स्वामी धर्मराजानंद पुरी जी महाराज का कहना है कि इस पवित्र धाम की पहाड़ी को पानी के पोषक पेड़ो से हरा भरा करने की जो शुरुवात की जा रही है, मुझे लगता है कि यह सब कार्य देवादिदेव महादेव की प्रेरणा से ही हो रहा है क्योंकि इस कार्य में 'संकल्प शक्ति एवं इच्छा शक्ति' दोनों का समावेश दिखाई दे रहा है।

## बुजुर्ग महिला ने लगाया रास्ता बंद कराने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** मोहल्ला पम्पापुरी क्षेत्र की रहने वाली एक बुजुर्ग महिला ने जिला अधिकारी, कुमाऊं कमिश्नर और रामनगर वन प्रभाग के डीएफओ को एक ज्ञापन भेजा है।

मोहल्ला पम्पापुरी रामनगर क्षेत्र की रहने वाली पूनम शर्मा ने भेजे गए ज्ञापन में कहा कि वह 64 वर्ष की वृद्ध महिला वार्ड नंबर 1 में निवास करती है और पिछले 10 वर्षों से वह अपने पुत्र के साथ कार से अपने निवास पर आती जाती रहती है। उन्होंने बताया कि पहले यह कच्चा रास्ता था लेकिन कुछ माह से वह पक्का मार्ग सीसी बन गया है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित पार्क को बनाए जाने पर उनको कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन पार्क का बहाना लेकर वन विभाग और कुछ अन्य लोगों के द्वारा मेरा रास्ता भ्रमित कर बंद करने और उस पर ताला वाला गेट सड़क पर लगा कर बंद करने का प्रयास कर रहे हैं। भारत की नागरिक होने के नाते बिजली, पानी और सड़क मेरा मूलभूत अधिकार है, जिससे मुझे वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे मेरा व मेरे परिवार का मानसिक उत्पीड़न वन विभाग और कुछ लोगों द्वारा कुछ समय से किया जा रहा है।उन्होंने संबंधित अधिकारियों से घर का रास्ता दिलाने की अपील की है।

## एक नजर

### युवक पर हथियारबंद दबंगों ने किया हमला, घायल

**पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** महानगर के धोबीघाट क्षेत्र में एक युवक के साथ हथियारबंद दबंगों द्वारा मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने थाना ट्रांजिट कैंप में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाने में दी गई तहरीर के अनुसार, अर्जुन पाल धोबीघाट, रुद्रपुर में किराए पर रहकर शिकंजी का ठेला लगाकर जीविका चलाता हैं। 16 जुलाई की रात लगभग 8 बजे उनके बेटे वरदान के मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉलर ने धमकाते हुए कहा कि तू घर के बाहर आएगा या हम अंदर आकर तुझे मारे। इस धमकी से घबराया वरदान घर से बाहर निकला तो पहले से घात लगाए पांच युवक पीयूष निवासी टनकपुर, विक्रांत, अक्षय, रॉकी और अजय निवासी रुद्रपुर वहां मौजूद थे। आरोप है कि इन सभी युवकों ने वरदान को घेर लिया और बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। एक के पास तमंचा भी था, पीड़ित युवक को गंभीर चोटें आई हैं। इसी दौरान आस-पास के लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह जान बचाई, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। अर्जुन पाल का कहना है कि यह हमला सोची-समझी साजिश और जानलेवा इरादे से किया गया। हमलावर जाते-जाते वरदान को दोबारा जान से मारने की धमकी देकर चले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करजांच शुरू कर दी है।

### कृषि मंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया वृक्षारोपण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर में फलदार पौधा का रोपण किया।




इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल है, बल्कि मां के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक अनूठा माध्यम भी है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि एक वृक्ष हम मां के नाम लगाएं और उसकी देखभाल भी उसी ममता के साथ करें, जिस प्रकार मां अपने बच्चों की करती है। उन्होंने कहा कि यह अभियान भावनात्मक जुड़ाव और पर्यावरणीय चेतना का सुंदर संगम है।

### आबादी में घुसा मगरमच्छ वन विभाग ने किया रेस्क्यू

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** इस्लामनगर आबादी के निकट अचानक एक मगरमच्छ निकल आया जिसको देखते ही लोगों में हर काम मच गया। इस्लामनगर मे ईदगाह के समीप नाले से लगी आबादी के पास शनिवार देर शाम मगरमच्छ निकलने से आसपास के लोग भयभीत हो गए। वहीं लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर वन रेंज अधिकारी जीवन चंद्र उप्रेती के निर्देश पर वन दरोगा उत्तम सिंह राणा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू अभियान चला कर मगरमच्छ को बमुश्किल पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। इस दौरान मगरमच्छ को देखने के लिए मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। वहीं पूर्व बीडीसी ताहिर ने मांग की है कि आईटीआई के समीप नाले के किनारे भी कई मगरमच्छ है जिन्हें पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए।



### जिले के सभी डाकघरों में आज सेवाएं रहेंगी बाधित


शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर ।** सोमवार को जिले के सभी डाकघरों में सेवाएं बाधित रहेंगी। लेनदेन, स्पीड पोस्ट आदि कार्य नहीं हो पाएंगे। डाकघरों में सॉफ्टवेयर अपडेट किया जा रहा है। मंगलवार से डाकघरों में सुचारू रूप से कार्य शुरू हो जाएंगे। रामपुर रोड स्थित प्रधान डाकघर के पोस्ट मास्टर प्रवीण बसलियाल ने बताया कि कंप्यूटर सिस्टम को आईटी 2.0 एपीटी प्रोजेक्ट पर अपडेट किया जा रहा है। पुराने सॉफ्टवेयर की वजह से कर्मियों व उपभोक्ताओं को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इसको देखते हुए डाक विभाग की तकनीकी टीम ने आईटी 2.0 एपीटी सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इससे काम जल्दी होंगे और यह इस्तेमाल करने में आसान होगा।

इसके अपडेट होने से उपभोक्ताओं को ओटीपी के माध्यम से डिलीवरी, एटीएम सेवाओं में सुधार और ऑनलाइन लेनदेन में तेजी जैसी सुविधाएं मिलेंगी। बताया कि जिले के सभी 24 डाकघरों में सोमवार को सॉफ्टवेयर अपडेट किए जाएंगे, जिसके बाद मंगलवार से सभी कार्य किए जाएंगे।

### नशेड़ियों के खिलाफ प्रधानाध्यापक ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामनगर।** मोहल्ला खताड़ी ऊंटपड़ाव में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक ने पुलिस को तहरीर देकर नशेड़ियों के आतंक से निजात दिलाने और विद्यालय के बाहर अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय ऊंट पढ़ाव रामनगर में शबाना प्रधानाध्यपक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने सूचना दी स्कूल का ताला टूटा है और कार का शीशा भी टुटा हुआ है। उन्होंने बताया कि उनके पति रिहान एडवोकेट ने इस की सूचना पुलिस को दी। मौके पर जाकर देखा तो गेट का ताला और स्कूल के अन्दर खड़ी कार का शीशा टूटा हुआ था। बताया कि स्कूल के आस पास नशेड़ी घुमते रहते है और रातों को झुंड बनाकर स्कूल के आस पास खड़े रहते है। खाली बोत्तले और पत्थर स्कूल परिसर में फेकते है।कुछ कहने पर आरोपी झगड़ा करते हैं। इसके अलावा स्कूल के बाहर गाड़ियों की लाईन लगी रहती है। बच्चों के आने जाने का रास्ता भी नहीं छोड़ते है।उन्होंने बताया कि इस बात की शिकायत कई बार पुलिस के अधिकारियों से भी की।लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में 380 छोटे-छोटे बच्चे पढ़ते हैं।पुलिस की समय समय पर गश्त लगवाए और विद्यालय के आस पास असमाजिक तत्व को खड़ा न होने दे और अतिक्रमण मुक्त विद्यालय बनाने में संबंधित अधिकारियों से सहयोग की अपील की है।पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में चमका टिहरी का नाम

- जापान और थाईलैंड में पदक जीतने वाले कैनो स्प्रिंट खिलाड़ी सम्मानित, टीएचडीसी ने जताया गौरव
- कोटेश्वर हाई परफॉर्मेंस अकादमी के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय सफलता पर मिला सम्मान, प्रिंस गोस्वामी बने आकर्षण का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टीएचडीसी-आईकेसीए (इंडियन कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन) हाई परफॉर्मेंस एकेडमी, कोटेश्वर के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने हेतु एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में उन खिलाड़ियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिन्होंने जापान में आयोजित एशिया-पैसिफिक कैनो स्प्रिंट कप और थाईलैंड में हुई अंडर-23 एशियन कैनो स्प्रिंट चौंपियनशिप में देश और राज्य का नाम रोशन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि टीएचडीसी के अधिशासी निदेशक एलपी जोशी ने सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र और



स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि टीएचडीसी द्वारा इंडियन कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन के सहयोग तथा उत्तरांचल ओलंपिक संघ के समर्थन से कोटेश्वर में स्थापित की गई यह हाई परफॉर्मेंस एकेडमी अब खेल उत्कृष्टता का प्रमुख केंद्र बनती जा रही है। मात्र एक वर्ष के भीतर ही यह अकादमी राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित और अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त संस्था बन गई है।

कार्यक्रम में सबसे अधिक चर्चा का विषय रहे प्रिंस गोस्वामी, जिन्होंने जापान के कोमात्सु में आयोजित एशिया-पैसिफिक कैनो स्प्रिंट कप 2025 में दो स्वर्ण पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया। उन्होंने कैनो 1-1000 मीटर और कैनो 1-500 मीटर स्पर्धाओं में यह ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

थाईलैंड में आयोजित जूनियर एवं अंडर-23 एशियन कैनो स्प्रिंट चौंपियनशिप में कैनो 2 वर्ग में रजत पदक जीतने वाले पीएच. ज्ञानेश्वर सिंह और अरविंद वर्मा को भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतने वाले टोमथिलंगनबा नगाश. ेपम और हर्षवर्धन सिंह, रिमसन माइरेम्बम और जसप्रीत सिंह, तथा सी-2 वर्ग में कांस्य पदक विजेता गौरी कृष्णा एम को भी विशेष रूप से सम्मान प्रदान किया गया।

इन खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय कोच अलेक्जेंडर डायडचुक, ए चिंग चिंग सिंह और वीरपाल कौर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिनकी मेहनत और मार्गदर्शन से इन युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा को विश्व स्तर पर साबित किया।

इस सम्मान समारोह में टीएचडीसी के सीजीएम एमके सिंह, एजीएम डीपी पात्रो, वरिष्ठ प्रबंधक मोहन सिंह श्रीस्वाल, मनबीर सिंह नेगी, प्रबंधक गिरीश उनियाल, अकादमी निदेशक डॉ. सुमंत एस. कुलश्रेष्ठ, दिलीप बेनीवाल और शांतिस्वरूप सहित अनेक गणमान्य अधिकारी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

कोटेश्वर हाई परफॉर्मेंस एकेडमी द्वारा खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण व सुविधाएं उपलब्ध कराकर उत्तराखंड को जल क्रीड़ा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का कार्य किया जा रहा है, और यह सम्मान समारोह खिलाड़ियों के हौसले को और ऊंचा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# सीवर में भ्रूण मिलने पर हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के वार्ड नंबर एक (स्टाफ हाउस) क्षेत्र में रविवार को सीवर के मेन होल में भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गयी। कुछ ही देर में खबर आग की तरह फैली तो मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कबजे में ले लिया है। भ्रूण करीब पांच माह का बताया जा रहा है। पुलिस भ्रूण का चिकित्सकीय परीक्षण के साथ ही मामले की प्राथमिकता से जांच में जुट गई है। बता दें कि जल संस्थान की ओर से वर्तमान में नगर की पुरानी सीवर लाइनों की सफाई का कार्य किया जा रहा है। रविवार सुबह विभागीय कर्मी स्टाफ हाउस वार्ड में लाइनों की सफाई कर रहे थे। कर्मियों ने सीवर लाइन मेन होल का ढक्कन खोला तो भीतर भ्रूण पड़ा देखा। लोगों को खबर लगते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। इस दौरान क्षेत्र सभासद रमेश प्रसाद, स्नोव्यू वार्ड के सभासद जितेंद्र पांडे भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना पर कोतवाली से पहुंची एसआई आशा बिष्ट पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और भ्रूण को कबजे में लिया साथ इस संबंध में क्षेत्रवासियों से गहन पूछताछ की। आशा बिष्ट ने बताया कि करीब पांच माह का पुरुष भूण प्रतीत हो रहा है जोकि संभवत: बीती रात या सुबह फेंका गया है। भूण को मेडिकल परीक्षण के लिए राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल ले जाया जा रहा है। जिसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने किया नौटी गांव का निरीक्षण

- अधिकारियों को पड़ावों का भौतिक निरीक्षण कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शनिवार को नौटी गांव का स्थलीय निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने लोनिवि गेस्ट हाउस में सभी सम्बंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा नंदा देवी राजजात आयोजन के लिए नौटी गांव महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे में यात्रा के दौरा यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। जिसे देखते हुए



गांव में व्यवस्थाओं का दुरुस्त होना अत्यंत आवश्यक है। इस क्रम में उन्होंने सभी अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पड़ाव स्थल में सफाई, पेयजल, बिजली, आवागमन, ठहरने की व्यवस्था, शौचालय निर्माण और अन्य जरूरी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा से पहले सभी आवश्यक तैयारियों के प्रस्ताव समय पर उपलब्ध करा दें, जिससे निर्माण कार्य जल्द शुरू कराये जा सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जा सकता है। इसलिए प्रशासन और ग्रामवासी मिलकर यात्रा को सफल बनाने में अपना योगदान दें। जिलाधिकारी ने यह स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सुविधा, आपातकालीन सेवाएं, और मार्ग की मरम्मत, पार्किंग व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट निस्तारण को प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी भूमिका का निर्वहन सेवा भाव से करें, ताकि नंदा देवी राजजात यात्रा सफल, सुरक्षित और श्रद्धालुओं के लिए सुखद अनुभव बन सके।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी, एसडीएम कर्णप्रयाग सोहन सिंह रांगण, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तेज सिंह, लोनिवि गौचर के सुनील कुमार, एसओ कर्णप्रयाग कोतवाली राकेश चन्द्र भट्ट सहित अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

# ग्राम पैणी भवान मार्ग पर मैक्स वाहन दुर्घटना, एक की मौत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** तहसील डुण्डा के ग्राम पैणी भवान मोटर मार्ग पर एक मैक्स वाहन दुर्घटना में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई।

जिला आपदा प्रबंधन केंद्र उत्तरक. ाशी से मिली जानकारी के मुताबिक 8:45 बजे डुण्डा के ग्राम पैणी भवान मोटर मार्ग पर मैक्स वाहन संख्या यू०ए०-10-4792 खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाहन में एक ही व्यक्ति वाहन चालक इंद्रपाल सिंह परमार पुत्र शेर सिंह परमार ग्राम पैणी भवान धनारी तहसील डुंडा उत्तरकाशी

ही सवार था जिसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हुई है। घटना की सूचना पर पुलिस,108 सेवा मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया।

## एक नजर .......

### स्वच्छता अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**श्रीनगर।** भागीरथी कला संगम संस्था ने रविवार को विद्युत विभाग कार्यालय के आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया। संस्था ने विद्युत विभाग के आस पास उगी झाडियों और कूड़े करकट को एकत्र कर उसका निस्तारण किया गया। इस मौके पर उन्होंने आस-पास के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कूड़े को कूडेदान में डालने की अपील की। इस मौके पर भागीरथी कला संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद बर्थवाल, उपाध्यक्ष मुकेश नौटियाल, कोषाध्यक्ष भगत सिंह बिष्ट, संरक्षक रमेश चंद्र थपलियाल, हरेंद्र तोमर, संजय कोठारी सहित आदि मौजूद थे।

### चौस प्रतियोगिता में आदर्श ने मारी बाजी

**श्रीनगर।** अंतरराष्ट्रीय चौस दिवस के उपलक्ष्य में रेनबो पब्लिक स्कूल चौरास में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं के आदर्श ने प्रथम, नैतिक और स्तुति ने द्वितीय और कक्षा नौवीं की ६कार्तिक और शौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रेखा उनियाल ने विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया और बच्चों को चौस संबंधित मानसिक गेम के साथ-साथ शारी. रिक रूप से प्रतिभाग करने वाले खेलों में भी प्रतिभाग करने की प्रेरणा दी।

### गोवंशों की मृत्यू पर निगम प्रशासन पर लगाएं गंभीर आरोप

**श्रीनगर।** गौ सेवा संवर्धन समिति ने नगर निगम श्रीनगर द्वारा संचालित गौशाला की व्यवस्थाओं पर गंभीर आरोप लगाएं है। इस संदर्भ में समिति के अध्यक्ष अनुज जोशी, सपना जोशी, प्रेरणा काला ने उपजिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में कहा कि नगर निगम श्रीनगर के ओर से संचालित गौशाला में गौवंशों की मृतयु हो रही है, जो कि चिंताजनक है। कहा कि गौवंशों को समय से पानी, चारा और न ही चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने के कारण गौवंशो की मृत्यु हो रही है, जो कि निगम प्रशासन की लाप. रवाही को दर्शाया रही है। उन्होंने उपजिलाधिकारी श्रीनगर नुपूर वर्मा से निगम प्रशासन के खिलाफ जांच बैठाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की कि है। साथ समय-समय पर गौवंशों को चारा, पानी और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाएं जाने कि मांग की है।

### केदारनाथ धाम में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**रुद्रप्रयाग।** वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा में दिवंगत हुई पुण्य आत्माओं की शांति के लिए केदारनाथ धाम में 25 जुलाई से होने वाले सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक परंपरा अनुसार हनुमान ध्वजा के लिए नागजगई स्थित देवी मंदिर के पास बांस की बल्ली काटी। वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा में मृत लोगों की आत्मा की शांति के लिए सावन मास में 25 जुलाई से एक अगस्त तक श्रीमदभावगत कथा आयोजन किया जाएगा, जिसको लेकर बद्री-केदार मंदिर समिति एवं केदार सभा तैयारियों में जुटी गई है।

### चेकिंग में 24 बोतल शराब पकड़ी



**रुद्रप्रयाग।** थाना ऊखीमठ पुलिस ने चेकिंग के दौरान मैक्स वाहन संख्या यूके 12 टीबी 2775 में रखी कुल दो पेटी (24 बोतल) मैकडॉवल्स नम्बर वन मार्का शराब बरामद की। वाहन चालक स्तर से कोई संतोषजनक जवाब न दिए जाने पर उसे नियमानुसार गिरफ्तार कर बरामद शराब व वाहन को पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर थाना ऊखीमठ लाया गया। अभियुक्त मुकेश रावत पुत्र जागृत सिंह सिंह निवासी कोठार पोस्टऑफिस चेलीसैंण थाना सतपुली व जिला पौड़ी गढ़वाल के विरुद्ध ऊखीमठ थाने पर मु.अ सं. 19/2025 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के तहत सुंसगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गयी है। शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहन को सीज किया गया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सतीश शाह, हेड कांस्टेबल मुकेश नेगी, आरक्षी पंकज आर्य एवं कांस्टेबल चालक गिरीश सिंह शामिल थे।

# पेयजल संकट से जूझ रहे रुद्रप्रयाग विधानसभा के दर्जनों गांव

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विधानसभा रुद्रप्रयाग क्षेत्र की ग्राम सभाओं में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं में भ्रष्टाचार और पेयजल संकट की समस्या को लेकर भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कमलेश उनियाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की।

उनियाल ने ज्ञापन में कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह सामने आया कि कई ग्राम सभाएं भीषण पेयजल संकट से जूझ रही हैं। जल जीवन मिशन के तहत कई योजनाएं या तो अधूरी हैं या फिर केवल कागजों तक सीमित हैं। इससे न केवल ग्रामीणों को असुविधा हो रही है, बल्कि सरकारी धन का दुरूपयोग भी सामने आ रहा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि संबंधित विभागों को कई बार सूचित किए जाने के बावजूद आवश्यक कार्यवाही नहीं की गई।

उन्होंने 30 से अधिक ग्रामों की सूची भी सौंपी, जिनमें जवाड़ी, दरमोला, हडेतीखाल, लोली, ग्वाड़, मूसाडुंग, डोभा, सारी, सिन्द्रवाणी, चन्दी, जैन्ती, बरसिर, चौंरा, डुगंरी, छत्तोड़ा, बैरागणा, कठैतगांव, गोर्ती, भुनका, रतूड़ा, लुठियाग, कोटी, बणसौं, किरोड़ा, सिद्धसौड़, तैला सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं, जहां जलापूर्ति की स्थिति अत्यंत चिंता. जनक है।

# चोपड़ा-गढ़ीधर मार्ग पर बुलेरो दुर्घटनाग्रस्त, एक मरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग**-चोपड़ा-गढ़ीधार मोटरमार्ग पर एक बुलेरो वाहन अचानक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीमों ने खाई में उतर रेस्क्यू अभियान चलाया।

रविवार को शाम साढे६ तीन बजे आपदा कंट्रोल रूम को सूचना मिल. ीकि रुद्रप्रयाग-चोपड़ा-गढ़ीधार मोटरमार्ग पर गढ़ीधार के पास चोपड़ा की ओर जा रहा एक बुलेरो वाहन संख्या यूके 11 सीए 2645 खाई में गिरा है। सूचना मिलने पर



डीडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के जवान एवं 108 सेवा को घटना स्थल के लिए रवाना किया गया, जिसमें चालक समेत दो लोग सवार थे। टीम ने सड़क मार्ग से तीन सौ मीटर गहरी खाई में उतरकर रेस्क्यू अभियान चलाया।

घटना में चालक देवेंद्र सिंह पुत्र सुदामा सिंह उम्र 40 वर्ष ग्राम बनथापला घायल हो गया, जबकि संजय सिंह पुत्र मातवर सिंह उम्र 35 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। घायल व्यक्ति को ग्रामीणों की मदद से खाई से निकालकर सड़क पर लाया गया, जहां से उसे उपचार के लिए भेजा गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों के सपुर्द कर दिया गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवार ने बताया कि चोपड़ा-गढ़ीधार मार्ग पर वाहन दुर्घटना की सूचना मिलते ही शीघ्र टीमों को मौके के लिए रवाना किया। उन्होंने बताया कि घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। जिसका इलाज करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

# प्रधान पद प्रत्याशी का निधन, चुनाव स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली** / त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बीच एक दुखद खबर सामने आ रही हैं . थराली विकासखंड के देवलग्वाड़ गांव के प्रधान पद के प्रत्याशी का अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया जिससे वहां पर फिलहाल ग्राम प्रधान पद का चुनाव स्थगित हो गया फिलहाल ग्राम प्रधान का चुनाव नहीं किया जाएगा आपको बता दें कि विगत दिनों से प्रधान पद के प्रत्याशी राजेंद्र सिंह पुत्र नैन सिंह उम्र 38 अचानक तबीयत बिगड़ने से उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उनका



उपचार किया जा रहा था लेकिन अचानक शनिवार को एक दुखद खबर सामने आई जिससे देवलग्वाड़ के ग्रामीणों की आंख से आंसू रुक नहीं रहे हैं. इस दुखद घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि विगत दिनों पहले राजेंद्र की तबीयत खराब होने लगी और ग्रामीणों की मदद से राजेंद्र सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली उपचार के लिए लाया गया लेकिन डॉक्टरों ने राजेंद्र की हालत को देखते हुए उसकी हायर सेंटर रेफर कर दिया इसके बाद श्रीनगर उसका उपचार चल रहा था लेकिन डॉक्टरों ने उसे दो दिन उपचार के बाद जॉली ग्रांट के लिए रेफर कर दिया जॉलीग्रांट में शनिवार को राजेंद्र सिंह ने उपचार के दौरान मृत्यु हो गई

# युवा समर्पित, कुशल एवं दूरदर्शी बनकर कार्य करें: प्रो. सेमवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र में साप्ताहिक संवाद श्रृंखला के अंतर्गत विकसित भारत में युवाओं की भूमिकाख्र2047 विषय पर एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र के समन्वयक प्रो. एमएम सेमवाल ने कहा कि आज का युवा यदि समर्पित, कुशल एवं दूरदर्शी बनकर कार्य करे, तो वह राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। इस मौके पर गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा यदि किसी भी प्रकार की अकादमिक या प्रशास. निक समस्या हो, तो छात्रगण मुझसे कभी भी, कहीं से भी संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर केंद्र के संकाय सदस्य डॉ. प्रकाश सिंह एवं डॉ. आशीष बहुगुणा ने युवाओं को समाज परिवर्तन का अग्रदूत बताते हुए कहा विकसित भारत का मार्ग उन्हीं युवाओं के संकल्प और सृजनशीलता से होकर गुजरता है, जो राष्ट्र सेवा को अपना धर्म मानते हैं। विचार गोष्ठी में छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखे।

# छात्र-छात्राओं को दी गई आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा और नशा मुक्ति की सीख

**नई टिहरी।** कोतवाली नई टिहरी के तत्वावधान में राजकीय इंटर कॉलेज ढुंगीधार और कांडीखाल में छात्र-छात्राओं को महिला अपराधों की रोकथाम, आत्मरक्षा, नशा मुक्ति, साइबर क्राइम और सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को न केवल आवश्यक जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें नशा मुक्त भारत निर्माण की शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम के दौरान टिहरी पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को नशा मुक्ति अभियान, सड़क सुरक्षा के नियमों, साइबर अपराधों के प्रकारों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

# चुनाव के लिए स्ट्रॉंग रूम तैयार, सुरक्षा व्यवस्थाएं हुई दुरुस्त

- चुनाव सामग्री की सुरक्षा के लिए ब्लॉकों में बनाए गए स्ट्रॉंग रूम प्रथम चरण का मतदान 24 जुलाई को
- जनपद में पंचायत चुनाव की तैयारियां पूर्ण, मतदान सामग्री के भंडारण के लिए ब्लॉक स्तर पर स्ट्रॉंग रूम स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी नितिका खण्डेलवाल के मार्गदर्शन में टिहरी जनपद के विभिन्न विकास खंडों में मतदान सामग्री रखने हेतु स्ट्रॉंग रूम तैयार कर दिए गए हैं। ये स्ट्रॉंग रूम पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ बनाए गए हैं, जहां मतदान से पूर्व एवं पश्चात निर्वाचन सामग्री को सुरक्षित रखा जाएगा।

विकास खंड जाखणीधार के लिए विकास खंड मुख्यालय स्थित प्रमुख कार्यालय भवन और अतिथि गृह के दोनों कक्षों को स्ट्रॉंग रूम के रूप में चयनित किया गया है। जौनपुर विकास खंड के लिए रा.इ. का. थत्यूड़ परिसर, थौलधार के लिए विकास खंड कार्यालय थौलधार, देवप्रयाग के लिए रा.इ. का. हिण्डोलाखाल और प्रतापनगर के लिए रा.इ.का. प्रतापनगर में स्ट्रॉंग रूम बनाए गए हैं।

इसी प्रकार चंबा विकास खंड में मतदान सामग्री के लिए विकास खंड कार्यालय चंबा के सभागार के प्रथम तल को, कीर्तिनगर में विकास खंड कार्यालय कीर्तिनगर को, नरेंद्रनगर में फकोट स्थित विकास खंड मुख्यालय परिसर के पूर्व क्षेत्र पंचायत सभागार को तथा भिलंगना विकास खंड में मुख्यालय स्थित भवन संख्या 03 को स्ट्रॉंग रूम के रूप में चिन्हित किया गया है।

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जनपद टिहरी गढ़वाल में पंचायत चुनाव दो चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण का मतदान 24 जुलाई 2025 को जौनपुर, प्रतापनगर, जाखणीधार, थौलधार और भिलंगना विकास खंडों में संपन्न होगा, जबकि द्वितीय चरण का मतदान 28 जुलाई 2025 को कीर्तिनगर, देवप्रयाग, नरेंद्रनगर और चंबा विकास खंडों में आयोजित किया जाएगा।

चुनाव सामग्री की सुरक्षा और संरक्षित भंडारण के दृष्टिगत इन स्ट्रॉंग रूमों की स्थापना की गई है। प्रत्येक स्ट्रॉंग रूम पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और आवश्यकतानुसार सुरक्षा बलों की भी तैनाती की जाएगी, ताकि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रहे। जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिससे पंचायत चुनाव को निर्विघ्न रूप से संपन्न कराया जा सके।

# बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए झुंड बनाकर जा रहे अभिभावक

**रुद्रप्रयाग।** जखोली विकासखण्ड के किरोड़ा गांव में गुलदार के आतंक से ग्रामीण भयभीत हैं। बीते बृहस्पतिवार की घटना के बाद से ग्रामीण खौफजदा हैं और अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए झुंड बनाकर जा रहे हैं, जिससे गुलदार से बच्चों की सुरक्षा की जा सके। वहीं गुलदार को मुंहतोड़ जवाब देकर अपनी जान बचाने वाली छात्रा अम्बिका को मुख्य शिक्षा अधिकारी ने स्कूल पहुंचकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने सभी बच्चों को अंबिका की तरह ही मुसीबत में हिम्मत के साथ मुक. ाबला करने की सीख दी।

# उत्तरकाशी : घास काट रही महिला पर गुलदार ने किया हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

उत्तरकाशी : पुरोला ब्लॉक के कुमोला तोक में घास काटने गई एक महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटना रविवार सुबह की है

गांव के पास ही घास काट रही 38 वर्षीय उर्मिला देवी पत्नी चन्द्र मोहन नौड़ियाल, निवासी ग्राम पूजेली, अपने घर के समीप स्थित बगीचे में घास काट रही थीं, तभी घात लगाकर बैठे गुलदार ने अचानक हमला कर दिया।



गनीमत रही कि आसपास मौजूद ग्रामीणों ने समय रहते शोरगुल मचाया, जिससे गुलदार महिला को घायल कर मौके से भाग खड़ा हुआ। घायल अवस्था में उर्मिला देवी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरोला लाया गया, जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल कार्यवाही कर गुलदार को पकड़ने और घायल महिला को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## एक नजर

### कुशाल बिष्ट के कार्यालय का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के तालियां जिला पंचायत सदस्य भाजपा के प्रत्याशी कुशाल सिंह बिष्ट के प्रचार में रविवार को गोरिया देव कार्यालय का का उद्घाटन पूर्व दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नैनीताल विधानसभा के पर्यवेक्षक विजय भट, भाजपा अधिकृत प्रत्याशी कुशाल सिंह बिष्ट समेत पांच बूथों के अध्यक्ष शक्ति केंद्र संयोजक के साथ भारी संख्या में गोरिया देव, बोरा कोट समेत भुवन पखाल, प्रकाश सती, बालम सिंह नेगी, कूणखेत के अध्यक्ष शेखर के साथ क्षेत्र की जनता ने कुशाल सिंह बिष्ट के लिए वोट मांगे और उनके साथ ही ग्राम सभा कूण में लगातार घर घर जाकर प्रचार किया गया।

### लॉकेट लूटने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**हल्द्वानी।** बीते दिनों घर से बाजार समोसे लेने गयी बच्ची के गले से लॉकेट लूटने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकडे गये आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। बता दे कि बीते 14 जुलाई को चौधरी कालोनी गौजाजाली बनभूलपुरा निवासी आशा देवी पत्नी सुनील कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनकी पुत्री घर से बाजार समोसे लेने के लिए गयी थी तभी रास्ते में किसी युवक ने उसके गले से सोने का लॉकेट लुट कर॰रार हो गया। बनभूलपुरा पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरु कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सोमवार को पुलिस ने गले सोने का लॉकेट लुटने वाले आरोपी को हिमालयन स्कूल के सामने गौला बाईपास रोड पर बने टीन शेड के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपी ने अपना नाम हिमांशु पुत्र स्व. प्रदीप कश्यप निवासी वार्ड 2 राजपुरा बताया। पुलिस ने आरोपी के पास से लुटा गया सोने का लॉकेट भी बरामद कर लिया।

### रामजस कॉलेज में हर्षवर्धन बिष्ट का चयन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के पूर्व मेधावी छात्र हर्षवर्धन सिंह बिष्ट का चयन देश के शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित रामजस कॉलेज में भौतिकी में स्नातक (ऑनर्स) पाठ्यक्रम हेतु हुआ है। स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता के मुताबिक हर्ष ने वर्ष 2025 सत्र में कक्षा 12वीं विज्ञान/गणित वर्ग से उत्तीर्ण की है। हर्ष के चयन पर मेहता समेत विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट ज्योति प्रकाश, डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, उप प्रधानाचार्य प्रवीण सती समेत आलोक साह, प्रवक्ता शाहनवाज, मीनाक्षी बिष्ट, दरपान सिंह, चन्द्र प्रकाश, गोविंद सिंह बोरा, उत्कर्ष बोरा व नवीन पाठक आदि ने खुशी जताते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### पुलिस से भिड़ने पर कटवाया चालान

**नैनीताल।** वन वे अपर मालरोड पर विपरीत दिशा में वाहन चलाना व पुलिस से भिड़ना पर्यटकों को महंगा पड़ गया। पुलिस ने पर्यटक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। बता दें कि शनिवार देर रात हस्तिनापुर मीरूत के पर्यटक यूपी 15 डीएकस 5711 वाहन से नैनीताल पहुंचे। पर्यटक अपना वाहन लेकर अपर मालरोड पर वन वे से विपरीत दिशा में मल्लीताल चले गए। इस दौरान तल्लीताल से गश्त पर निकले एसओ रमेश बोरा ने वाहन को वन वे में विपरीत दिशा में जाते देखा तो उनको मल्लीताल पुलिस सहायता केंद्र के समीप रोक लिया। पुलिस के रोकने पर गुस्साए पर्यटक खुद को पत्रकार बताते हुए वीडियो बनाने लगे। पुलिस के समझाने पर पर्यटक विवाद करने लगे। जिस पर पुलिस ने पर्यटकों को वन वे की जानकारी दी। जब स्थानीय लोगों ने पर्यटकों के व्यवहार का विरोध किया तो वह शांत हुए। एसओ रमेश बोहरा ने बताया कि हस्तिनापुर मीरूत निवासी अंकुश के खिलाफ एमवी एकट के तहत चालानी कार्रवाई की।

### कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी जिशांत कुमार ने जनसम्पर्क कर मांगे वोट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कांग्रेस पार्टी के अधिकृत मेहरा गांव क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी जिशांत कुमार सिंक ने रविवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत खूपी और नैना गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की जनता से घर-घर जाकर संपर्क साधाए बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा युवाओं और महिलाओं से संवाद किया। जीशांत कुमार सिंकू ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि जनता का सीधा सहयोग और संवाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मेरा उद्देश्य चुनाव जीतना नहीं, बल्कि जनस. ेवा को मजबूती देना है। इस जनसंपर्क अभियान में स्थानीय लोगों ने प्रत्याशी का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और उन्हें अपना समर्थन देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि उनका चुनाव चिन्ह कप-प्लेट है जो सादगीए सेवा और जनता से सीधे जुड़ाव का प्रतीक है। प्रत्याशी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि आपका एक-एक वोट क्षेत्र के विकासए पारदर्शिता और जवाबदेही की नींव रखेगा। जनसंपर्क अभियान में कई स्थानीय कार्यकर्ता व युवा और समर्थक भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# सम सेमेस्टर परीक्षा के परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय ने रविवार 20 जुलाई को बीए/बीएससी/बीकॉम (एनईपी द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर) के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। यह विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार है कि इतने कम समय में सम सेमेस्टर के सभी परिणाम पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ घोषित किए गए हैं, जो उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और समयबद्धता के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य विश्वविद्यालय के सभी गुरुजनों, अधिकारियों और परीक्षा टीम की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने डीएसबी परिसर संबद्ध महाविद्यालयों और परीक्षा प्रकोष्ठ की टीम को बधाई दी। कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक डा. एमएस मंद्रवाल ने कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय के कुशल नेतृत्व और टीमवर्क का परिणाम है। परिणामों की समय पर घोषणा विद्यार्थियों के लिए कई महत्वपूर्ण अवसरों को सुनिश्चित करेगी, जैसे छात्रवृत्ति और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए फार्म भरना। छात्र अपने परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट और समर्थ स्टूडेंट पोर्टल के माध्यम से देख सकते हैं।

# हरेला महोत्सव का भव्य समापन

## 25 विद्यालयों के 50 छात्र-छात्राओं का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**




**नैनीताल।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा आयोजित दो दिनी प्रसिद्ध हरेला मेले का रविवार को समापन हो गया। समापन समारोह का शुभारंभ उत्तराखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस विशेष मौके पर उन्होंने कहा कि हरेला हरियाली का प्रतीक है। भारत की सभ्यता और संस्कृति में देवभूमि उत्तराखंड का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि लेक सिटी वेलफेयर क्लब ने लोक संस्कृति व परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का जो बीड़ा उठाया है उसे हरेला महोत्सव पूरा करेगा तथा अपनी संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाने में आगे वाली पीढ़ी को तैयार करेगा। इससे पूर्व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित द्वारा चंदोला होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर द्वारा आयोजित प्रतिभा ज्योति सम्मान समारोह में शहर के 25 विद्यालयों के 50 छात्र छात्रों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र भारत का भविष्य हैं। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्र राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक सरिता आर्या ने लेक सिटी वेलफेयर क्लब के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि क्लब साल भर सामाजिक व रचनात्मक तथा धार्मिक और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम करते आ रहा है, उन्होंने क्लब को अपनी तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के प्रायोजक डा. किशोर चंदोला ने कहा कि अगली बार से चंदोला होम्योपैथिक में इस कार्यक्रम का दिव्य और भव्य आयोजन करेगा। कार्यक्रम में पार्वती प्रेमा जगती सरस्वती विहार के प्राचार्य डा. सूर्य प्रकाश, भारतीय शहीद सैनिक स्कूल विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, लेक सिटी वेलफेयर क्लब की अध्यक्ष आभा शाह समेत हेमा भट्ट, रानी शाह, गीता शाह, मीनू बुधुलाकोठी, विनीता पांडे, कविता त्रिपाठी, ज्योति ढौंडियाल, रमा भट्ट, रमा तिवारी, डा. पल्लवी, अमिता शाह, तारा चौधरी, डा. प्रगति जैन, कंचन जोशी, प्रेमा अधिकारी, सविता फुलेरा, दया कुंवर, तनु सिंह, सीमा सेठ, सरस्वती चिराला, जया वर्मा, भावना शाह, वंदना जोशी तथा मानसी गर्ग व खष्टी बिष्ट आदि सदस्य उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक मीनाक्षी कीर्ति ने किया।

## यूओयू के जंगल से मिले शव के गले मे मिला शू-लेस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते शुक्रवार को उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के पास जंगल में मिली सड़ी-गली लाश के मामले में नया मामला सामने आया है। बताया जा रहा कि सड़ी-गली लाश के गले में शू-लेस कसा हुआ मिला। वहीं तीन दिन बीत जाने के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं होने पर अब पुलिस सोमवार (आज) पोस्टमार्टम करायेगी, और शव का पीएम होने के बाद यह स्पष्ट हो पायेगा की यह हत्या है या फिर आत्महत्या। पीएम रिपोर्ट के आधार पर ही पुलिस फिर आगे की कार्यवाही करेगी। बता दे कि बीते 18 जुलाई की दोपहर टीपीनगर पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के पास स्थित जंगल में सड़ी-गली हालत में 30 से 35 साल के एक युवक का शव बरामद हुआ। शव पेड़ के सहारे घुटनों पर टिका हुआ था। इससे यह अंदेशा हुआ कि हत्या को आत्महत्या की शक्ल देने के लिए यह किया गया होगा। अब सूत्रों से पता चला है कि शव के गले में एक डोरी मिली है, जो जूते की है। यह डोरी भी बुरी तरह से गले में कसी हुई है। अब सवाल यह है कि अगर यह आत्महत्या है तो जूते की डोरी यानी शू-लेस से कोई आत्महत्या कैसे कर सकता है। वहीं तीन दिन बीत जाने के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं होने पर अब पुलिस सोमवार (आज) पोस्टमार्टम करायेगी, और शव का पीएम होने के बाद यह स्पष्ट हो पायेगा की यह हत्या है या फिर आत्महत्या। इधर कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

## वॉल्वो ने बिलासपुर में तोड़ा दम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम की बसें बीच रास्ते में ही दम तोड़ रही है, जिसका खामियाजा यात्रियों को उठाना पड़ रहा है। काठगोदाम डिपो से चलने वाली दो वॉल्वो बस खराब रुद्रपुर और बिलासपुर में खराब हो गयी जिसको लेकर यात्रियों ने खूब हंगामा किया। बाद में दूसरी बस मंगा कर यात्रियों को रवाना किया गया।

उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम डिपो से चलने वाली ऑफलाइन चलने वाली वोल्वो बस यूके 04 पीए 1519 रविवार सुबह 10रू30 बजे हल्द्वानी से दिल्ली के लिए निकली थी। बस में करीब 17 यात्री सवार थे। बस अभी बिलासपुर ही पहुंची थी कि बस का इंजन जवाब दे गया। इसको लेकर यात्रियों का पारा चढ़ गया और उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया। परिचालक ने अधिकारियों से बात करते हुए हल्द्वानी से बस मंगवाई, जिसके बाद सभी यात्रियों को उसमे बैठा कर दिल्ली के लिए रवाना किया गया । वही दूसरी और बस संख्या यूके 04 पीए 1520 दोपहर 1.30 बजे हल्द्वानी से दिल्ली के लिए निकली थी। बस अभी रुद्रपर पहुंची ही थी की बस खराब हो गई। बस में 15 यात्री सवार थे। यहां भी खस्ताहाल बसों को लेकर यात्रियों ने जमकर नारा. जगी जाहिर की। परिचालक ने सभी यात्रियों को टिकट रिफंड किया और अधिकारियों को अवगत करा दिया। हल्द्वानी से दिन में चलने वाली यह अंतिम वाल्वो बस थी, इसलिए यात्रियों को अन्य साधारण बस में यात्रा कर दिल्ली की दूरी तय करनी पड़ी।

## भाजपा ने नारों को यथार्थ में बदला: रेखा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**अल्मोड़ा।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा जनपद के ताकुला में सनौली सीट से जिला पंचायत सदस्य पद के लिए भारतीय जनता पार्टी की समर्थित उम्मीदवार चंपा देवी के समर्थन में जनसभा एवं चुनाव प्रचार किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की डबल इंजन की सरकार में आम लोगों को रसोई गैस, राशन, मकान, किसान सम्मन निधि जैसी आधारभूत सुविधाएं मिली हैं। अगर क्षेत्र की जनता जिला पंचायत चुनाव में भी इस डबल इंजन सरकार में एक और इंजन जोड़ देती है तो विकास की गति और तेज होगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि भाजपा ने देशभर में विकासवादी राजनीति की नींव रखी है और भाजपा सरकारों ने चुनाव के दौरान जो वादे और नारे दिए उन्हें यथार्थ में भी बदला। रेखा आर्या ने महिलाओं के सशक्तिकरण को भाजपा के सबसे प्रमुख लक्ष्यों में से बताते हुए महिला मतदाताओं से पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को वोट देकर जिताने की अपील की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जगदीश डंगवाल, मंडल महामंत्री भूधर भाकुनी, वीरेंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद चौहान, प्रताप सिंह, भूपाल रावत, बालम सुयाल, संदीप भीम, प्रदीप नगरकोटी, मदन बिष्ट, सोहन कुमार, प्रकाश राम आदि उपस्थित रहे।

## युवक को बेरहमी से पीटा, कुकर्म का प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऑनलाइन सामान की डिलीवरी करने वाली कंपनी के लिए सेल्स मैन का काम करने वाले युवक ने अपनी कंपनी के एएसएम सहित तीन चार लोगों पर मारपीट करने और उसके साथ सरेराह कुकर्म का प्रयास करने का आरोप लागते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार कमलुवागांजा निवासी एक युवक ने पुलिस को दी तहरीर मे कहा कि वह ऑनलाइन सामान की डिलीवरी करने वाली कंपनी में काम करता है। पिडित ने बताया बीते 12 जुलाई को वह कंपनी के भगवानपुर स्थित स्टोर रूम से काम निपटाकर घर जा रहा था। तभी कंपनी के एएसएम और चार-पांच युवकों ने उसे रास्ते में घेर लिया, और उसके साथ गाली-गलौज कर उसे बुरी तरह मारपीट की गयी, इतनी ही नही उसमे बताया जब उसने पुलिस को फोन करने की कोशिश की तो उसका मोबाइल ही तोड़ दिया। युवक ने आरोप लगाया है कि कंपनी के युवकों ने उसकी पेंट उतारकर जबरन कुकर्म करने का भी प्रयास किया। तभी वह किसी तरह उनके चुंगल से भागकर अपनी जान बचाई, और जिसके बाद उसने किसी वाहन सवार से लिफ्ट मांगकर अपने घर तक पहुंचा। इधर मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। जिसकी जांच की जा रही है।

### नशे में दौड़ाई गाड़ी, चालान

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में शराब पीकर टैंपो ट्रैवलर चलाना हरियाणा के वाहन चालक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने मेडिकल कर वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए टैंपो ट्रैवलर सीज कर दिया है। जानकारी के अनुसार रविवार को हरियाणा से पर्यटकों से भरा टैंपो ट्रैवलर वाहन एचआर 61 डी 8429 तल्लीताल पहुंच गया। टैंपो ट्रैवलर नगर में प्रतिबंधित होने के चलते पुलिस ने वाहन चालक से रूकने को कहा लेकिन वह नहीं रूका। इस दौरान एसआई सतीश उपाध्याय व चीता कांस्टेबल से आगे जाकर वाहन को रोक लिया। इस दौरान पुलिस ने जब चालक से पूछताछ की तो वह शराब के नशे में प्रतीत हुआ। जिस पर पुलिस ने वाहन को रोक वाहन चालक का मेडिकल कराया। मेडिकल में वाहन चालक के नशे में होने की पुष्टि के बाद वाहन को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।


## सिंचाई खण्ड, नैनीताल

### एस0डी0एम0एफ0 के अन्तर्गत गतिमान कार्य

| क सं | योजना का नाम | विकास खण्ड | स्वीकृत लागत (रू लाख में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Flood Protection work & Anti Erosion Work at Shipra River in Khairna Garampani Market Nainital | बेतालघाट | 688.05 | कार्य पूर्ण। |
| 2 | Flood Protection Scheme For Protection of Patvati Prema Jgaati Residential School, Residential Building and Road from Durgapur Nala In Nainital | भीमताल | 99.36 | कार्य पूर्ण। |
| 3 | Fragile Slope Treatment and Sustainable Mitigation Work of Baliyanala, Downstream of Tallital District Nainital | भीमताल | 29893.00 | कार्य प्रगति पर। |
| 4 | Land Slide Mitigation Work Between Girls Hostel of DSB College Thandi Sadak Nainital City | भीमताल | 1234.44 | कार्य प्रगति पर। |
| | योग- | | 31914.85 | |

### राज्य सैक्टर के अन्तर्गत गतिमान कार्य

| क सं | योजना का नाम | विकास खण्ड | स्वीकृत लागत (रू लाख में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला नेनीताल के कोटाबाग वि0ख0 के अन्तर्गत 5.296 किमी0 लम्बी धमोला नहर एवं हैड के जीर्णोद्धार की योजना। | कोटाबाग | 107.92 | कार्य पूर्ण। |
| 2 | डैम सफटी रिव्यू पैनल (dsrp) द्वारा प्रस्तावित भीमताल बांध के स्थाइत्व के परीक्षण हेतु आवश्यक अध्ययन कार्यो का प्राक्कलन | भीमताल | 95.58 | कार्य पूर्ण। |
| 3 | उत्तराखण्ड डैम सफटी रिव्यू पैनल द्वारा प्रस्तावित भीमताल बांध की सुरक्षा हेतु प्रस्तााविस तात्कालिक उपचार तथा बॉध संरचना के व्यवहार की सतत निगरानी हेतु Instrumentation के कार्यो का प्राक्कलन | भीमताल | 199.18 | कार्य प्रगति पर। |
| | योग- | | 402.68 | |

### नाबार्ड के अन्तर्गत गतिमान कार्य

| क सं | योजना का नाम | विकास खण्ड | स्वीकृत लागत (रू लाख में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला नैनीताल के विकास खण्ड कोटाबाग मे नाबार्ड RIDF-XXVI के अन्तर्गत अपरकोटा नहर के पुनरोद्धार की योजना। | कोटाबाग | 94.68 | कार्य पूर्ण। |
| 2 | जिला नैनीताल के विकास खण्ड कोटाबाग में नाबार्ड RIDF-XXVI के अन्तर्गत खिचड़ी नहर के पुनरोद्धार की योजना। | कोटाबाग | 263.70 | कार्य पूर्ण। |
| 3 | जनपद नैनीताल के विकास खण्ड कोटाबाग में नाबार्ड RIDF-XXIX के अन्तर्गत 8.97 किमी0 लम्बी कालाढूंगी नहर के जीर्णोद्धार की परियोजना | कोटाबाग | 299.820 | कार्य प्रगति पर। |
| 4 | जनपद नैनीताल के विकास खण्ड कोटाबाग में नाबार्ड RIDF-XXIX के अन्तर्गत 06 संख्या नहरों के पुनरोद्धार/जीर्णोद्धार की योजना | कोटाबाग | 319.870 | कार्य प्रगति पर। |
| 5 | जनपद नैनीताल के विकास खण्ड कोटाबाग एवं रामनगर में नाबार्ड RIDF-XXIX के अन्तर्गत 10 संख्या नहरों के पुनरोद्धार/जीर्णोद्धार की योजना | कोटाबाग | 364.620 | कार्य प्रगति पर। |
| 6 | जनपद नैनीताल के विकास खण्ड कोटाबाग में नाबार्ड RIDF-XXIX के अन्तर्गत 11.177 किमी0 लम्बी 04 संख्या नहरों के पुनरोद्धार की योजना | कोटाबाग | 97.340 | कार्य प्रगति पर। |
| 7 | नाबार्ड RIDF-XXIX के अन्तर्गत तहसील कोश्याकुटौली में स्थित 05 संख्या मध्यम सिंचाई नहरों के पुरोद्धार की योजना। | कोटाबाग | 498.260 | कार्य प्रगति पर। |
| 8 | जनपद नैनीताल के तहसील बेतालघाट मे क्षतिग्रस्त 11 सं0 मध्यम सिचाई नहरो का पुनरोद्धार कार्य। | बेतालघाट | 773.920 | कार्य प्रगति पर। |
| 9 | जनपद नैनीताल के विकासखण्ड कोटाबाग मे चतुर्थ उपखण्ड कालाढुंगी के अन्तर्गत कमोला नहर, कमोला ब्रांच नहर, बचीपुर नहर, मझेड़ा नहर तथा नया गांव नहर, हरिपुर नहर, झलुवाझाला नहर, अपर दैचौरी एवं लोअर दैचौरी नहर, स्यात नहर, उदयपुरी माइनर, दानूचौड़ माईनर, देगांव एवं पाण्डे गांव नहरों की जीर्णोद्धार की परियोजना। | कोटाबाग | 611.450 — | कार्य प्रगति पर। |
| 10 | जनपद नैनीताल के विकासखण्ड कोटाबाग में चतुर्थ उपखण्ड कालाढुंगी के अन्तर्गत कमोला-धमोला अनुभाग में 38.20 किमी0 सिंचाई गूलों की मरम्मत व लाईनिंग की योजना। | कोटाबाग | 637.550 | कार्य प्रगति पर। |
| 11 | जनपद नैनीताल के विकासखण्ड कोटाबाग मे चतुर्थ उपखण्ड कालादुगी के अन्तर्गत दैचौरी अनुभाग मे 28.85 किमी0 सिंचाई गूल लाईनिंग की योजना। | कोटाबाग | 665.150 | कार्य प्रगति पर। |
| 12 | जनपद नैनीताल के विकासखण्ड कोटाबाग मे चतुर्थ उपखण्ड कालाढुंगी के अन्तर्गत कालाढुगी अनुभाग की में 31.35 किमी0 सिंचाई गूलों की मरम्मत व लाईनिंग की योजना। | कोटाबाग | 707.910 | कार्य प्रगति पर। |
| | महायोग :- | | 5334.27 | |

सिंचाई खण्ड
नैनीताल


# ग्राहक बनकर शराब की दुकान पहुंचे एडीएम, ओवररेट पर चालान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी द्वारा विदेशी मदिरा दुकान भवाली तथा देशी शराब की



दुकान रामगढ़ का रविवार को निरीक्षण किया गया। इस दौरान विदेशी मदिरा दुकान भवाली में अपर जिलाधिकारी ग्राहक बनकर गए और वीएटी 69 ब्रांड की एक बोतल खरीदी जिसका अंकित मूल्य 156 रुपए है जबकि सेल्समैन द्वारा गूगल पे के माध्यम से 160 रुपया लिया गया। तत्पश्चात अपर जिलाधिकारी द्वारा विपिन चंद्र पंत डिप्टी कलेक्टर जिला कार्यालय नैनीताल तथा डीएम कार्यालय के होमगार्ड पीआरडी आदि को मौके पर बुलाया गया तथा दुकान का गहन निरीक्षण किया गया। दुकानदार द्वारा स्टॉक का सत्यापन करने में असमर्थता जताई गई क्योंकि स्टॉक में माल को अस्तव्यस्त रखा गया है। सीसीटीवी चल रहा है किंतु बिलिंग मशीन काम नहीं कर रही है और कोने पर फेंकी हुई थी ।अपर जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा तत्काल जिला आबकारी अधिकारी को मौके पर आकर चालान करने के निर्देश दिए गए हैं एक लाख का चालान किया गया। इसके साथ ही देसी मदिरा दुकान रामगढ़ का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर देसी मदिरा खरीदते हुए एक व्यक्ति से खरीद मूल्य मालूम किया गया जिसमें 15 रुपए अधिक वसूल करने की पुष्टि हुई। दुकान में सीसीटीवी चल रहा है किंतु डिस्प्ले नहीं था। मोबाइल पर डिस्प्ले दिखाया गया। बिलिंग मशीन काम करती हुई नहीं पाई गई। स्टॉक सत्यापन किया गया जो सही पाया गया।

# सुविधाएं बढ़ीं तो मरीज़ भी बढ़े

## बीडी पांडे जिला अस्पताल में सैकड़ों मरीज़ों की सफल सर्जरी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**




**नैनीताल।** नगर के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में सुविधाएं बढ़ीं तो ऑपरेशन कराने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। सर्जनों ने बीते 6 माह में 700 से ज्यादा मरीजों के ऑपरेशन किए हैं। शीघ्र ही अस्पताल में दोबारा दूरबीन विधि से भी सर्जरी शुरू कर दी जाएंगी। बता दें कि बीडी पांडे जिला अस्पताल में रोजाना लगभग 500 मरीज हर रोज उपचार के लिए पहुंचते हैं। ओपीडी के साथ ही अस्पताल में लगातार सर्जरी भी की जाती है। बीते जनवरी से जून तक छह माह में अस्पताल में कुल 734 मरीजों की सर्जरी की गई है। इनमें जनरल पेट से संबंधित 66 मेजर व 139 माइनर ऑपरेशन, हड्डी के 36 मेजर व 67 माइनर ऑपरेशन, ईएनटी के 57 मेजर व 164 माइनर ऑपरेशन व मोतियाबिंद व अन्य 205 सफल ऑपरेशन किए गए हैं। इससे मरीजों को सरकारी शुल्क में बेहतर उपचार मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड वाले मरीजों को सर्जरी का कोई शुल्क नहीं देना पड़ता। बीडी पांडे जिला अस्पताल के पीएमएस डा. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर इलाज देने की कोशिश की जाती है। बताया कि अस्पताल में बीते 6 माह में 100 प्रतिशत सफल ऑपरेशन किये गए हैं। अब अस्पताल में दूरबीन विधि से भी दोबारा ऑपरेशन शुरू किए जाएंगे। जिला अस्पताल के पीएमएस डा. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि अस्पताल में पेट संबंधित सर्जरी सर्जन डा. वीके मिश्रा व डा. प्रशांत ओली, हड्डी संबंधित सर्जरी डा. नरेंद्र रावत तथा आंखों से संबंधित सर्जरी डा. दीपिका लोहनी व ईएनटी सर्जरी डा. मोनिका कांडपाल कर रही हैं।

# गिल के निशाने पर 19 साल पुराना रिकॉर्ड



**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ 23 जुलाई से शुरू होने वाले मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। एक तरफ भारतीय टीम की नजरें सीरीज में बराबरी हासिल करने पर टिकी होंगी, वहीं गिल के पास 19 साल पुराना एशियाई रिकॉर्ड तोड़ने का मौका रहेगा।

● **मैनचेस्टर में मोहम्मद यूसुफ को छोड़ देंगे पीछे भारतीय टेस्ट कप्तान**


गिल के पास इंग्लैंड में एक द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज बनने का मौका है। गिल फिलहाल शानदार फार्म में चल रहे हैं और उनके पास यह रिकॉर्ड अपने नाम करने का सुनहरा अवसर है। फिलहाल इंग्लैंड की धरती पर एक टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज का रिकॉर्ड मोहम्मद यूसुफ के नाम है जिन्होंने 2006 में पाकिस्तान के इंग्लैंड दौरे पर चार मैचों में 90.14 के औसत से 631 रन बनाए थे। गिल इस मामले में यूसुफ को पीछे छोड़ने से 25 रन दूर हैं। गिल ने मौजूदा इंग्लैंड दौरे पर गिल ने तीन मैचों में 101.16 के औसत से 607 रन बनाए हैं जिसमें बर्मिंघम टेस्ट की पहली पारी में 269 रन का स्कोर शामिल है।

गिल ने पहले दो मैचों में बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया था, लेकिन लार्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में उनका बल्ला खामोश रहा और वह 16 तथा 6 रन की पारी ही खेल सके थे। भारत को लार्ड्स टेस्ट में 22 रनों से हार का सामना करना पड़ा था और टीम फिलहाल पांच मैचों की सीरीज में 1-2 से पिछड़ रही है। भारतीय टीम अब आठ दिनों के अंतराल के बाद बुधवार से इंग्लैंड का सामना करने उतरेगी।

# चौथे टेस्ट से पहले अंशुल टीम में

● **इंडिया-ए में खेल चुके अंशुल कंबोज पेसर आकाश दीप और अर्शदीप के चोटिल होने के बाद हुआ बदलाव**

**ओल्ड ट्रैफर्ड, वार्ता।** दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगा। भारत सीरीज में 1-2 से पीछे है। आकाश दीप कमर में दर्द से जूझ रहे हैं। वे इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में खेले थे, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने अभी तक टेस्ट डेब्यू नहीं किया है। टेस्ट सीरीज से पहले खेले गए इंग्लैंड लायंस और इंडिया-ए सीरीज में कंबोज शामिल थे। आकाश दीप की उपलब्धता पर अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं है, जबकि अर्शदीप के मैनचेस्टर टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध होने की संभावना कम है। इसलिए सिलेक्टर्स ने कंबोज को टीम में शामिल करने का फैसला किया है। अर्शदीप सिंह गुरुवार को चौथे टेस्ट के लिए प्रैक्टिस कर रहे थे। बालिंग के दौरान वे गेंद रोकने की कोशिश में खुद को इंजर्ड कर बैठे। टीम इंडिया के असिस्टेंट कोच टेन डोश्चेट ने बताया था कि



बालिंग के दौरान अर्शदीप के हाथ में कट लग गया। ये कट कितना गहरा है, यह जांच के बाद ही पता चलेगा। अगर उन्हें हाथ में टांके लगाने की जरूरत पड़ी तो उनका प्रैवि प्रैक्टिस सेशन में यशस्वी जायसवाल को गेंदबाजी करने जाते अर्शदीप( हाथ में बाल)। अर्शदीप इसी दौरान चोटिल हुए थे।

# लार्ड्स में इंग्लैंड विमेंस ने भारत को हराया, सीरीज 1-1 से बराबरी पर

● **चेस्टर-ले-स्ट्रीट में होगा सीरीज का निर्णायक मुकाबला**

**लार्ड्स, वार्ता।** लार्ड्स में खेले गए दूसरे वनडे में इंग्लैंड विमेंस टीम ने भारत को 8 विकेट से हराया। इसके साथ ही इंग्लिश टीम ने सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली।

बारिश की वजह से मैच देर से शुरू हुआ और दोनों टीमों के लिए ओवर घटाकर 29-29 कर दिए गए। भारत ने निर्धारित 29 ओवर में 8 विकेट खोकर सिर्फ 143 रन बनाए। वहीं, बारिश की वजह से इंग्लैंड को 24 ओवर में 115 रन का टारगेट दिया गया। इंग्लैंड ने 21 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 116 रन बना कर टारगेट को हासिल कर लिया। भारत और इंग्लैंड विमेंस के बीच लार्ड्स में खेले गए दूसरे वनडे मैच बारिश की वजह से बाधित रहा। टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी भारत की खराब शुरुआत टास हारकर बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। भारत का पहला विकेट 6 रन पर ही आउट हो गई। दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर एम अर्लाट ने प्रतीका रावल को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। रावल ने 10 गेंदों का सामना कर 3 रन बनाए।

उसके बाद स्मृति मंधाना और हरलीन देओल ने भारतीय पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी हुई। इस पार्टनरशिप को 10वें ओवर में सोफी एकलेस्टोन ने तोड़ा। उन्होंने 46 के स्कोर पर देओल को अपनी ही गेंद पर कैच पकड़कर आउट किया। देओल ने 24 गेंदों का सामना कर 16 रन बनाए। इसके बाद कोई बड़ी साझेदारी नहीं हुई। हालांकि मंधाना एक छोर पर डटी रही लेकिन दूसरे छोर से एक्लेस्टोन ने हरलीन के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत (7) को भी चलता किया।


जेमिमा रोड्रिग्स (3) और रिचा घोष (2) भी जल्दी पवेलियन लौट गयीं। जिससे भारतीय टीम का स्कोर एक विकेट पर 46 रन से पांच विकेट पर 72 रन हो गया। मंधाना ने 51 गेंदों पर 42 रन बनाए। उसके बाद दीप्ति शर्मा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने इस दौरान अरुंधति रेड्डी (14) के साथ सातवें विकेट के लिए 26 रन की साझेदारी की। दीप्ति ने 34 गेंदों पर नाबाद 30 रन की पारी खेल भारत का स्कोर 29 ओवर के बाद 8 विकेट के नुकसान पर 143 रन तक पहुंचाया। शुरुआत में इंग्लैंड को 29 ओवर में 144 रन का लक्ष्य प्राप्त करना था।

# प्रिया मलिक ने फ्रीस्टाइल में जीता रजत पदक

● **फाइनल मुकाबले में भारत की प्रिया को ब्राजील की खिलाड़ी के खिलाफ 4-3 से मिली हार**

**बुडापेस्ट, वार्ता।** दो बार की वर्ल्ड कैडेट्स चैंपियन प्रिया मलिक ने पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2025 कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 76 किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में रजत पदक जीता। हंगरी के बुडापेस्ट में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत की प्रिया मलिक को ब्राजील की थामिरेस मार्टिन्स माचाडो के खिलाफ 4-3 के बेहद करीबी अंतर से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

भारतीय पहलवान ने टूर्नामेंट की शुरुआत क्वार्टरफाइनल में रियो 2016 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कजाकिस्तान की एलमिरा सिजदिकोवा को 7-2 से हराकर की। इसके बाद उन्होंने सेमीफाइनल में वैलेरिया ट्रिफोनोवा पर 11-1 की जबरदस्त जीत दर्ज की। हमवतन मनीषा ने 62 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। जहां कांस्य पदक मुकाबले में मनीषा ने क्रिस्टिना को 9-0 से पटखनी देकर जीत हासिल की। क्वार्टरफाइनल में मनीषा को अमीना टंडेलोवा से 11-0 से हार का सामना करना पड़ा था,




लेकिन उन्होंने रेपचेज राउंड के जरिए वापसी करते हुए फ्रांस की ओलंपियन अमेलिन डोआर को 8-2 से हराया। वहीं, नॉर्डिक सिस्टम के तहत 55 किग्रा वर्ग में खेल रहीं पुष्पा को अमेरिका की क्रिस्टेल नोएल रोड्रिग्स और कनाडा की वर्ल्ड चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता कार्ला गोडिनेज से हार का सामना करना पड़ा। ग्रीको-रोमन कुश्ती में करण कांबोज (87 किग्रा) क्वालिफिकेशन से, अंकित गुलिया (72 किग्रा) प्रीक्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। जीते गए पदकों के साथ भारत के पदकों की संख्या आठ हो गई है।

जिसमें तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में भारत पाक मैच रद्द

**बर्मिंघम, वार्ता।** शिखर धवन सहित भारतीय खिलाड़ियों के बहिष्कार के कारण बर्मिंघम में रविवार को डब्ल्यूसीएल में भारत और पाक के बीच खेला जाने वाला वेटरन्स क्रिकेट मैच रद्द कर दिया गया है। धवन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने बयान का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया जिसमें लिखा है कि यह औपचारिक रूप से दोहराया जाता है कि श्री शिखर धवन आगामी डब्ल्यूसीएल में पाक टीम के खिलाफ किसी भी मैच में भाग नहीं लेंगे। यह चर्चा 11 मई 2025 को कॉल और व्हाट्सएप पर हमारी बातचीत के दौरान पहले ही हो चुकी थी। हमारी वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति और भारत-पाक के बीच मौजूदा तनाव को देखते हुए, श्री धवन और उनकी टीम ने उचित विचार -विमर्श के बाद यह निर्णय लिया है।

### हांगकांग को हराकर भारत ग्रुप डी में शीर्ष स्थान पर पहुंचा

**इंडोनेशिया, वार्ता।** भारत ने रविवार को इंडोनेशिया में चल रही बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियन शिप के ग्रुप चरण में अपनी लगातार जीत के क्रम को जारी रखते हुए ग्रुप डी के आखिरी मुकाबले में हांगकांग को 110-100 से हराकर ग्रुप तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत और हांगकांग चीन रविवार को आमने-सामने होने से पहले ही नॉक-आउट चरण के लिए क्वालीफाई कर चुके थे, लेकिन जीत की लय बनाए रखना जरूरी था। आज यहां खेले गए मुकाबलों में रुजुला रामू ने एक बार फिर भारत को आईपी सुम याउ को 11-8 से हराकर विजयी शुरुआत दिलाई और भार्गव व विश्व तेज गोब्बूरू की विश्व की छठे नंबर की जूनियर बालक युगल जोड़ी ने चेंग साई शिंग और देंग ची फाई के खिलाफ बढ़त को 22-13 तक पहुंचाया।




# जिम्बाब्वे ने रग्बी विश्वकप 2027 के लिए क्वालीफाई किया

**कंपाला, वार्ता।** जिम्बाब्वे की राष्ट्रीय 15एस रग्बी टीम, सैबल्स ने रग्बी अफ्रीका कप के रोमांचक फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी नामीबिया को 30-28 से हराकर रग्बी विश्व कप 2027 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। कंपाला के मंडेला नेशनल स्टेडियम में कप्तान हिल्टन मुदारिकी की अगुवाई वाली जिम्बाब्वे ने शानदार प्रदर्शन कर जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया में होने वाले इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया। कड़ी टक्कर वाले पहले हाफ 16-16 से बराबरी पर समाप्त हुआ, लेकिन सैबल्स ने ब्रेक के बाद मजबूत वापसी की। गॉडफ्रे मुजानार्वा और ब्रैंडन मुडजेकेन्येद्जी के प्रयासों और इयान प्रायर के त्रुटिहीन रूपांतरणों की बदौलत जिम्बाब्वे ने 30-16 की बढ़त बना ली। नामीबिया ने दो प्रयासों और एक रूपांतरण के साथ देर से वापसी की और अंतर को केवल दो अंकों तक सीमित कर दिया।

# क्रिकेट दुनिया के 23 देशों तक फैला

**नई दिल्ली, वार्ता।** फ्रैंचाइजी क्रिकेट तेजी से बढ़ रहा है। यह दुनिया में कहीं भी खेला जा रहा हो, इसका भारत से कनेक्शन जरूर है। आईपीएल ने न सिर्फ सबसे सफल टूर्नामेंट के रूप में खुद को स्थापित किया है बल्कि अपनी सफलता से पूरी दुनिया की क्रिकेट अर्थव्यवस्था को नया रूप दिया है।

भारत के सक्रिय क्रिकेटर भले विदेशी लीग में खेलने से वंचित हैं, लेकिन भारतीय ब्रांड्स, कंपनियां, ब्राडकास्टर, पूर्व क्रिकेटर्स, अभिनेता बड़े पैमाने पर विदेशी लीग में किसी न किसी रूप में जुड़े हैं। किसी ने लीग में पैसा लगाया है, तो किसी ने टीमें खरीदी हैं। कोई ब्रांड एंबेसडर है तो कोई कमेंट्री कर रहा है। वर्ल्ड क्रिकेटर्स एसोसिएशन के अनुसार, दुनियाभर में 48 क्रिकेट लीग होती हैं। इनमें से 31 में भारत का कनेक्शन है। कुछ लीग में आईपीएल फ्रैंचाइजी का मालिकाना हक है तो किसी लीग में भारत के पूर्व क्रिकेटर या फिर भारतीय मूल के क्रिकेटर खेल रहे हैं। एक

● **टेस्ट खेलने वाले केवल 12 31 लीग में भारत का कनेक्शन, भारत के बाद अमेरिका में सबसे ज्यादा लीग**

चौंकाने वाली बात यह है कि अमेरिका में क्रिकेट इतना लोकप्रिय नहीं है और सुपरपावर भी सुपरस्टार है। लेकिन, वहां 11 क्रिकेट लीग खेली जाती हैं। इससे ज्यादा लीग सिर्फ भारत (21) में होती हैं। दुनिया की इन 31 लीग में भारतीयों की किसी न किसी रूप में भूमिका 1. आईपीएल, 2. आईएलटी20, 3. एसए20, 4. एमएलसी, 5. हंड्रेड, 6. इंटरनेशनल मास्टर्स लीग, 7. यूरो. पियन टी-20 प्रीमियर लीग, 8. बांग्लादेश लीग, 9. बिग बैश, 10. लंका प्रीमियर लीग, 11. वर्ल्ड चैम्पियनशिप आफ लीजेंड्स, 12. नेपाल लीग, 13. हान्गकान्ग क्रिकेट सिक्सेस, 14. मैक्स60 कैरेबियन, 15. ग्लोबल सुपर लीग, 16. कनाडा सुपर60 लीग, 17. अमेरिकन प्रीमियर लीग, 18. लंका टी10, 19. अबु धाबी टी10, 20. यूएसपीएल, 21. एनसीएल60, 22. जिमअफ्रो टी10, 23. माइनर लीग, 24. ह्यूस्टन प्रीमियर लीग, 25. आजी क्रिकेट लीग, 26. यूएसए मास्टर्स टी10, 27. लीजेंड्स लीग क्रिकेट मास्टर्स, 28. एशियन लीजेंड्स लीग, 29. लीग्ज 90 लीग, 30. लीजेंड्स लीग, 31. ओवर 60 इवेंट।

टेस्ट प्लेइंग 12, पर क्रिकेट 23 देशों तक दिलचस्प बात यह है कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने दुनिया के सिर्फ 12 देशों को टेस्ट नेशन की मान्यता दी है। यानी ये देश ही टेस्ट खेलते हैं। पर, फ्रैंचाइजी क्रिकेट का विस्तार 23 देशों तक है। इनमें अमेरिका, स्पेन, कतर, मलेशिया, हान्गकान्ग, कनाडा, नेपाल, नीदरलैंड्स जैसे क्रिकेट के लिए कम चर्चित देश भी शामिल हैं। सचिन तेंदुलकर और गावस्कर इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के को-फाउंडर हैं। अभिषेक बच्चन की यूरोपियन टी-20 प्रीमियर लीग में हिस्सेदारी है।

### खो-खो ने वैश्विक स्तर पर बढ़ाया कदम, सिंगापुर में किया पदार्पण

**सिंगापुर, वार्ता।** भारत के सबसे पुराने देसी खेलों में से एक, खो-खो को वैश्विक मंच पर ले जाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, इस खेल ने आज सिंगापुर में अपना पदार्पण किया। इस अवसर पर एक प्रदर्शनी मैच खेला गया जिसमें सिंगापुर की राष्ट्रीय टीम ने पहली बार हिस्सा लिया और उसका मुकाबला मलेशिया की टीम से हुआ, जो भारत में आयोजित खो-खो वर्ल्ड कप 2025 के उद्घाटन संस्करण में भी भाग ले चुकी है। यह ऐतिहासिक आयोजन एशियन खो-खो फेडरेशन (एकेकेएफ) द्वारा, खो-खो एसोसिएशन ऑफ सिंगापुर (केकेएएस) के सहयोग से, जुरोंग वेस्ट सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया। पूरे दिन चले इस कार्यक्रम का उद्देश्य सिंगापुर में खो-खो को लोकप्रिय बनाना था, जिसमें प्रशिक्षण सत्र, थ्योरी प्रेजेंटेशन और प्रदर्शनी मैचों का समावेश था। इस अवसर पर इंटरनेशनल खो-खो फेडरेशन (आईकेकेएफ) और खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहाकि आज खो-खो के लिए एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि यह सिंगापुर में अपना औपचारिक पदार्पण कर रहा है। एशियन खो-खो फेडरेशन की स्थापना इस क्षेत्र में खेल के प्रसार की शुरुआत है, जो अब केवल दक्षिण-पूर्व एशिया तक सीमित नहीं रहेगा।

# रन बनाने के लिए पावर की जरूरत होती है: टिम

**जमैका, वार्ता।** कैरेबियाई मैदान पर अधिक टी-20 मैच खेलने का अनुभव रखने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज टिम डेविड का मानना है कि होबार्ट हरिकेंस के साथी मिच ओवेन की शैली वेस्टइंडीज में खेलने के लिए उपयुक्त है। आप अच्छी पिच पर निर्भर नहीं रह सकते है, कई बार रन बनाने के लिए पावर की जरूरत होती है।


रविवार से शुरु हो रही टी-20 श्रृंखला से पहले डेविड ने कहाकि वह अपने करियर की शुरुआत में है, इसलिए मुझे यकीन है कि उसे दुनिया के इस हिस्से में खेलने का काफी अनुभव होगा। मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे कैरिबियन में टी-20 क्रिकेट खेलने का थोड़ा अनुभव है और मिच का खेल यहां खेले जाने वाले क्रिकेट को इस शैली के लिए काफी उपयुक्त है। आप केवल अच्छी पिचों पर निर्भर नहीं रह सकते। कई बार रन बनाने के लिए आपको पावर की जरूरत होती है, और आपको खुद पर भरोसा करना होता है। डेविड ने 31 मैच खेले हैं, जिनमें से 24 कैरिबियाई प्रीमियर लीग में और सात पिछले साल के टी-20 विश्व कप के दौरान खेले थे। यह उन्हें मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम में कैरिबियाई परिस्थितियों में खेलने का सबसे अनुभवी खिलाड़ी बनाता है। ओवेन, मैट



● **आप केवल अच्छी पिचों पर निर्भर नहीं रह सकते, कई बार रन बनाने के लिए पावर की जरूरत होती है और आपको खुद पर भरोसा करना होता है**

कुहनेमन के साथ ऑस्ट्रेलिया की 16 सदस्यीय टीम में शामिल दो संभावित टी-20 डेब्यू खिलाड़ियों में से एक हैं, जो कि रविवार रात से जमैका में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रहे पांच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए टीम में शामिल हैं। हरिकेंस को दक्षिण अफ्रीका 20, पाकिस्तान सुपर लीग, इंडियन प्रीमियर लीग और अमेरिका में मेजर लीग में उनके प्रदर्शन के कारण ऑस्ट्रेलियाई टी-20 टीम में जगह मिली है। 23 वर्षीय मिच, जिन्होंने क्रेग सिमंस के 39 गेंदों में सबसे तेज बीबीएल शतक के रिकॉर्ड की बराबरी करके होबार्ट को अपना पहला बिग बैश खिताब दिलाया था, ने ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाई। उन्होंने कहाकि यह मिच के लिए रोमांचक है, यह ऑस्ट्रेलियाई टीम में उनका पहला मौका है और उनकी पहली सीरीज खास होती है। मिच बेहद आत्मविश्वास से भरा क्रिकेट खेल रहा है, जिसकी बदौलत हमने बीबीएल खिताब जीता, लेकिन वह दुनिया भर में लगातार ऐसा करता रहा है। ओवेन ने लगभग 200 के स्ट्राइक रेट से 313 रन बनाए और रिकी पॉन्टिंग की वाशिंगटन फ्रीडम के लिए 14 विकेट लिए। उन्होंने एमएलसी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता। उनकी टीम पिछले रविवार को डलास में हुए फाइनल में एमआई न्यूयॉर्क से हार गई थी। जमैका में ऑस्ट्रेलिया के टीम होटल में डेविड के साथ अनप्लेएबल पॉडकास्ट पर बात करते हुए ओवेन ने कहा कि बिग बैश के बाद से, सब कुछ बहुत तेजी से हुआ है।

# विराट कोहली-अनुष्का शर्मा को फिल्म महावतार नरसिम्हा दिखाने की जताई इच्छा



**मुंबई, वार्ता।** फिल्म निर्देशक अश्विन कुमार ने विराट कोहली और अनुष्का शर्मा को अपनी आने वाली फिल्म महावतार नरसिम्हा दिखाने की इच्छा जताई है।

फिल्म महावतार नरसिम्हा के निर्देशक अश्विन कुमार ने कहा है कि वह चाहते हैं विराट कोहली और अनुष्का शर्मा उनकी फिल्म महावतार नरसिम्हा जरूर देखें। उन्होंने दोनों को 'नए समय के प्रेरक' और आज के युवाओं के लिए मिसाल बताया है। अश्विनी कुमार ने कहा कि महावतार नरसिम्हा की टीम की तरफ से मैं सच में चाहूंगा कि विराट और अनुष्का भी यह फिल्म देखें, क्योंकि वे आज के समय के बड़े असरदार लोग हैं और अब भक्ति की राह से भी जुड़े हैं। उन्हें अब ईश्वरीय शक्ति की अहमियत का भी एहसास है, इसलिए वे आज के युवाओं के लिए एक बड़ी मिसाल बन सकते हैं।

अश्विनी कुमार ने कहा कि इस फिल्म का मकसद सिर्फ फिल्म बनाना नहीं है, बल्कि इसे ऐसा काम बनाना है जो युवाओं के दिल में भक्ति और समझ जगाए। उन्होंने यह भी बताया कि वह इसे पूज्य श्री प्रेमानंद महाराज जी को दिखाना चाहते हैं, जिनकी बातों से उन्हें इस फिल्म को बनाने का बड़ा हौसला मिलाउन्होंने कहा, यदि हम विराट-अनुष्का को यह फिल्म दिखा सकें और उन्हें बुला सकें, तो वह हमारे लिए बहुत बड़ी कृपा होगी। क्योंकि वह सच में युवाओं और दुनिया के लोगों की भलाई के बारे में सोचते हैं। उनकी बातें हमारे लिए अनमोल हैं।

जब वह समझेंगे कि हम उन्हीं की सीख को आगे बढ़ा रहे हैं, तो यकीन है वह खुश होंगे और हमारे इस काम से दुनिया को आशीर्वाद देंगे। महावतार नरसिम्हा 3डी और पांच भारतीय भाषाओं में 25 जुलाई को रिलीज़ होगी।

### ऑनर किलिंग : गैर जातीय युवक से प्रेम करने पर

# पिता ने बेटी को नहर में फेंककर मार डाला

## पुलिस ने युवती का शव बरामद कर पिता को गिरफ्तार भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** एक पिता ने अपनी 18 वर्षीय लड़की को नहर में फेंक कर हत्या कर दी। पिता के अनुसार उसकी बेटी गैर जातीय युवक से प्रेम करती थी इसलिए उसने ऐसा कदम उठाया। वहीं पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार करने के साथ मृतका का शव भी बरामद कर लिया है।

**❖प्रदीप धीमान निवासी ढालूवाला ने अपनी 18 वर्षीय बेटी को बाइक से नहर के पुल पर लाकर दे दिया धक्का**

शनिवार देर शाम कुछ कांवड़ियों ने 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी कि एक व्यक्ति ने युवती को नए नहर पुल से नहर में फेंक दिया है। मौके पर कस्बा चौकी प्रभारी बलबीर,उप निरीक्षक गजपाल और हैड कांस्टेबल श्याम बाबू पहुंचे। उन्होंने मौके पर कॉल करने वाले हिमांशु से जानकारी ली तो उसने एक व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए बताया कि इस व्यक्ति ने अपने



बेटी को नहर में धक्का दे दिया है। अन्य कांवड़ियों ने बताया कि उक्त व्यक्ति अपनी बेटी को बाईक पर बिठाकर यहां लया था। पुलिस ने आरोपी ने जानकारी ली तो उसने अपना नाम प्रदीप धीमान पुत्र आत्माराम निवासी ढालूवाला थाना सिडकुल बताया। उसने बताया कि उसकी बेटी गैर जातीय युवक से प्रेम करती थी जब उसे यह जानकारी हुई तो उसने अपनी बेटी को समझाया लेकिन वह नहीं मानी। वहीं आज वह अपनी बेटी को बाईक पर बिठाकर लाया और काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मानी तो जान से मारने की नीयत से उसे नहर में धक्का दे दिया। आरोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं युवती की नहर में तलाशी शुरू की जिसका शव आज नहर से बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# दरवाजे पर तड़ातड़ फायरिंग कर दहशत फैलाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा 20 जुलाई थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा शनिवार रात्रि लगभग 1:00 बजे मकान के दरवाजे के गेट पर अज्ञात द्वारा तीन राउंड गोली करने का आरोप लगाते हुए तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम झबरेड़ी कला निवासी राजकुमार द्वारा खाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार रात्रि लगभग 1:00 बजे जब सभी परिजन सो रहे थे उसी समय दरवाजे के गेट पर किसी अज्ञात द्वारा तीन राउंड गोली चलाई गई। गोली चलने की आवाज सुनकर वह तथा परिजन जाग गए। गोली चलने की आवाज सुनकर मोहल्लेवासी भी वहां पर आ गए। मकान का दरवाजा खोलकर जब वह बाहर आए तो उन्होंने तीन लोगों को जिन्होंने अपने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था एक ही मोटरसाइकिल पर भागते हुए दिखाई दिए। उन्होंने गोली चलाने वाले लोगों से अपनी जान का खतरा बताया है। थाना निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात तीन लोगों के खिलाफ संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## युवती को बहला फुसलाकर भगाने पर गांव के ही युवक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि तीन दिन पूर्व गांव का ही एक युवक उसकी पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि तीन दिन पूर्व उसकी पुत्री को गांव का ही एक युवक रात्रि के समय अपने साथ ले गया है। उसकी पुत्री घर में रखी कुछ नगदी तथा सोने चांदी के आभूषण भी अपने साथ ले गई है। परिजनों द्वारा अपनी पुत्री को ढूंढने के लिए पुलिस से मदद की गुहार लगाई है थाना निरीक्षक अजय सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## हरिद्वार से जल लेकर लौट रही महिला कांवड़िया की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर लौट रही एक महिला शिव भक्त की अचानक तबीयत बिगड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।जहां उसकी उपचार के दौरान मौत गई।

जानकारी के अनुसार कावंड़ यात्र के दौरान एक कावंड़ यात्री महिला जिया पुत्री सोनित (22) निवासी बक्सर जिला मेरठ हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गतंव्य की ओर वापस लौट रही थी।जैसी वह कलियर क्षेत्र के धनौरी एनआईसी इंटर कॉलेज के पास पहुंची तो उसकी अचानक तबियत बिगड़ गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए रुड़की सिविल अस्पताल भिजवाया। और उसके परिजनों को सूचना दी। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है।सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। उसके बाद शव को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# लक्सर नगर पालिका अध्यक्ष ने किया शिव भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने सभासदो के साथ हरिद्वार जा रहे शिव भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया है।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संजीव उर्फ नीटू ने कहा कि मेरी इतनी हैसियत नहीं कि मैं भंडारे का आयोजन कर सकूं यह तो भोले की कृपा है ऊपर वाले की मेहरबानी है जो मेरे व सभी सभासदों द्वारा आज कावड़ यात्रियों शिव भक्तों के लिए भंडारा किया जा रहा है उन्होंने कहा आज सुबह से ही हम लोग सभासदों के साथ शिव चौक पर हरिद्वार जा रहे हैं शिव भक्तों की सेवा में लगे हुए हैं जिससे हमें भी कुछ पुण्य मिल जाए उन्होंने कहा हम चाहते हैं कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कावड़ यात्रा शिव भक्तों की शांतिपूर्ण रहे और सभी मांगी गई अपनी मन्नत के अनुसार शिवालो में जल चढ़ाएं उन्होंने कहा मेरी ओर से सभी शिव भक्तों की जितनी भी सेवा होगी वह कर रहा हूं उन्होंने यह भी कहा कि मैं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष एवं सभी सभासद इस भंडारे के आयोजन में शामिल है आज भंडारे के



आयोजन में जो शामिल रहे उनमें संजीव उर्फ नीटू अध्यक्ष अरविंद कल्याणी सभासद जुल्फिकार अहमद विकास खटाना अंकुर चौधरी आदि कई सभासद मौके पर मौजूद रहे।

## घर में विशालकाय मगरमच्छ के घुसने से गांव में दहशत

### वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लकसर।** क्षेत्र के गीद्दावाली गांव में विशालकाय मगरमच्छ मिलने से हड़कंप मच गया जिसका वन विभाग की टीम के द्वारा 2 घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद उस मगरमच्छ का रेस्क्यू किया गया। वन रेंज अधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया की सूचना मिली थी की गीद्दा वाली गांव के बीच में घर था घर के अंदर विशाल काय मगरमच्छ घुस आया है उस सूचना पर तुरंत ही वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया यह मामला रात करीब 2:30 बजे का है उन्होंने यह भी बताया की यह मगरमच्छ खुशरपाल सिंह पुत्र फूल सिंह के घर में घुस गया था विशाल काय मगरमच्छ होने की वजह से उसको पकड़ने के लिए करीब दो घंटे तक वन विभाग की टीम के द्वारा कड़ी मशक्कत कर उसको पकड़ लिया गया उन्होंने यह भी बताया की उसको पकड़ने वाली वन विभाग की टीम में गुरजंट सिंह रोहित सैनी एवं अन्य कर्मी शामिल रहे गुरजंट सिंह एवं उनके साथ टीम के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य लक्सर क्षेत्र में किया जा रहा है उन्होंने आमजन से भी अपील की है की अगर कहीं भी कोई खतरनाक वन्य जीव किसी को दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत ही वन विभाग की टीम को दे जिससे वक्त रहते हुए उसको पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया जाय विशाल काय मगरमच्छ को भी सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत, दूसरा गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** नारसन हाईवे पर रविवार की शाम मोटरसाइकिल के साथ अज्ञात वाहन की टक्कर हो गई। दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। हाईवे पर उत्तराखंड प्रवेश गेट के निकट एक ढाबे के सामने सड़क पर अज्ञात वाहन व बाइक की टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। बाइक सवार दोनों घायल व्यक्तियों को उपचार के लिए 108 के माध्यम से अस्पताल भिजवाया गया। दुर्घटना में घायल कुलदीप पुत्र योगेन्द्र उम्र 34 वर्ष निवासी सुल्तानपुर गाजियाबाद की सिविल अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि अनुज पुत्र पीतम सिंह उम्र 43 निवासी गामड़ी मेंहदीपुर मेरठ गंभीर रूप से घायल है। अस्पताल में उसका उपचार किया जा रहा है। नारसन पुलिस चौकी प्रभारी हेमदत्त भारद्वाज ने बताया कि मृतक व घायल के परिजनों को सूचित कर दिया गया है

## प्रयास ट्रस्ट ने बांटा प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रयास फाउंडेशन ट्रस्ट के लोगों द्वारा जयकारा वीर बजरंगी, हर हर महादेव, शंकर भगवान की जय के उद्घोष के साथ प्रसाद वितरण किया गया। पंकज सिंघल ने कहा कि अतिथि हमारे लिए देव के समान होते हैं इसीलिए सनातन धर्म में कहा गया है की अतिथि देवो भव सभी कावड़िये हमारे लिए अतिथि के समान हैं। हम सभी की जिम्मेदारी है कि सभी साथ मिलकर शिव भक्तों की सेवा करें। ट्रस्ट के कोष अध्यक्ष विक्रांत पुंडीर ने कहा मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है प्रयास फाउंडेशन ट्रस्ट के सभी ट्रस्टी समय-समय पर जन सेवा के कार्य करते रहते हैं। इस अवसर पर डॉ. कुलदीप त्यागी, सौरभ त्यागी, हार्दिक त्यागी, हर्षित शर्मा, मनोज शर्मा, वेदांत अर्णव विश्वजीत पवार, आशु आदि लोग उपस्थित रहे।

## देर रात लक्सर में गोलियों की तड़तड़ाहट से मची दहशत, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर मे देर रात वार्ड नंबर 2 और 3 में तीन मोटरसाइकिल पर सवार 9 नए-नए गुन्डो ने गलियों से गुजर कर आधा दर्जन राउंड फायरिंग करके सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

लक्सर के सिमली मोहल्ले में दहशतगर्दो ने बाइक से सवार होकर कई राउंड फायरिंग करते हुए लोगों में दहशत का माहौल बना दिया अफरा तफरी में लोग अपने घरों में छुप गए। मौके पर पहुंची लक्सर पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर फुटेज अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। वही इस बाबत स्थानीय निवासियों द्वारा बताया गया है कि तीन मोटरसाइकिलों पर जो लोग सवार थे जिनके द्वारा मोहल्ला सिमली में बाइक पर सवार होकर कई जगह पर नो फायरिंग की गई है आखिर कुछ लोगों द्वारा इसका विरोध भी किया गया मगर दहशतगर्दो द्वारा लोगों के जााने के बावजूद भी फिर दोबारा फायरिंग की गई है जिससे स्थानीय निवासी काफी दहशत में आ गए इस तरह ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची लोगों से जानकारी जुटा और आसपास लगे सीसी कैमरे भी पुलिस देख रही है वहीं इस बाबत मौके पर पहुंचे एस आई नवीन चौहान ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंचे थे आसपास के लोगों से जानकारी मिली है और सीसी फुटेज भी देखी जा रही है जल्द ही आरोपियों का पता लग जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दे इससे पूर्व लक्सर के केशव नगर मोहल्ले में कुछ दहशतगर्दो द्वारा एक शराब कारोबारी पर फायरिंग की गई थी हालांकि फायरिंग के दौरान शराब कारोबारी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा मगर शराब कारोबारी की तैयारी के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए दो लोगों को जेल भेजा था लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रोधन का कहना है कि समाज में दहशत फैलाने वाले किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा शीघ्र इसमें कार्रवाई की जाएगी हालांकि इस समय पर कावड़ मेला पूरे चरम सीमा पर है पुलिस व प्रशासन जोर के साथ कावड़ ड्यूटी का निर्वाह कर रहा है जिसका फायदा उठाते हुए दहशतगर्दो द्वारा हवाई फायरिंग की गई है।

## एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण व संरक्षण कार्यक्रम संपन्न




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** मेरा युवा भारत हरिद्वार के निर्देशन में एक दिवसीय एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण एवं संरक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मेरा युवा भारत हरिद्वार के जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार एवं लेखाधिकारी धर्म सिंह रावत ने उपस्थित होकर उपस्थित स्वयंसेवकों को वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया एवं वर्तमान समय पर चल रही पर्यावरण संतुलन पर चिंता व्यक्त की। वृक्षारोपण एवं संरक्षण कार्यक्रम में बहादराबाद ब्लॉक के राष्ट्रीय स्वयंसेवक अंकुल चौहान, मोहित, विकास, महफूज, प्रियांशु, पिंटू, अभिषेक, प्रियांशु चौहान एवं प्रिंस आदि ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया।

## कांवड़ियों को वापस हाईवे पर भेजा

**लक्सर।** हाईवे पर कांवड़ वाहनों की अंधाधुंध दौड़ के बीच रविवार को कुछ कांवड़ यात्री रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए। ट्रैक पर पहले से मौजूद जीआरपी के जवानों ने उन्हें समझा-बुझाकर वापस हाईवे पर भेजा। कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर लक्सर में प्लेटफार्म और सर्कुलेटिंग एरिया के साथ ही लक्सर रेलवे बाईपास मार्ग पर भी जवानों को तैनात किया गया है। इस बीच रविवार को हाईवे पर कांवड़ वाहनों की संख्या बढ़ने से जाम की स्थिति पैदा होने पर कुछ कांवड़ यात्री रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए। वह ट्रैक पर ही गंतव्य के लिए चल पड़े।

## करंट लगने से किसान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** बिजली के तार की चपेट में आकर करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। किसान संगठनों ने किसान की मौत पर रोष प्रकट किया है।

झबरेड़ा थाना क्षेत्र के हीराहेड़ी गांव निवासी कुलबीर (45) शनिवार रात को खेत में सिंचाई करने के लिए नलकूप चालू करने गया था। इसी दौरान अंधेरे में उसका पैर विद्युत लाइन के केबल से छू गया। करंट लगने से उसकी मौत हो गई। काफी देर होने पर भी जब वह घर नहीं लौटा तो उसके परिजनों ने नलकूप पर जाकर उसकी खोज की। उन्होंने देखा कि वह मृत हालत में केबल के पास पड़ा हुआ है। परिजनों ने उसको वहां से उठाकर स्थानीय डॉक्टर को दिखाया तो चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराए बिना ही उसका रविवार को अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं किसान नेता सुभाष नंबरदार ने किसान की मौत पर रोष प्रकट करते हुए ऊर्जा निगम पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। किसानों ने मृत किसान के परिजनों को मुआवजा देने की मांग भी उठाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि उनको घटना की जानकारी नहीं दी गई है। वह गांव में जाकर मामले की जानकारी जुटाएंगे।

## पुलिस ने बाइक सहित एक चोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पुलिस द्वारा शनिवार रात्रि गश्त के दौरान एक बाइक चोर को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। बाइक चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है। थाना निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि शनिवार रात्रि इकबालपुर चौकी इंचार्ज नितिन बिष्ट पुलिस के साथ गशत पर थे। उसी समय ग्राम फाजिलपुर तिराहा पर एक युवक बाइक सहित खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक भागने लगा लेकिन पुलिस ने कुछ ही दूरी पर युवक को दबोच लिया। जो बाइक युवक के पास थी उस पर नंबर प्लेट भी नहीं थी। युवक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अनमोल निवासी ग्राम खजुरी बताया। उसने बताया कि उसने यह बाइक 2 जुलाई को सिविल हॉस्पिटल रुड़की के पास से चोरी की थी। उक्त को थाने लाया गया तथा संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है।

## विद्युत ट्रांसफार्मर से तेल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम मानकपुर आदमपुर से शुक्रवार रात्रि किसी अज्ञात द्वारा विद्युत सप्लाई करने वाला विद्युत ट्रांसफार्मर को जोड़ से नीचे उतार कर उसमें रखा तेल तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए।

जानकारी के अनुसार झबरेड़ा स्थित विद्युत उपखंड अवरअभियंता अशोक कुमार द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार रात्रि किसी अज्ञात के द्वारा ग्राम मानकपुर आदमपुर में विद्युत सप्लाई के लिए रखा विद्युत ट्रांसफार्मर को जोड़ से नीचे उतर कर उसमें रखा तेल तथा कॉपर के तार आदि निकाल कर चोरी कर ले गए। थानाध्यक्ष का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### मंगलौर : सभासद के अधिवक्ता पति की तहरीर पर

# पूर्व चेयरमैन सहित 50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** सभासद के अधिवक्ता पति की तहरीर पर पुलिस ने मंगलौर के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी इस्लाम,उनके पुत्र एवं उनके समर्थकों के खिलाफ मारपीट एवं अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कारवाई शुरू कर दी है।

**❖तमंचे के बल पर मारपीट व रस्सी से गला घोटने का भी लगाया आरोप**

मंगलौर पुलिस को दी तहरीर में पूर्व सभासद एवं सभासद पति शफी एडवोकेट पुत्र शमीम अहमद ने बताया कि 17 जुलाई को वह नगर पालिका कार्यालय में हरेला पर्व के लिए पौधे लेने गए थे तभी वह किसी कार्य से कार्यालय के अंदर गए जहां अधिकारियों से वार्ता करने के बाद वह नगर पालिका अध्यक्ष के कक्ष में चले गए। एडवोकेट शफी के अनुसार वहां पूर्व अध्यक्ष इस्लाम चौधरी,उनके पुत्र आसिफ,जिशान, याकूब ठेकेदार, नय्यर, आजम अंसारी, वसीउज्जमा खान,मसीउज्जमा खान बैठे थे। शफी के अनुसार वह उन्हें देखते ही अपशब्द कहने लगे और अपने आपको वहां का चेयरमैन बताने लगे। आरोप है कि उन लोगों ने तमंचे के बल पर उन्हें पकड़ लिया और प्लास्टिक की रस्सी से गला घोंटने का प्रयास किया। शफी के अनुसार उन्होंने कहा कि अपने आदमियों द्वारा उनके खिलाफ कारवाई गई शिकायतें वापस लें अन्यथा वह उसकी हत्या कर देंगे। शफी के अनुसार उन्होंने उनकी पत्नी का इस्तीफा दिलवाने की बात कही और उनके कपड़े भी फाड़ दिए। शफी के अनुसार उनकी जेब के 50 हजार रूपए निकलकर भी वहीं गिर गए। आरोप है कि चौधरी इस्लाम और समर्थक उनकी हत्या करना चाहते थे जिस इरादे के साथ मारपीट शुरू कर दी। शफी के अनुसार जब उन्होंने शोर मचाया तो काफी संख्या में वहां लोग आ गए। उन लोगों ने उन्हें वहां से बाहर निकालना चाहा तो उनके साथ भी मारपीट की गई। किसी तरह वह बचकर वहां से भागे तो उनके पीछे 60 से 70 लोग दौड़ पड़े। वही तहरीर के आधार पर पुलिस ने नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी इस्लाम एवं समर्थकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पूर्व नपा अध्यक्ष व समर्थकों से बताया जान का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** सभासद पति ने पूर्व चेयरमैन और उनके समर्थकों से अपनी जान को खतरा बताया है। मोहम्मद शफी के अनुसार वह चौधरी इस्लाम द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को उजागर किया था इसलिए वह उनसे रंजिश रखते चले आ रहे हैं।

रविवार को स्वर्गीय विधायक हाजी सरवत करीम अंसारी के कार्यालय पर विधानसभा प्रत्याशी रहे उबैदुर्रहमान उर्फ मोंटी के साथ पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सभासद पति मोहम्मद शफी एडवोकेट ने पूर्व पालिका अध्यक्ष चौधरी इस्लाम व उनके समर्थकों द्वारा अपनी और आपने परिवार की जान को खतरा बताया हे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 2016 में नगर पालिका चेयरमैन रहे चौधरी इस्लाम द्वारा नगर पालिका में कई भ्रष्टाचार किए गए थे जिनको उजागर कर वह जनता के सामने लाए थे। उन्हीं बातों से नाराज होकर रंजिशन पूर्व चेयरमैन अपने समर्थकों से जान से मारने की कोशिश कर रहे हैं। शफी ने बताया मेरे द्वारा अपनी सुरक्षा के चलते 2016 में भी अपनी पुलिस प्रोटेक्शन हाई कोर्ट से ली गई थी। उन्होंने प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की



मांग की है। वहीं उप चुनाव में बसपा से विधानसभा प्रत्याशी रहे उबैदुर्रहमान उर्फ मोंटी ने कहा कि नगर पालिका में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है पूर्व अध्यक्ष जबरदस्ती नगर पालिका में अपनी दखल देते हैं जो किसी भी तरह सही नहीं है। उन्होंने मांग कि पुलिस दर्ज मुकदमे के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी करे

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 21 जुलाई 2025

# अच्छी चर्चाओं की उम्मीद

सोमवार (आज) से संसद का मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है। जैसीकि परंपरा हो चली है कि सत्र शुरू होने से पूर्व सर्वदलीय बैठक बुलाई जाती है। रविवार को भी बैठक बुलाई गई। जिसमें विभिन्न दलों के 54 सदस्यों ने भाग लिया। यह बैठक बुलाने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि संसद कार्यवाही सुचारू रूप से चले और जिन बातों पर मतभेद हो सकता है, उसको किसी हद तक पहले ही सुलझा लिया जाए। बैठक में विपक्षी दलों ने जिस तरह के तेवर दिखाए, उससे साफ है कि संसद में गर्मागर्म बहस देखने को मिल सकती है, क्योंकि लगभग सभी दलों के नेताओं का कहना था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में देश को संबोधित करना चाहिए। इतना ही नहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आरोप और बिहार में जिस तरह मतदाता सूची को लेकर काम हो रहा है, उस पर भी अपना वक्तव्य देना चाहिए। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा भी कि इस सत्र में हम पहलगाम पर बात करेंगे। वहीं सपा के रामगोपाल यादव का भी कहना था कि उन्होंने बैठक में पहलगाम आतंकी हमला और इसमें खुफिया विफलता, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ट्रम्प के सैन्य कार्रवाई रोकने वाले बयान, पांच जैट गिराए जाने वाले बयान आदि का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि विदेश नीति की विफलता के कारण ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया के किसी देश ने हमारा साथ नहीं दिया। अन्नाद्रमुक व आप नेताओं ने भी इसी तरह की बातें कही। जहां तक बात सरकार की है, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने जहां सर्वदलीय बैठक को सकारात्मक बताया, वहीं कहा कि यह सभी को सुनिश्चित करना चाहिए कि संसद सत्र का शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संचालन हो, क्योंकि यही सबसे महत्वपूर्ण है। रिजिजू ने कहा कि हम अलग-अलग दलों और विचारधाराओं से हो सकते हैं लेकिन संसद को सफलतापूर्वक चलाना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने विपक्षी दलों को विश्वास दिलाया कि सरकार सभी की बात को सुनेगी। उनका कहना था कि संसद चलाना जितनी सरकार की जिम्मेदारी है, उतना ही जिम्मेदार विपक्ष भी है। उन्होंने जो और एक अच्छी बात कही वह यह कि छोटे दलों का भी ध्यान रखा जाएगा, उनकी शिकायत रहती है कि उन्हें बेहद कम समय दिया जाता है। सरकार की कोशिश रहेगी कि उनको पर्याप्त समय मिले। उनका छोटे दलों से मतलब उन दलों से है जिनके पास एक-दो सदस्य हैं। वास्तव में ऐसा होता है तो यह एक अच्छी पहल होगी और किसी को शिकायत नहीं होगी, लेकिन देखने में आता है कि संसद सत्र शुरू होने से पूर्व बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में काफी मुद्दों पर सहमति होने की बात सामने आती है, लेकिन जब संसद सत्र शुरू हो जाता है तो सारा वातावरण ही बदल जाता है और जो संसद अच्छी चर्चाओं के लिए जानी जाती है वहां हंगामा और शोर-शराबा देखने को मिलता है। कई बार तो पूरा सत्र ही हंगामे की नजर हो जाता है। जबकि संसद सत्र की कार्रवाई में जनता का भारी भरकम पैसा खर्च होता है। सरकार को और तमाम विपक्षी दलों को इस ओर ध्यान देना होगा कि संसद को किसी तरह का अखाड़ा न बनाया जाए, जनता स्वस्थ देखना चाहती है।

## पहली वफादारी देश के लिए, पार्टी के लिए नहीं



किसी भी राजनीतिक दल के नेता की पहली वफादारी देश के प्रति होनी चाहिए, पार्टी के प्रति नहीं, पार्टियां सिर्फ एक रास्ता हैं, देश को बेहतर बनाने का जरिया हैं, अगर देश ही नहीं बचेगा, तो पार्टियों का क्या फायदा, इसलिए जब देश की सुरक्षा का सवाल हो, तब सभी दलों को मिलकर काम करना चाहिए, जब हम कहते हैं कि देश के लिए दूसरे दलों से मिलकर काम करना चाहिए, तो कुछ लोग इसे पार्टी से गद्दारी समझ लेते हैं, यही सबसे बड़ी दिक्कत है, राजनीति में मुकाबला चलता रहता है, लेकिन मुश्किल वक्त में देश के सभी दलों को एकजुट होना चाहिए।

**-शशि थरूर, सांसद, कांग्रेस**

# संसद में प्राइवेट मेंबर बिल: गंभीरता की गिरती रेखा व लोकतंत्र की अनदेखी



**वीरेश तरार**

भारतीय लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था संसद का स्वरूप वर्षों में किस प्रकार बदला है, इसका सजीव उदाहरण हमें संसद में प्रस्तुत किए जाने वाले विधेयकों के स्वरूप में देखने को मिलता है। संसद में दो प्रकार के विधेयक होते हैं एक वे जिन्हें सरकार स्वयं लाती है, जिन्हें सरकारी बिल कहा जाता है और दूसरे वे, जिन्हें किसी मंत्री के अतिरिक्त संसद का कोई भी सदस्य जिसे हम सांसद कहते हैं पेश करता है, जिसे प्राइवेट मेंबर बिल के नाम से जाना जाता है।

सरकारी बिल सरकार की नीतियों को लागू करने या किसी नए कानून को बनाने के लिए लाया जाता है। इसे सरकार का समर्थन प्राप्त होता है, इस कारण से संसद में बहुमत से पारित होने की संभावना सबसे अधिक रहती है। इसके उलट प्राइवेट मेंबर बिल उस सांसद के व्यक्तिगत या क्षेत्रीय चिंताओं, किसी जनसमूह की पीड़ा, सामाजिक अन्याय या उपेक्षित वर्ग की समस्याओं को संसद के माध्यम से उजागर करने का माध्यम होते हैं। यह बिल इसलिए भी खास होते हैं क्योंकि इनके माध्यम से आम नागरिकों के जीवन से जुड़े मुद्दे संसद में उठते हैं परंतु विडंबना यह है कि ऐसे बिलों को संसद में वह स्थान या महत्व नहीं मिलता, जिसकी एक जीवंत लोकतंत्र में अपेक्षा की जाती है।

अगर हम भारत की स्वतंत्रता के बाद की संसदीय यात्रा पर दृष्टिपात करें, तो पाते हैं कि 1970 तक संसद में प्राइवेट मेंबर बिलों को विशेष गंभीरता से लिया जाता था। उस कालखंड में कुल तीन सौ सत्तर प्राइवेट मेंबर बिल संसद में प्रस्तुत किए गए और उनमें से चौदह बिल कानून बनकर जनता तक पहुंचे। यह संख्या न केवल सांख्यिकीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण भी है कि उस समय संसद में हर सदस्य की बात को सुना जाता था, बहस होती थी और यदि जनहित में उचित पाया जाता था तो उसे कानून का रूप भी दिया जाता था। उस दौर के कुछ बिल तो इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो चुके हैं। बाल विवाह को समाप्त करने वाला ऐतिहासिक शारदा अधिनियम, महिलाओं को संपत्ति में अधिकार दिलाने वाला हिंदू उत्तराधिकार संशोधन अधिनियम, धार्मिक संस्थानों में पारदर्शिता लाने वाला मुस्लिम वक्फ अधिनियम जैसे अनेक उदाहरण इस बात को प्रमाणित करते हैं कि संसद तब केवल सरकार की आवाज नहीं थी, वह आमजन की आवाज का वास्तविक मंच थी। दुर्भाग्यपूर्ण सत्य यह है कि 1970 के बाद से संसद का स्वरूप बदलता गया और संसद में



प्राइवेट मेंबर बिल महज औपचारिकता बनकर रह गए।

आजादी के बाद का वह स्वर्णकाल एक विराम के साथ समाप्त हो गया। पिछले पचपन वर्षों में एक भी प्राइवेट मेंबर बिल कानून नहीं बन पाया है। न केवल कानून नहीं बना, बल्कि अनेक ऐसे बिल जिनमें समाज की धड़कनें थीं, जिनमें जनता की पीड़ा थी, उन पर बहस तक नहीं हो पाई। ऐसा लगता है कि संसद केवल सरकार के एजेंडे तक सीमित होकर रह गई है।

आज की 18वीं लोकसभा और राज्यसभा में प्राइवेट मेंबर बिलों की स्थिति अत्यंत निराशाजनक है। यदि हम मौजूदा लोकसभा की बात करें तो अब तक कुल चौसठ प्राइवेट मेंबर बिल पेश किए जा चुके हैं। वहीं राज्यसभा में उनचास बिल प्रस्तुत किए गए हैं परंतु इन दोनों सदनों में इन बिलों पर गंभीर बहस की कोई मिसाल देखने को नहीं मिलती। कोई बिल चर्चा के लिए नहीं आता और बिना चर्चा के सूची से बाहर कर दिया जाता है। यह स्थिति यह संकेत देती है कि संसद के भीतर सत्ता पक्ष की सोच किस प्रकार एकपक्षीय होती जा रही है।

बीते वर्षों में अनेक ऐसे प्राइवेट मेंबर बिल लाए गए, जिनके समाज और राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकते थे। भारतीय जनता पार्टी के युवा सांसद वरुण गांधी ने शहरी गरीबों के लिए एक ऐतिहासिक प्राइवेट मेंबर बिल संसद में प्रस्तुत किया था, जिसके माध्यम से शहरी क्षेत्रों में भी मनरेगा जैसी योजना लागू करने का सुझाव था। यदि यह बिल कानून बन जाता तो भारत के करोड़ों शहरी गरीबों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन आ सकता था, लेकिन इस बिल को संसद में चर्चा का अवसर ही नहीं मिला। इसी प्रकार कांग्रेस की महिला नेता अलका लांबा ने महिलाओं के कार्यस्थल पर उत्पीड़न रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण बिल प्रस्तुत किया, परंतु इस बिल को भी गंभीरता से नहीं लिया गया और चर्चा तक नहीं हो सकी।

राज्यसभा में ओडिशा के युवा सांसद सुजीत कुमार द्वारा लाए गए सस्टेनेबल फैशन बिल और हेपेटाइटिस नियंत्रण विधेयक इस समय चर्चा में हैं। यदि इन विधेयकों को गंभीरता से लिया जाता तो भारत में पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जवाबदेही और सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति में बड़ा सुधार संभव हो सकता था लेकिन अब तक के अनुभव यही कहते हैं कि संसद में ऐसी गंभीर पहलें हाशिए पर डाल दी जाती हैं। इस बार कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद मनीष तिवारी ने स्थानीय स्वशासन को मजबूती देने के उद्देश्य से एक बड़ा प्राइवेट मेंबर बिल प्रस्तुत किया है, जिसमें नगर निगम के मेयर के कार्यकाल को एक वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष करने और उनके प्रत्यक्ष चुनाव का प्रावधान है।

यदि यह बिल कानून बनता है तो नगरीय लोकतंत्र को नई ऊर्जा मिल सकती है, शहरी प्रशासन में स्थायित्व आ सकता है और जनता को सीधे अपने नेतृत्व को चुनने का अवसर प्राप्त हो सकता है। परंतु संसद में प्राइवेट मेंबर बिलों के हालात देखते हुए इस बिल के भी बहस में आने या कानून बनने की संभावना क्षीण प्रतीत होती है। इन उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि संसद अब वैसी नहीं रह गई जैसी वह अपने प्रारंभिक दशकों में थी। जनप्रतिनिधियों की आवाजें अब सत्ताधारी दलों के एजेंडे के नीचे दब जाती हैं। संसद में विपक्ष और स्वतंत्र सांसदों के सुझावों को गंभीरता से सुनने की परंपरा लगभग समाप्त हो गई है। आज सरकार की प्राथमिकता केवल उन्हीं बिलों को पारित करना है जो उसके नीतिगत और राजनीतिक हितों के अनुकूल हों। प्राइवेट मेंबर बिलों पर बहस तक न होना यह सिद्ध करता है कि वर्तमान लोकतंत्र एकपक्षीय हो गया है। अब संसद का मानसून सत्र आरंभ होने जा रहा है। यह सत्र इतिहास बनाएगा या बीते पचपन वर्षों की परंपरा को ही दोहराएगा, यह देखना अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। क्या संसद इस बार प्राइवेट मेंबर बिलों को गंभीरता से बहस का विषय बनाएगी? क्या जनप्रतिनिधियों की आवाजें संसद में गूंजेंगी या वे सत्ता के अहंकार में दब जाएंगी? यह सवाल संसद के लोकतांत्रिक चरित्र की परीक्षा का क्षण है। यदि इस सत्र में भी प्राइवेट मेंबर बिलों पर बहस नहीं होती और उन्हें कानून का दर्जा नहीं मिलता, तो यह स्पष्ट संकेत होगा कि संसद अब आमजन की आवाज नहीं, बल्कि सरकार का एजेंडा बनकर रह गई है, लेकिन यदि संसद इस परंपरा को तोड़ती है, तो यह लोकतंत्र के लिए एक नई उम्मीद की किरण होगी।

समाज और लोकतंत्र के सजग प्रहरी के नाते हमें इस सत्र पर पैनी दृष्टि रखनी होगी। यह जानना होगा कि संसद का यह मानसून सत्र मात्र औपचारिकता में बीतेगा या इतिहास रचेगा। क्या संसद की दीवारें फिर से जनहित की आवाजों से गूंजेंगी या वे सत्ता के आदेशों की गूंज बनकर रह जाएंगी? समय ही इसका उत्तर देगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विदेशी बाजार में तेजी से पकड़ बनाता प्रसार भारती

**दूरदर्शन के वेव्स ओटीटी की सीधी टक्कर ओटीटी के बेताज बादशाह नेटफ्लिक्स से है। नेटफ्लिक्स 200 से ज्यादा देशों में देखा जाता है। यह हर देश के लिए अलग-अलग भाषा में कंटेंट और डबिंग तैयार करता है। हाल ही में नेटफ्लिक्स पर 210 करोड़ की संजय लीला भंसाली की हीरा मंडी सिरीज 43 देशों में देखी गई और 10 ट्रेंडिंग लिस्ट में जगह बनाई। दूरदर्शन अब इसी स्तर की भव्यता के लिए मेगा कंटेंट्स पर काम कर रहा है। दूरदर्शन के लिए एक खास बात यह है कि उसके पास बजट की कमी नहीं है। इसके अलावा बना-बनाया इंफ्रास्ट्रक्चर है।**



**पवन सिंह**

प्रसार भारती ने भारत से बसे करोड़ों प्रवासी भारतियों के लिए कई ऐसे कार्यक्रम ला रहा है जो देश की तमाम परंपराओं, रीति-रिवाजों के अलावा जिदंगी की जद्दोजहद से उनको रू-ब-रू कराएंगे।

यह मानवीय स्वभाव होता है कि जब आदमी अपनी सरजमीं से दूर होता है तो वह भावनात्मक रूप से अपनी माटी के ज्यादा करीब होता है। वह उन पलों को पर्दे पर ही देखकर अपने अतीत और वर्तमान को उनसे जोड़ लेता है। प्रसार भारती वेव्स सहित अपने अन्य इंटरटेनमेंट चौनलों को अब इसी कंटेंट से भरने की तैयारी कर चुका है। प्रसार भारती अपने प्रसार का दायरा तेजी से बढ़ा रहा है, नए चेयरमैन, सीईओ व डीजी के आने से भविष्य में बड़े मेगा सीरियल्स दिखेंगे। विदेशों में भारतीयों की संख्या लगभग 3।54 करोड़ है, जिसमें अनिवासी भारतीय (एनआरआई) और भारतीय मूल के व्यक्ति (पीआईओ) शामिल हैं। यह संख्या दुनिया की सबसे बड़ी प्रवासी आबादी में से एक है। वेब्स ओटीटी ने अब




विदेशी ओटीटी प्लेटफार्मों को उनके ही घर में टक्कर देने की योजना बनाई है। भारतीय संस्कृति व परंपराएं, भारतीय परिवारों का सामाजिक ढांचा, पहनावा और खान-पान।

ये तमाम ऐसे विषय लंबे समय से विदेशी दर्शकों को आकर्षित करते रहे हैं, लेकिन तमाम इंटरटेनमेंट चैनलों ने विगत 20-25 सालों में इसी भारतीय समाज की कहानियों को जिस विद्रूपता के साथ परोसा, उसने बहुत नुकसान किया है। आधुनिकता को अपनाए हुए और टूटती पारिवारिक मान्यताओं की एकता कपूर स्टाइल इंटरटेनमेंट से हुए नुकसान की भरपाई करने को दूरदर्शन खुद को तैयार कर चुका है। पाकिस्तान में भारतीय इंटरटेनमेंट चैनलों का एक विशाल दर्शक समूह है लेकिन जब भारतीय परिवारों को हर क्षेत्र में मान्यताओं को धूलधूसरित करने और महिला पात्रों को यत्र-तत्र-सर्वत्र मुंह मारते हुए दिखाया जाने लगा तो इनके देखने का विरोध हुआ। परिणामस्वरूप भारतीय इंटरटेनमेंट चैनलों की लोकप्रियता का ग्राफ गिरा। दूरदर्शन इस बीच उसी तरह से खरामा-खरामा चलता रहा जैसे 84-85 के दशक में था। जहां निजी इंटरटेनमेंट चैनल्स ने भव्यता सेट लगाकर और बड़े स्टार कास्ट व बंपर पब्लिसिटी का सहारा लिया वहीं दूरदर्शन हल्के-फुल्के सेट लगाकर काम चलाता रहा। अचानक दूरदर्शन गहरी नींद से जागा और खुद को अपने ही एक चर्चित विज्ञापन ईसीई बल्ब के एक ब्लैक एंड व्हाइट विज्ञापन की तरह जागा। पूरे घर के बदल डालूंगा। शीर्ष स्तर पर बदलाव हुए और चेयरमैन, सीईओ और डीजी की तिकड़ी ने खोया हुआ जनाधार आक्रामक तरीके से हासिल करने के लिए कमर कसी। बड़ा बजट, मेगा सिरियल्स, बड़े डायरेक्टर्स, बड़े स्टार्स के साथ मनोरंजन की गला काट प्रतियोगिता में यह तिकड़ी कूद चुकी है। अब मीडिया सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर अपने प्रोजेक्ट्स की पब्लिसिटी का खाका तैयार है। दूरदर्शन के सूत्र बताते हैं कि दर्शकों ने साफ-सुथरे व मीनिंगफुल कंटेंट्स को फिर से देखना शुरू किया है। मेरा पुराना दर्शक वापस लौट रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हर दिन बढ़ती बेरोजगारी देश के लिए विकट समस्या

पिछले दिनों खबर छपी कि उत्तर प्रदेश में 2 हजार पदों के लिए 29 लाख आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह एक बार ऐसी भी खबर आई थी कि आईआईटी से पास हुए 38 फीसदी युवाओं को रोजगार नहीं मिला। अक्सर यह देखा जाता है कि जब भी कभी कोई सरकारी पद पर भर्ती खुलती है तो कुछ हजार पदों के लिए लाखों आवेदन आ जाते हैं। फिर वो पद छोटा हो या बड़ा, उस पद की योग्यता से अधिक योग्य आवेदक अपना आवेदन देते हैं। बात बिहार की हो उत्तर प्रदेश की या देश में किसी अन्य राज्य की, जब भी एक पद पर उम्मीद से ज्यादा आवेदन आते हैं तो स्थिति अनियंत्रित हो जाती है।

आज के दौर में अगर मेनस्ट्रीम मीडिया किन्ही कारणों से ऐसे सवालों को जनता तक नहीं पहुंचाता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि जनता तक वह सवाल पहुंच नहीं पाएंगे। सोशल मीडिया पर ऐसे सैकड़ों इंटरव्यू देखे जा सकते हैं जो बेरोजगारी की भयावय समस्या से जूझते युवाओं की हताशा दर्शाते हैं। जब यह युवा रोजगार की मांग लेकर सड़कों पर उतरते हैं तो इनके राज्यों की सरकारें पुलिस से इन पर डंडे बरसाती हैं। अगर युवाओं को सरकारी नौकरी मिलने की भी उम्मीद नहीं होगी तो हार कर उन्हें निजी क्षेत्र में जाना पड़ेगा और निजी क्षेत्र की मनमानी का सामना करना पड़ेगा। दिक्कत यह है कि निजी क्षेत्र में भी रोजगार की संभावनाएं बहुत तेजी से घटती जा रही हैं। इससे और हताशा फैल रही है। नौकरी नहीं मिलती तो युवाओं की शादी नहीं होती और उनकी उम्र बढ़ती जाती है। समाज



शास्त्रीय शोधकर्ताओं को इस विषय पर शोध करना चाहिए कि इन करोड़ों बेरोजगार युवाओं की इस हताशा का समाज पर क्या प्रभाव पड़ रहा है?

देश के आर्थिक और सामाजिक ढांचे को देखते हुए शहरों में अनौपचारिक रोजगार की मात्रा को क्रमशः घटा कर औपचारिक रोजगार के अवसर को बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। देश की सिकुड़ती हुई अर्थव्यवस्था के कारण बेरोजगारी खतरनाक स्तर पर पहुंच चुकी है। एक शोध के अनुसार भवन निर्माण क्षेत्र में 50 प्रतिशत, व्यापार, होटेल व अन्य सेवाओं में 47 प्रतिशत, औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में 39 प्रतिशत और खनन क्षेत्र में 23 प्रतिशत बेरोजगारी फैल चुकी है।

चिंता की बात यह है कि यह वो क्षेत्र हैं जो देश को सबसे ज्यादा रोजगार देते हैं। इसलिए उपरोक्त आंकड़ों का प्रभाव भयावह है। जिस तीव्र गति से यह क्षेत्र सिकुड़ रहे हैं उससे तो और भी तेजी से बेरोजगारी बढ़ने की स्थितियां पैदा हो रही हैं। दो वक्त की रोटी का भी जुगाड़ न कर पाने की हालत में लाखों मजदूर व अन्य लोग जिस तरह लॉकडाउन शुरू होते ही पैदल ही अपने गांवों की ओर चल पड़े उससे इस स्थिति की भयावयता का पता चलता है।

उल्लेखनीय है कि दक्षिण एशिया के देशों में अनौपचारिक रोजगार के मामले में भारत सबसे ऊपर है। जिसका मतलब हुआ कि हमारे देश में करोड़ों मजदूर कम मजदूरी पर, बेहद मुश्किल हालातों में काम करने पर मजबूर हैं, जहां इन्हें अपने बुनियादी हक भी प्राप्त नहीं हैं। इन्हें नौकरी देने वाले जब चाहे रखें, जब चाहें निकाल दें, क्योंकि इनका ट्रेड यूनीयनों में भी कोई प्रतिनिधित्व नहीं होता। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार भारत में 53.5 करोड़ मजदूरों में से 39.8 करोड़ मजदूर अत्यंत दयनीय अवस्था में काम करते हैं। जिनकी दैनिक आमदनी 200 रुपये से भी कम होती है। इसलिए मोदी सरकार के सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं। पहलीय शहरों में रोजगार के अवसर कैसे बढ़ाए जाएं, क्योंकि पिछले 7 वर्षों में बेरोजगारी का फीसदी लगातार बढ़ता गया है। दूसरा शहरी मजदूरों की आमदनी कैसे बढ़ाएं, जिससे उन्हें अमानवीय स्थित से बाहर निकाला जा सके।

इसके लिए तीन काम करने होंगे। भारत में शहरीकरण का विस्तार देखते हुए, शहरी रोजगार बढ़ाने के लिए स्थानीय सरकारों के साथ समन्वय करके नीतियां बनानी होंगी। इससे यह लाभ भी होगा कि शहरीकरण से जो बेतरतीब विकास और गंदी बस्तियों का सृजन होता है उसको रोका जा सकेगा। इसके लिए स्थानीय शासन को अधिक संसाधन देने होंगे। दूसरा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन वाली विकासात्मक नीतियां लागू करनी होंगी। तीसरा शहरी मूलभूत ढांचे पर ध्यान देना होगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था भी सुधरे। चौथा देखा यह गया है कि विकास के लिए आवंटित धन का लाभ शहरी मजदूरों तक कभी नहीं पहुंच पाता और ऊपर के लोगों में अटक कर रह जाता है। इसलिए नगर पालिकाओं में विकास के नाम पर खरीदी जा रही भारी मशीनों की जगह अगर मानव श्रम आधारित शहरीकरण को प्रोत्साहित किया जाएगा तो शहरों में रोजगार बढ़ेगा। पांचवां शहरी रोजगार योजनाओं को स्वास्थ्य और सफाई जैसे क्षेत्र में तेजी से विकास करके बढ़ाया जा सकता है, क्योंकि हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आज यह हालत नहीं है कि वो प्रवासी मजदूरों को रोजगार दे सके। अगर होती तो वे गांव छोड़ कर शहर नहीं गए होते।

मौजूदा हालात में यह सोचना कि पढ़े-लिखे युवाओं के लिए एक ऐसी योजना लानी पड़ेगी जिससे इनको भी रोजगार मिल जाए, पर ऐसा करने से करोड़ों बेरोजगारों का एक छोटा सा अंश ही संभल पाएगा। जबकि बेरोजगारों में ज्यादा तादाद उन नौजवानों की है जो आज देश में बड़ी-बड़ी डिग्रियां लेकर भी बेरोजगार हैं। उनका आक्रोश इतना बढ़ चुका है और सरकारी तंत्र द्वारा नौकरी के बजाए लाठियों ने आग में घी का काम किया है। कुछ वर्ष पहले सोशल मीडिया पर एक व्यापक अभियान चला कर देश के बेरोजगार नौजवानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को ही बेरोजगारी



**विनीत नारायण**

दिवस के रूप में मनाया था। उस समय इसी कॉलम में मैंने कहा था कि यह एक खतरनाक शुरुआत है जिसे केवल वायदों से नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में शिक्षित रोजगार उपलब्ध कराकर ही रोका जा सकता है। मोदी जी ने 2014 के अपने चुनावी अभियान के दौरान प्रतिवर्ष 2 करोड़ नए रोजगार सृजन का अपना वायदा अगर निभाया होता तो आज ए हालात पैदा न होते।

यहां यह उल्लेख करना भी जरूरी है कि कोई भी राजनैतिक दल जो अपने चुनावी अभियान में बेरोजगारी दूर करने का सपना दिखता है, वो सत्ता में आने के बाद अपना वायदा पूरा नहीं करता। इसलिए सभी राजनैतिक दलों को मिल बैठ कर इस भयावय समस्या के निदान के लिए एक नई आर्थिक नीति पर सहमत होना पड़ेगा। जिसके माध्यम से देश की सम्पदा, चंद हाथों तक सीमित होने के बजाय उसका विवेकपूर्ण बंटवारा हो। छोटे और मंझले उद्योगों के तेजी से बंद होने की मजबूरी को दूर करना होगा और इन उद्योगों को अविलंब पुनः स्थापित करने की दिशा में ठोस और प्रभावी कदम उठाने होंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इजरायल में युद्ध के खिलाफ फूटा गुस्सा, सड़कों पर उतरे हजारों

## गाजा में बंधकों की वापसी के लिए ट्रम्प से हस्तक्षेप करने की मांग

**तेल अवीव।** इजरायल व हमास के बीच गाजा में करीब डेढ़ साल से चल रहे युद्ध को रोकने की मांग उठ रही है। समझौते की मांग को लेकर इजरायल की जनता सड़कों पर उतर आई है। लोगों ने युद्ध विराम को लेकर समझौता करने की मांग की। लोगों ने कहा कि युद्ध समाप्त किया जाए और गाजा में बंद सभी 50 जीवित और मृत बंदियों को वापस लाया जा सके।

साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को समझौते कराने के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए। प्रदर्शनकारी हाथों में बैनर लिए हुए थे, जिस पर लिखा था कि ट्रम्प को बड़ा समझौता कराना चाहिए। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका लगातार प्रयास कर रहा है कि गाजा में संघर्ष को



**ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो यह संघर्ष और जटिल हो सकता है**

खत्म करने के लिए सभी संबंधित पक्षों को एक टेबल पर लाया जा सके। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो यह संघर्ष और जटिल हो सकता है और इसका असर पूरे पश्चिम एशिया पर पड़ेगा। अमेरिका यह भी सुनिश्चित करना चाहता है कि गाजा में मानवीय संकट न बढ़े। वहीं काउंसिल आन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशंस (सीएआईआर) ने गाजा में भुखमरी के बावजूद कार्रवाई न करने के लिए वैश्विक समुदाय की निंदा की है। सीएआईआर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने हमारी अपनी सरकार की मिलीभगत से बेंजामिन नेतन्याहू की अति-दक्षिणपंथी सरकार द्वारा फलस्तीनी नागरिकों के नरसंहार को न केवल सहन किया है, बल्कि उसे सामान्य बना दिया है। ये दुर्घटनाएं नहीं हैं। ये अमेरिकी करदाताओं द्वारा दिए गए अरबों डालर के हथियारों और सहायता से समर्थित क्रूरता और दंडमुक्ति की प्रणाली के परिणाम हैं। हम इजरायल के हमले के लिए अमेरिका के सभी समर्थन को समाप्त करने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं। चुप्पी नरसंहार में सहभागिता है और नरसंहार को सामान्य बनाना मानवता के साथ विश्वासघात है।

## ईरान और रूस में भूकंप के तेज झटके


**काहिरा/मॉस्को।** ईरान में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। जीएफजेड जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र ने बताया कि शनिवार को उत्तरी और मध्य ईरान में अंतर्राष्ट्रीय समय 21:37 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र 36.72 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 55.10 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10 किलोमीटर की गहराई पर निर्धारित था। केन्द्र ने बताया कि इसी समय पर उत्तर-पूर्वी ईरान के कुर्नाबाद गांव से 31 किलोमीटर पूर्व में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.4 मापी गई। भूकंप का केंद्र 36.84 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 54.94 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10 किलोमीटर की गहराई पर निर्धारित था। वहीं रूस के पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 142 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण- पूर्व में रविवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। अमेरिका के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि आज 06:28 बजे महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.0 आंकी गई।

# ऑपरेशन सिंदूर से हुई क्षति की मरम्मत में जुटा पाक

## सरकार ने मरम्मत के लिए 100 करोड़ दिए

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' छेड़ कर 7 मई की रात पाकिस्तान में आतंक की 9 फैक्ट्रियों को तबाह कर दिया था, लेकिन पाक ने इन ठिकानों की मरम्मत का ना-पाक काम फिर शुरू कर दिया। लगभग ढाई महीने बाद यहां मरम्मत कराई जा रही है।

लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों की ओर से संचालित मदरसों में छात्र लौट आए हैं। इन ठिकानों में हुई तबाही की मरम्मत के लिए पाकिस्तानी आर्मी और शहबाज सरकार ने सरकारी खजाना खोल दिया है। पहले 50 करोड़ रुपये का फंड जारी हुआ था सूत्रों के मुताबिक, अब इन 9 आतंकी ठिकानों के लिए लगभग 100 करोड़ रुपये का फंड रखा गया है। इस फंड को बढ़ाने के लिए पाक आर्मी



**इस्लामाबाद ने चीन की कंपनी से किया संपर्क**

चीफ आसिम मुनीर ने खुद पहल की। पता चला है कि मुनीर ने पाक आर्मी वेलफेयर और आर्मी हाउसिंग स्कीम से फंड को डायवर्ट करने के आदेश दिए हैं। ये राशि स्ट्राइक में मारे गए लोगों के परिवार वालों को दी जाने वाली सहायता राशि से अलग होगी। पाकिस्तान सरकार और आर्मी ने ऐसे 15 परिवारों को 10 करोड़ रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया हुआ है। पाक सरकार ने इन कंस्ट्रक्शन साइट पर काम के लिए चीन की गेझोउबा ग्रुप कंपनी से भी संपर्क किया है।

ये कंपनी पहले से पीओके में काम कर रही है। मुजफ्फराबाद, कोटली और भिंबर के कुछ स्थानों पर ये कंपनी मरम्मत का काम कर सकती है। पंजाब सूबे में भी काम के लिए चीन की कंपनी को तलाशा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार आर्मी चीफ आसिम मुनीर का झुकाव जैश के प्रति बढ़ रहा है। जैश के मुख्यालय बहावलपुर में सुभान अल्लाह मस्जिद की निगरानी रिपोर्ट सीधे उनके पास जाती है। जैश के सुप्रीमो मसूद अजहर को भी स्पेशल आईएसआई के सेफ हाउस में रखा गया है। पता चला है कि मसूद की लोकेशन हर पखवाड़े बदल दी जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### फलस्तीन राष्ट्रीय परिषद के चुनाव साल के अंत में

**रामअल्लाह।** फ़लस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने नई फलस्तीन राष्ट्रीय परिषद के चुनाव इस साल के अंत से पहले कराने के शनिवार को आदेश जारी कर दिए। फलस्तीन समाचार एजेंसी वाफा के अनुसार, यह फैसला फलस्तीन मुक्ति संगठन की कार्यकारी समिति ने गुरुवार को हुई बैठक में लिया। बैठक में तय किया गया कि साल 2025 के अंत से पहले चुनाव करा लिए जाएंगे। वाफा ने बताया कि चुनाव की तारीख कार्यकारी समिति के अध्यक्ष तय करेंगे। इस 350 सदस्ईय परिषद में दो-तिहाई सदस्य देश से चुने जाएंगे और शेष एक-तिहाई प्रवासी और विदेशों में रह रहे फलस्तीनी मूल के लोग होंगे।

### सूडान ने यूरोपीय संघ के नए प्रतिबंधों की निंदा की

**खार्तूम।** सूडान ने शनिवार को यूरोपीय संघ द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों की निंदा करते हुए कहा कि इनमें 'निष्पक्ष कानूनी मानकों' का अभाव है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सूडानी सशस्त्र बलों की 'गैरकानूनी विद्रोही सशस्त्र समूहों' के साथ तुलना करना संभव नहीं है। बयान में यूरोपीय संघ से सूडान की विशिष्ट राष्ट्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अधिक संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया गया। यूरोपीय संघ ने शुक्रवार को एसएएफ और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) से संबद्ध दो व्यक्तियों और दो संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंध लगाए जिनमें संपत्ति जब्त करना, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से धन या आर्थिक संसाधनों के प्रावधान पर प्रतिबंध और यात्रा प्रतिबंध शामिल हैं।

### वियतनाम में जहाज डूबने से 37 लोगों की मौत

**हनोई।** उत्तरी वियतनाम के हा लॉन्ग खाड़ी में शनिवार को एक यात्री जहाज के डूब जाने से 37 लोगों की मौत हो गई। वियतनाम समाचार एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि जहाज के मलबे को आज तड़के जांच के लिए किनारे पर लाया गया। दुर्घटना के समय जहाज पर 48 वियतनामी पर्यटक सवार थे। दस पर्यटकों को बचा लिया गया। सरकारी मीडिया के अनुसार जहाज में चालक दल के पांच सदस्य भी सवार थे। वियतनाम के उप-प्रधानमंत्री ट्रान होंग हा के निर्देश पर क्वांग निन्ह प्रांत के अधिकारियों ने बचाव अभियान में सहायता के लिए चार बड़े जहाज और मुख्य बचाव बल तैनात किए।

# मध्य गाजा को खाली करने का आदेश

## संघर्ष विराम पर वार्ता थमी, तो इजरायल ने हमले तेज किए, लोगों को मुवासी जाने की दी सलाह

**तेल अवीव।** इजरायली सेना ने मध्य गाजा को खाली करने का आदेश जारी कर दिया है। मध्य गाजा उन इलाकों में शामिल है, जहां इजरायल के सैनिकों ने ज्यादा कार्रवाई नहीं की है। इससे दीर अल बलाह और राफा और खाना यूनिस के बीच संपर्क टूट गया है।

वहीं संघर्ष विराम बातचीत कई महीनों से थमी है, ऐसे में इजरायल हमले तेज करने की तैयारी कर रहा है। इजरायल और हमास, कतर में युद्धविराम को लेकर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों का कहना है कि फिलहाल कोई सफलता नहीं मिली है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि गाजा में इजरायली सैन्य अभियानों से हमास पर बातचीत करने का दबाव पड़ेगा। हालांकि अभी तक ऐसा नहीं हो सका है। गाजा के जिस इलाके में निकासी का आदेश दिया गया है, वहां कई अंतर्राष्ट्रीय संगठन भी स्थित हैं जो लोगों को सहायता वितरित करने का प्रयास कर रहे हैं। संगठनों ने इजरायल की निकासी चेतावनियों पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। इजरायली सेना ने मध्य गाजा में रहने वाले लोगों को मुवासी क्षेत्र में जाने की अपील की है। मुवासी गाजा के दक्षिणी तट पर एक तंबू शिविर है, जिसे इजरायली सेना ने मानवीय शिविर घोषित किया है।

इजरायली सेना ने चेतावनी दी है कि वे आतंकवादियों पर हमले तेज करने वाले हैं। हमास ने 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायल में हमला किया, जिसने गाजा में युद्ध की शुरुआत की। हमास के हमले में इजरायल में 1200 लोग मारे गए थे और 251 अन्य को बंधक बना लिया गया था। अभी भी 50 लोग बंधक हैं, जिनमें से आधे से भी कम जीवित बचे हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इसके बाद हुए इजरायली सेना के हमले में 58000 से जयादा फलस्तीनी मारे गए हैं। मंत्रालय ने ये नहीं बताया कि मृतकों में कितने आतंकवादी हैं, लेकिन मृतकों में आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं।



### लेबनान में इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह नेता की मौत

**यरूशलम/बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में शनिवार को हुए इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह की योहमोर चौकी का प्रमुख अहमद मुहम्मद सलाह मारा गया। यह जानकारी इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने रविवार को दी। आईडीएफ ने एक बयान में कहा कि सलाह योहमोर क्षेत्र में हिजबुल्लाह की सैन्य अवसंरचना को फिर से स्थापित करने की कोशिशों में शामिल था। लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने इससे पहले कहा था कि नाबातीह जिले के योहमोर के शारबिक इलाके में एक मोटरसाइकिल पर हुए इजरायली ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

## हसीना को कभी माफ नहीं किया जा सकता: बीएनपी

**ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने रविवार को कहा कि अपदस्थ शेख हसीना को जुलाई के जन विद्रोह के दौरान हुई हत्याओं और क्रूरताओं के लिए कभी माफ नहीं किया जा सकता। उन्होंने 'जन विद्रोह 2024-सदाबहार स्मृतियां' नामक एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सुहसीना मानवता के लिए कलंक हैं, माताओं के लिए कलंक हैं। फख्रुल ने आंदोलन में अपने बेटे की मृत्यु के बारे में भावुक होकर बताया कि अपने बेटे के ज़रिए भविष्य का सपना देखा था। लेकिन उसे गोली मार दी गई, फिर दूसरों के साथ एक वैन में फेंक दिया गया। बाद में, शवों को आग लगा दी गई। ज़रा सोचिए कि हम एक आज़ाद देश के नागरिक हैं। यह कार्यक्रम बीएनपी संस्थापक ज़ियाउर रहमान की समाधि स्थल पर कार्यक्रम का आयोजित हुआ।

# बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी पार्टी ने किया शक्ति प्रदर्शन

**ढाका।** बांग्लादेश की इस्लामिक पार्टी जमात- ए-इस्लामी ने राजधानी ढाका में विशाल रैली कर अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया। इस रैली में लाखों समर्थक जुटे। माना जा रहा है कि यह प्रदर्शन अगले साल होने वाले आम चुनावों को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

जमाते इस्लामी ने पहले ही ऐलान कर दिया था कि वह 10 लाख लोगों को जुटाएगी। रात से ही हजारों समर्थक ढाका यूनिवर्सिटी कैंपस में डटे रहे। शनिवार सुबह वे ऐतिहासिक सुवर्रवर्दी उद्यान के लिए रवाना हुए। यह वही जगह है जहां 16 दिसम्बर 1971 को भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के सामने पाकिस्तानी सेना ने आत्मसमर्पण किया था। 66 वर्षीय पार्टी प्रमुख शफीकुर रहमान ने भाषण के दौरान दो बार बेहोश हो गए। उन्हें बाद में जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि 2024 का संघर्ष केवल

**राजधानी ढाका में शक्ति प्रदर्शन किया, देश की यूनुस सरकार से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की**

फासीवाद के खिलाफ नहीं है, अब भ्रष्टाचार के खिलाफ भी है। हम युवा शक्ति को एकजुट कर इस लड़ाई को जीतेंगे।

पार्टी ने अंतरिम यूनुस सरकार के सामने 7 प्रमुख मांगें रखीं हैं। रैली में शामिल 40 वर्षीय इकबाल हुसैन ने कह हम एक ऐसे नए बांग्लादेश के लिए यहां हैं, जहां शासन इस्लाम के सिद्धांतों पर आधारित हो, ईमानदार लोग सत्ता में हों और भ्रष्टाचार न हो। जरूरत पड़ी तो जान भी देंगे। 20 वर्षीय छात्र मो. हिदुल मोर्सलीन सय्यम ने कहा हम कुरान के रास्ते पर चलते हैं, इसलिए जमात के राज में किसी से भेदभाव नहीं होगा। सभी को अधिकार मिलेंगे। यह पहला मौका है जब 1971 के बाद जमाते इस्लामी को सुवर्रवर्दी उद्यान में रैली की इजाजत मिली।



उत्तर प्रदेश। प्रयागराज में मानसून के मौसम में उफनती गंगा नदी के कारण जलमग्न हुए आस-पास के इलाके।

# ट्रम्प प्रशासन स्पेसएक्स के साथ अनुबंध जारी रखेगा

## ट्रम्प प्रशासन ने अरबों डॉलर के समझौतों में संभावित नुकसान का आकलन करने के लिए अनुबंधों की समीक्षा शुरू की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अरबपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्पेसएक्स के साथ सरकारी अनुबंधों का मूल्यांकन करने के बाद ट्रम्प प्रशासन इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि उनमें से अधिकांश को बनाए रखना आवश्यक है क्योंकि वे पेंटागन और नासा के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने रविवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी।

वॉल स्ट्रीट जर्नल के सूत्रों के अनुसार, जून की शुरुआत में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यह घोषणा की थी कि वह कुछ दिनों बाद एलन मस्क के साथ मौजूदा सरकारी अनुबंधों का पुनर्मूल्यांकन करेंगे। इसी के मद्देनजर ट्रम्प प्रशासन ने अरबों डॉलर के समझौतों में संभावित नुकसान का आकलन करने के लिए अनुबंधों की समीक्षा शुरू की। स्पेसएक्स की अध्यक्ष ग्वेने शॉटवेल ने स्पेसएक्स अनुबंधों के मूल्यांकन के दौरान व्हाइट हाउस के अधिकारियों से मुलाकात की। समाचारपत्र के एक सूत्र ने कहा कि स्पेसएक्स के कुछ अनुबंधों की आगे जांच की जा सकती है। समाचारपत्र ने कहा कि अनुबंधों का मूल्यांकन स्पेसएक्स का



**समाचारपत्र के एक सूत्र ने कहा: स्पेसएक्स के कुछ अनुबंधों की आगे जांच की जा सकती है**

एक प्रमुख रॉकेट निर्माता के रूप में और विश्व के मुख्य उपग्रह इंटरनेट संचार प्रदाता की स्थिति को उजागर करता है। जून में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और अरबपति मस्क के बीच सार्वजनिक विवाद शुरू होने के बाद व्हाइट हाउस ने रक्षा विभाग और नासा को स्पेसएक्स के साथ बड़े अनुबंधों पर विस्तृत जानकारी एकत्रित करने का निर्देश दिया था। ट्रम्प द्वारा स्पेसएक्स के साथ अनुबंध समाप्त करने की धमकी के बाद एलन मस्क ने कहा था कि वह ड्रैगन अंतरिक्ष यान उड़ाना बंद कर सकते हैं। इससे अंतरिक्ष एजेंसी यात्रियों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजने और वापस लाने की क्षमता खो सकती थी। एलन मस्क बाद में अपनी धमकी पर पीछे हट गए लेकिन उनकी घोषणा ने नासा अधिकारियों में चिंताए उत्पन्न कर दी जिन्होंने स्पेसएक्स पर अपने अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित रखने का भरोसा किया था और पेंटागन अपने महत्वपूर्ण उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के लिए उनकी कंपनी पर अधिक निर्भर है।

# सऊदी अरब के राजकुमार का निधन

**दोहा।** सऊदी अरब के राजकुमार अल-वलीद बिन खालिद बिन तलाल (36) का शनिवार को निधन हो गया। बीस वर्ष पहले लंदन में एक भीषण कार दुर्घटना के बाद वह कोमा में चले गए थे। शाही कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी। राजकुमार को सऊदी अरब में 'सोता हुआ राजकुमार' कहा जाता था। समय-समय पर ऐसी अफवाहें उड़ती रहीं कि वह ठीक हो रहे हैं, लेकिन कभी इसकी पुष्टि नहीं हुई। कार्यालय ने एक बयान में कहा कि 'राजकुमार के अंतिम संस्कार के लिए आज रियाद स्थित इमाम तुर्की बिन अब्दुल्ला ग्रैंड मस्जिद में प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी। राजकुमार के पिता खालिद बिन तलाल ने एक्स पर निधन की जानकारी दी। उन्होंने एक भावुक पोस्ट में कहा कि अल्लाह की मर्जी और नियति में विश्वास रखते हुए गहरे दुख के साथ हम अपने बेटे के निधन की सूचना दे रहे हैं, अल्लाह उन पर रहम करे। वह अस्पताल में अपने बेटे से मिलने के बाद नियमित रूप से सोशल नेटवर्क पर कई तस्वीरें पोस्ट करते थे।


देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)



ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट